राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 18 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 109, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

टैरिफ विवादः सीनेटरों ने दालों पर 30% टैक्स हटाने की मांग...03

पक्षियों के मौलिक अधिकार पर विभिन्न विभागों का निशाना उनके मौलिक अधिकार पर डाल रहे डाका..12

## माघ मेले प्रयागराज मेंपुलिस नेशंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को स्नान करने से रोका

**● साधु की पिटा पालकी खींचकरले गए।शंकराचार्य बिना स्नान के लौटे।**

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज मेंमाघ मेला26के मौनी अमावस्या के अवसर परआज उस समय बवाल हो गयाजबशंकराचार्य स्वामी अभी मुक्तेश्वर आनंद संगम में स्नान करने के लिएअपने रथ और पालकी पर सवार होकरजा रहे थे । पुलिस प्रशासन नेसंगम तट पर भीड़ अधिक होने के कारणरोक दिया। उनसे अनुरोध कियाकि यहां से वह पैदल हीउतरकर जा करके स्नान करेंक्योंकि पालकी आगे जाने परभगदड़ हो सकती है।और अव्यवस्था उत्पन्न हो सकती है।

शंकराचार्य जी का कहना है कि नहींवे तो एक शंकराचार्यका जो प्रोटोकॉल हैउसी के अनुसारसंगम तकपालकी से जाएंगेजिसमें पुलिस ने उनसे उनको मना किया इस पर उनके समर्थकोंने जबरदस्ती पालकी लेकरचलने लगेपुलिस ने उन्हें रोकाना चाहा लेकिन न मानने पर पुलिस नेहल्का बल प्रयोग कियाऔर उनके समर्थकों कोगिरफ्तार करकेपुलिस चौकी में ले गए। इस परस्वामी जी भड़क गएआरोप है कि उनके एक समर्थक साधु को चौकी ले जाकर पिटाई कियाउसकी चुटिया पकड़ कर केमारा पीटाऔर संतों के साथ गुंडागर्दी की।







स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद नेकहा कि उनके सारे लोगों को छोडा जाए वरना वह यहां से नहीं जाएंगे। इस पर पुलिस प्रशासन नेस्वामी समर्थकों को हिरासत में ले लियाऔर उनके रथ कोपुलिस बल के द्वाराखींचकर उनके पंडाल तकले गईऔर वहां उन्होंने छोड़ दिया। स्वामी जी इसके विरोध मेंअपने पंडाल मेंआम रण अनशन पर बैठ गएऔर घोषणा कीकि जब तकस सम्मान प्रशासन के लोगप्रोटोकॉल के अनुसार उनको संगम में स्नाननहीं कारयेगे तब तक वह अनसन करते रहेंगे ।

यह भी आरोप लगाया है कि पिछले महाकुंभ में हुई भगदड़ में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थीजिस परउन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया था जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुएप्रशासन को निर्दोष देने की कोशिश की थी इसका बदलालेने के लिए ही उन्होंने आजउनके समर्थकों के साथयह दुर्व्यवहार कियाऔर भीड़ का हवाला देते हुएउनको स्नान करने से वंचित कर दिया। इसका परिणामप्रयागराज में जुटे श्रद्धालु भविष्य मेंअवश्य देंगे। उनके पंडाल में हजारों साधु संतों का जमावडा लगा हुआ हैऔर मामला तनावपूर्ण है।

दूसरी ओर जिलाधिकारीमनीष कुमार का कहना है किस्वामी शंकराचार्यअभी मुक्तेश्वर आनंद जी नेकोई प्रशासन से अनुरोध नहीं लिया थाजबकि यह पहले हीसूचित कर दिया गया था किमाघ मेले मेंकोईसाधु संत या ड्क्ढ्क्क प्रोटोकॉल नहीं लागू होगा।और वहआम जनता की सुविधा के अनुसारस्वयं भी अनुशासन रखते हुएस्नान करेंगे।लेकिन शंकराचार्य नेबिना इजाजत केपालकी लेकर के चलेऔर अनेक रुकावटों का उल्लंघन करते हुएसंगम के पास तक पहुंच गएवहां अत्यधिक भीड़ होने के कारणप्रशासन ने उनको वहीं रुकने कानिवेदन कियाऔर पैदल जाकर स्नान करने की बात कीजिस पर वह नहीं मानेऔर अड़े रहेउसके बाद। उनको शिविर में वापस किया गया।

और पुलिस या प्रशासन पर आरोप लग रहा हैइन सभी बातों की जांच कराई जाएगीयही बातमंडला आयुक्तसौम्या अग्रवालतथा पुलिस आयुक्त प्रयागराजने भी अपने बयान मेंकहा हैशंकराचार्य केद्वारा स्नान किए बिना लौटनाऔर उनके समर्थको के साथ मारपीट करने की घटना से प्रयागराज औरआसपास के लोगों मेंकाफी चिंता देखी जा रही है।यहलोगों का कहना है कि उनके साथ जानबूझकर केऐसा बर्ताव किया गया है।

## करूर भगदड़ केसः एक्टर विजय से सीबीआई कल फिर करेगी पूछताछ, हादसे में 41 लोगों की हुई थी मौत

**● तमिलनाडु में हुई भगदड़ के मामले में सीबीआई एक्टर विजय से कल दोबारा पूछताछ करेगी. इस घटना में 41 लोगों की जान गई थी. टीवीके पार्टी ने डीएमके सरकार और पुलिस को खराब भीड़ प्रबंधन और अपर्याप्त तैनाती के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जबकि विजय ने आरोपों को नकारते हुए इसे साजिश बताया है**

तमिलनाडु वेत्री कल्याण (टीवीके) पार्टी के नेता और एक्टर विजय से सीबीआई सोमवार को फिर से पूछताछ करेगी. इस भगदड़ में करीब 41 लोगों की जान चली गई थी. एक्टर विजय को तलब करने का नोटिस पहले ही जारी कर दिया गया था. इससे पहले एक्टर विजय 12 जनवरी को दिल्ली में सीबीआई अधिकारियों के सामने पेश हुए थे और उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ हुई थी. पूछताछ के अगले दिन वह चेन्नई लौट गए थे। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने सेंसर बोर्ड में अपनी फिल्म की रिलीज की फॉर्मैलिटीज और सुप्रीम कोर्ट केस से जुड़ी कार्यवाही का हवाला देते हुए समय मांगा था।

सूत्रों का कहना है कि अपनी पिछली पेशी के दौरान एक्टर विजय ने सवालों के जवाब ज्यादातर 'हां या ना' में दिए थे. साथ ही उन्होंने पिछले साल 27 सितंबर को हुई भगदड़ के लिए सीधे तौर पर तमिलनाडु पुलिस और डीएमके सरकार को जिम्मेदार ठहराया था।



### एक्टर विजय ने डीएमके सरकार पर लगाए आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि खराब भीड़ मैनेजमेंट, पुलिस की कमी और पब्लिक रैली के लिए छोटी जगह देने की वजह से यह हादसा हुआ. टीवीके ने पुलिस और डीएमके सरकार के खिलाफ अपने आरोपों को साबित करने के लिए सबूत जमा किए हैं। मीडिया से बात करते हुए टीवीके के महासचिव सीटीआर निर्मल कुमार, जो विजय के पहले दिल्ली पेशी के दौरान उनके साथ थे, ने कहा कि पार्टी ने पोंगल त्योहार से जुड़े प्रोग्राम और पॉलिटिकल मीटिंग के साथ-साथ विजय की फिल्म जन नायकन की रिलीज से जुड़ी चर्चाओं के कारण अलग-अलग तारीखों पर समय मांगा था, जो इस हफ्ते रिलीज होने वाली है। टीवीके ने सीबीआई को दिए अपने बयान में आरोप लगाया है कि डीएमके सरकार और पुलिस की तरफ से हुई चूक की वजह से भगदड़ मची. पार्टी ने ऑफिशियल बयानों में विरोधाभासों को भी हाईलाइट किया है।

### पुलिस और सरकार के बयान में विरोधाभास

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य विधानसभा को बताया कि आयोजन स्थल पर 607 से ज्यादा पुलिस वाले तैनात थे, जबकि डीजीपी (आर्म्ड पुलिस) डेविडसन देवसिरवथम ने यह संख्या 500 बताई थी, जिससे यह सवाल उठने लगे कि कौन सा आंकड़ा सही है?

टीवीके सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने सीबीआई को पुलिस की अपर्याप्त तैनाती और रोडब्लॉक हटाने में नाकामी के बारे में बताया, जिससे आयोजन स्थल तक पहुंचने में देरी हुई और ट्रैफिक जाम हो गया।

अपनी पिछली पेशी के दौरान, एक्टर विजय से घटनाओं का क्रम बताने और फॉलो-अप सवालों के अलावा 35 सवालों के जवाब देने के लिए कहा गया था।

उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया और कहा कि ये उन्हें और उनकी पार्टी को टारगेट करने की साजिश है. उनसे पब्लिक मीटिंग के दौरान भीड़ की डेंसिटी, उम्मीद के मुताबिक लोगों के आने और पुलिस लाठीचार्ज के बारे में भी सवाल किए गए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आफताब बने भारतीय एकता सदभावना मिशन के अजमेर शहर अध्यक्ष



**लखनऊः-** भारतीय एकता सदभावना मिशन के लखनऊ स्थित कार्यालय पर नवनियुक्त शहर अध्यक्ष के रूप में अजमेर शरीफ से आए युवा आफताब ने पदभार संभाल लिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नोमान मसूद ने आफताब को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। पदभार ग्रहण करते हुए आफताब ने नोमान मसूद समेत सभी पदाधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद दिया। अपनी बात में उन्होंने खुशी जताते हुए कहा, 'शहर अध्यक्षता मिलने पर मैं पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए सद्भावना के प्रति मजबूती के साथ काम करता रहूंगा। ' यह नियुक्ति संगठन की स्थानीय स्तर पर एकता और सद्भावना को मजबूत करने की दिशा में एक नया कदम है। लखनऊ से मोहम्मद शहाबुद्दीन की रिपोर्ट।

### भैंस चराने को लेकर हुआ विवाद

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के लवायन कला गांव में भैंस चराने को लेकर हुए विवाद के बाद एक परिवार पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की,और गाली-गलौज तोड़फोड़ की। इस हमले में एक युवती के सिर में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।भुक्तभोगी इमरान खान ने बताया कि उनके पिता दुल्लन खान और गांव के सत्तार खान के बीच भैंस चराने को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले की सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र थाने में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था, जिसके बाद वे अपने-अपने घर लौट गए थे। इमरान के अनुसार,उसी दिन शाम तकरीबन 6 बजे सत्तार खान,उनके बेटे शहबाज खान और उनकी बेटियां शमा,शानिया व शबा लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। उन्होंने घर के सदस्यों के साथ मारपीट की, अभद्र गालियां दीं और घर में रखा सामान तोड़फोड़ दिया। इस हमले में इमरान की भतीजी नाज के सिर पर गंभीर चोटें आई। इमरान के चिल्लाने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई , जिससे इमरान और उनकी भतीजी की जान बच सकी। हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## लंबित वेतन और भत्तों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने लंबित मानदेय और विभिन्न भत्तों के भुगतान की मांग को लेकर विरोध का रुख अपनाया है। रविवार को एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के बैनर तले पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र भुगतान न होने की स्थिति में प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में संगठन की ओर से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024द्25 का प्रतिबद्ध भुगतान अब तक लंबित है, जिसमें प्रोत्साहन राशि, यात्रा भत्ता, संचार भत्ता तथा चिकित्सा अवकाश की धनराशि शामिल है। इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025द्26 के अंतर्गत दिसंबर माह का मानदेय, वेलनेस गतिविधियों और जन आरोग्य समिति से संबंधित भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में भारी असंतोष व्याप्त है। संगठन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन समय पर मानदेय और भत्तों का भुगतान न होने से उन्हें मानसिक तनाव और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही बकाया भुगतान की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कार्य बहिष्कार के साथ प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष नरेंद्र नागर के साथ उपाध्यक्ष शिवम यादव, महामंत्री रमा पटेरिया, शिवानी ताम्रकार, शालिनी, आराम सिंह, हिमांशु, संजय सिंह, संदीप, सागर और गोविंद शर्मा सहित अनेक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## सदर विधायक कप की जीत के लिये छह क्रिकेट टीमो ने किया प्रतिभाग,तीन टीमें जीती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के पुत्र श्रीकांत द्वारा युवाओं में छिपी खेल कूद की प्रतिभा को एक मंच देने के लिये पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सदर विधायक कप 2026 की द्वितीय सीरीज के दूसरे दिन तुवन मंदिर परिसर में छह क्रिकेट टीमों के बीच कड़ा मैंच देखने को मिला। सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू हुये क्रिकेट मैंच का समापन शाम पांच बजे हुआ। इस कड़े मुकावले में विरौरा क्रिकेट क्लब, बुंदेला क्रिकेट क्लब नयाखेडा व स्वपनील क्रिकेट टीम ने जीत हासिल की है। तीनों क्रिकेट टीमों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली तीन टीमों के खिलाड़ी अजय राजा, अमरजित व राहुल पांडिया मैनऑफ दा मैंद व नगर राशि देकर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया है।





रविवार को तुवन परिसर में आयोजित हो रहे सदर विधायक कप को जीतने के लिये विरौरा क्रिकेट क्लब,आरसीसी रामनगर क्रिकेट क्लब,बुंदेला क्रिकेट क्लब नयाखेड़ा, तुवन क्रिकेट क्लब,स्वपनील क्रिकेट क्लब, जय मॉ पीताम्बरा क्रिकेट क्लब खिरिया ने प्रतिभाग किया गया। पहला मैंच विरौरा व आरसीसी रामनगर के बीच खेला गया। पहली पारी में बल्लेवाजी करते हुये विरौरा टीम ने 12 ओवर में 5 रन से जीत हासिल की है। तो वही दूसरा मैंच बुंदेला क्रिकेट क्लब व तुवन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। बल्लेवाजी की शुरूबात करते हुये बुंदेला टीम में खेलते हुये 12 ओवर खेलते हुये 18 रन से जीत दर्ज करायी है। तो वही तीसरे पाली में स्वपनील क्रिकेट क्लब व जय मॉ पीताम्बरा क्रिकेट क्लब के बीच कड़ा मुकावला होने के उपरांत छह विकेट से स्वपनील ने जीत दर्ज करायी है। रविवार को हुये क्रिकेट मैंच में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पुत्र श्रीकांत मौजूद रहे। तीन क्रिकेट टीमों को विजय दिलाने वाले विरौरा टीम के अजय राजा, बुंदेला क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अमरजित व स्वपनील क्रिकेट टीम के खिलाड़ी राहुल पांडिया को विधायक पुत्र श्रीकांत द्वारा मैनऑफ दा मैंच व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया है। तो वही उनके सहयोगी के रूप में तालबेहट के विजय सिंह परिहार,शैलेन्द्र सिंह सेरवास, जीतू राजा प्रधान,सन्मती सरार्फ लायस्य क्लब, संजीव जैन, रविन्द्र अलया, पंकज रैकवार, अमित रजक, सौरभ नायक, रिक्की कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, दीपेश राय, दीपक मिश्रा व धर्मेन्द्र परमार मौजूद रहे।

## प्रशासन की लापरवाही केचलते मुख्यमंत्री आदेश का उड रहा मखौल

**● जब साहब ही देगे अभयदान तो कैसे होगा उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन,**

**लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा पैमाइश कर तहसीलदार को सौपी गई रिपोर्ट मे आधा दर्जन लोगो का पाया गया अवैध कब्जा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील गोला गोकर्णनाथ के परगना कुकुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत जटपुरा का है।जहा पर गोला गोकर्णनाथ तहसील प्रशासन की सह पर सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जा कर उस पर आलीशान मकान और दुकान बना लिये जाने का मामला प्रकाश मे आया था।दबग लोगो और ग्राम प्रधान तथा तहसील प्रशासन से मिल रहे संरक्षण केचलते दबंगो ने बच्चो के खेलमेदान की आरक्षित जमीन कोभी नही छोडा, उस पर भी अवैध कब्जा करके पक्के मकान और दुकान बना डाली और जिम्मेदार लोग फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए अवैध कब्जा धारको पक्का निर्माण करने की खुली छूट देते रहे।लेखपाल भूपेंद्र बर्मा और प्रधान ने मामले को रोकने की जरूरत नही समझी देखते देखते पर खेलमेदान और प्राइमरी पाठयक्रम की आरक्षित जमीन पर अवैध अतिक्रमण होगया। उक्त मामले कीजब दिनांक 05/01/2026 को जब आनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई तोमामले की जांच और पैमाइश के आदेश दिए गए।।लेखपाल शैलेन्द्र वर्मा और कानून गो ने पैमाईश की तो लगभग आधा दर्जन लोगो के अनाधिकृत तरीके से पक्के मकान बने पाये गये।

लेखपाल ने बताया उसने अपनी रिपोर्ट तहसीलदार गोला को सौप दी है।आगे की कार्रवाई तहसीलदार केस्तर से होना है। आज रिपोर्ट मिलने के एक हफ्ते बाद भी तहसीलदार भीमचंद के कान पर जूं न रेंगना उनकी निष्ठा और कार्यशैली पर संदेह पैदा करता है।सूत्र बताते है कि साहब सरकार के आदेशो का अनुपालन कराने की बजाय अवैध कब्जा धारको की अप्रत्यक्ष रूप से पैरवी करने मे लगे देखे जा सकते है।बताया जाता है साहब सेटिंग गेटिंग के फेर मे फाइल को अपने पास रख कर मामले को मैनेज करने मे लगे है।

### आखिर किसकी सह पर खेलमेदान पर बनाये गये मकान और दुकान

आम आदमी जानना चाह रहा है कि आखिर खेलमेदान की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य करवाने का असली मास्टर मा इंड कौन?क्या प्रशासन ने भू-माफियाओ के आगे घुटने टेक दिये है।ऐसी क्या मजबूरी है जो खेलमेदान पर बनाये गए मकान और दुकान को नही हटवाया जा रहा है। क्या योगी सरकार खेलमेदान का बजूद मिटाये जाने कातमाशा देखती रहेगी? आखिर कब जागेगा कुंभकर्णी नींद मे सोया सिस्टम, क्या साहब के यह लाडले दबंगो को कानून से ऊपर रहने और खेलमेदान सहित सरकारी जमीनो पर अवैध अतिक्रमण करने की खुली छूट मिली हूयी है,जिनके खिलाफ कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे है तहसीलदार गोला गोकर्णनाथ।आज रिपोर्ट मिले एक हफ्ता हो गया है लेकिन विपक्षी गणो पर कार्रवाई तो दूर नोटिस तक जारी नही की गई है।

## नहीं हुआ समस्या का समाधान, मोहल्ले के रास्ते पर भरा गंदा बदबूदार पानी,नारकीय जीवन जीने को गाँव वासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां(सीतापुर)।** लगभग छः माह से लगातार मुहल्ले में मुख्य रास्ते पर भयंकर बदबूदार बरसात का गंदा पानी भरा होने से महामारी फैलने की आशंका प्रबल हो गयी है। आसपास की नालियों से निकला गंदा पानी इसी रास्ते पर भरा रहता है। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। बरसात में तो यह रास्ता सरोवर बन जाता है। घरों से निकली नालियों के पानी की निकास ?न होने से यह समस्या हर साल इन मोहल्ले वालों के लिये अभिशाप बनी हुई है। कोई सुनने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान से लेकर मुख्यमंत्री तक कई बार अर्जी लगाने के बाद भी आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बताते चलें कि बिसवां विकास खण्ड के जहांगीराबाद कस्बे में एक रास्ता सीतापुर - बहराइच मुख्य मार्ग से पोस्ट आफिस व श्याम श्री हास्पिटल के बीच होता हुआ अनुसूचित जाति के लोगों के मुहल्ले तक गया हुआ है जिसकी लम्बाई लगभग 400 मीटर होगी। इस मार्ग पर इन्टरलाकिंग खड़ञ्जा लगा हुआ है।यह मार्ग सड़क लेबल से बहुत नीचा है। इस मार्ग के दोनों किनारों पर दर्जनों लोगों के मकान, दुकान, डिस्पेंसरी व मदरसे, प्लाईवुड तथा दरी उद्योग के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के अलावा मस्जिद भी स्थित हैं। इसी रास्ते से मिला हुआ एक बड़ा सा तालाब जो टैम्पो स्टैंड के सामने है कूड़ा करकट से पूरी तरह पट गया है। इसी में आसपास की नालियों का पानी इकट्ठा होता था। पूरी तरह तालाब पट जाने तथा काफी भाग अतिक्रमित हो जाने से अब पानी रास्ते पर भरा हुआ है। बहुत पहले सड़क के किनारे ह्यूमन पाइपों के माध्यम से जो पानी की निकास थी उसे सड़क किनारे मकान और दुकान बनाने वाले लोगों द्वारा बिना ह्यूमपाइप डाले ही मिट्टी पटाई कर चबूतरे बना दिये गये जिससे इस तालाब के पानी की निकास बंद हो गई। यह समस्या अब आम हो गई है। थोड़ी ही बारिश में पूरा रास्ता तालाब में बदल जाता है।अगर ज्यादा तेज बारिश होती है तो बरसात का गंदा पानी पोस्ट आफिस सहित घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और क्लीनिक में भर जाता है। रास्ते पर सालों साल गंदा पानी भरा रहता है।इस मुहल्ले में रहने वालों को इसी गंदे पानी में होकर आना जाना मजबूरी बना हुआ है। इन दिनों अस्पताल में मरीजों को ले जाने के लिए तीमारदारों को इसी गंदे पानी में होकर निकलना पड़ता है।



अगर नमाज पढ़ने जाना होता है तो काफी परेशानी उठानी पड़ती है। लगभग छः महीनों से रास्ते पर गंदा बदबूदार पानी भरा होने से मच्छरों की भरमार हो गई है। नलों का पानी दूषित हो गया है। सांस लेने के लिए हवा भी बहुत गंदी और बदबूदार हो गई है।

अगर जल्द ही इस समस्या का कोई ठोस उपाय नहीं किया गया तो किसी भी समय पूरे मोहल्ले में भयंकर महामारी फैल सकती है इसमें कोई संदेह नहीं है। समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक व शायर डा0 वकील अहमद खान (अजहर खैराबादी) ने बताया कि मैंने ग्राम प्रधान से लेकर,बीडीओ, एसडीएम,डीएम व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से इस सम्बन्ध में गुहार लगा चुके हैं लेकिन अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से तुरन्त जांच कराकर ?इस समस्या का स्थाई समाधान कराये जाने की मांग की है। इस बारे में जब भी ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से कहा जाता है तो सही कराने का सिर्फ कोरा आश्वासन देते हैं लेकिन कार्य नहीं कराते।

## संक्षिप्त खबरें

### हुसैनपुर में कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज का आयोजन



**विकसित भारत-जी राम जी योजना पर हुआ संवाद**

**शुकुल बाजार अमेठी।** हुसैनपुर ग्राम सभा में प्रधान के नेतृत्व में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम एवं मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने केंद्र सरकार की विकसित भारत-जी राम जी योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य रहे, क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में समरसता और सेवा भाव को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। आयोजन में महेश दूबे संतोष पांडे, प्रधान रविन्द्र सिंह,स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1487 मरीजों को मिला उपचार




**बलरामपुर ।** जनपद बलरामपुर में रविवार को सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का सफल आयोजन किया गया। इन मेलों में कुल 1487 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विवरण के अनुसार, लाभार्थियों में 656 पुरुष, 675 महिलाएं और 156 बच्चे शामिल रहे। मेलों में आए मरीजों का पंजीकरण कर सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र एवं दंत रोगों की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। दवा वितरण काउंटर के माध्यम से निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसई में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया।

### गरीबी को पीछे छोड़ बना सफलता की मिसाल



**धर्मेंद्र कुमार का एसएससी जीडी में चयन**

**बलरामपुर, हरैया सतधरवा।** कड़ी मेहनत, सच्ची लगन और मजबूत इरादों के बल पर हरैया सतधरवा क्षेत्र के धर्मेंद्र कुमार ने एसएससी जीडी परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अत्यंत गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले धर्मेंद्र की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद धर्मेंद्र कुमार ने कभी अपने सपनों को कमजोर नहीं पड़ने दिया। दिन-रात की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ की गई तैयारी का परिणाम आज उनके चयन के रूप में सामने आया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अपनी सफलता पर धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि 'सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।' उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार के सहयोग और मित्रों के मार्गदर्शन को दिया। धर्मेंद्र की इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, मजबूत हौसले और निरंतर प्रयास से सफलता निश्चित रूप से प्राप्त की जा सकती है।

# मां के निधन के बाद बंटवारे को लेकर विवाद, कमरे का ताला तोड़कर जेवरात ले जाने का आरोप

●-शांति भंग में हो चुका है अरोपियो का चालान फिर भी नगर पुलिस जानबूझकर बन रही मामले में अनजान

-परिजनों पर घर में घुसकर 14-15 लाख रुपये के जेवर उठाने के आरोप, पुलिस कार्रवाई न होने से नाराज़गी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना नगर क्षेत्र के करहली खुर्द निवासी राजकुमार पुत्र स्वर्गीय परदेशी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर परिजनों द्वारा उनके मृतक माता के कमरे का ताला तोड़कर उनकी मां के स्त्रीधन से संबंधित कीमती जेवरात उठा लिये जाने के प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में पीड़ित ने कहा कि उनकी माता ललई देवी का निधन 21 दिसंबर 2025 को इलाज के दौरान कैली अस्पताल में हो गया था। मां के अंतिम संस्कार के बाद सभी पांचो भाइयों के बीच यह सहमति बनी थी कि क्रिया-कर्म के उपरांत मां के स्त्रीधन और सामान का आपसी सहमति से बराबर बंटवारा किया जाएगा। कहा है कि 4 जनवरी 2026 की रात लगभग साढ़े सात बजे बंटवारे को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। इसी दौरान सुरेश कुमार, उनकी पत्नी पूजा देवी, भूपेश कुमार एवं उनकी पत्नी मनीषा द्वारा कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट की गई। घटना की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को थाने ले जाया गया। अगले दिन पुलिस द्वारा शांति भंग की धाराओं में चालान किया गया। पीड़ित का कहना है कि जमानत पर छूटने के बाद भी बंटवारा नहीं हुआ और उनकी मां के कमरे पर ताला लगा रहा। 11 जनवरी 2026 को जब वह दिन में बस्ती गया था और शाम करीब तीन बजे लौटकर आया, तो देखा कि मां के कमरे का ताला टूटा हुआ था। आरोप है कि कमरे में रखा सारा सामान निकाल लिया गया और बृजेश कुमार द्वारा उसे अपने घर में रख लिया गया। पीड़ित के अनुसार उनकी मां के स्त्रीधन की अनुमानित कीमत लगभग 14 से 15 लाख रुपये है। पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना 12 जनवरी 2026 को थाना नगर पुलिस को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार में नाराजगी बनी हुई है। फिलहाल मामला जांचो के अधीन है। इस संबंध में जब थाना प्रभारी नगर से बात की गई तो उन्होंने बताया की प्रकरण की जानकारी हमें नहीं है लेकिन यहां पर यह बात नगर पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिह्न खड़ा कर रहा है कि जब नगर पुलिस मामले में आरोपियों की शांति भंग में कार्रवाई कर चुकी है तो फिर मीडिया के सवालों पर घटना से नगर पुलिस अनभिज्ञता क्यों जाहिर कर रही है ।

# बीएलओ और सुपरवाइजरो की कार्यशाला 19 जनवरी को

**ललितपुर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 226-ललितपुर विधान सभा क्षेत्र ने अवगत कराना है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा नामावली का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 का अभियान चल रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर बी. एल.ओ. एवं सपुरवाईजर को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु एक एक बृहद कार्यशाला का आयोजन दिनांक 19.01. 2026 (दिन सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे स्थान मा0 कल्याण सिंह सभागार रामनगर, ललितपुर में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यशाला में तहसील ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत-226 ललितपुर व 227 महरौनी विधानसभा के समस्त बी.एल.ओ. एवं सुपरवाईजर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# बाबा रघुनाथ दास की कुटी पर लगा विशाल भव्य मेला

● भक्ति और सांस्कृतिक रंग में रंगा पाली क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** ग्राम सभा पाली में गोमती नदी के तट पर स्थित पूरे सुचित तिवारी के पुरवा में बाबा रघुनाथ दास की कुटी पर प्रधान पाली के सौजन्य से विशाल एवं भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आस्था, परंपरा और लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए।मेले के सफल आयोजन में प्रधान प्रतिनिधि कुंवर अविनाश प्रताप सिंह की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों का उत्कृष्ट सेवा-सत्कार कर आयोजन को अनुकरणीय बनाया। मेले में आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में दुकानदार पहुंचे, जिससे क्षेत्र में रौनक और उत्साह का माहौल रहा।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिनकी भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भजन-कीर्तन ने पूरे मेले को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। वहां के प्रमुख पुजारी द्वारा बताया गया कि यह स्थान बड़ा ही सिद्ध स्थान है अमेठी और अयोध्या दोनों जनपद के श्रद्धालु यहां बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं यहां पर मांगी गई सभी मन्नते मुरादे पूरी होती है।इस अवसर पर भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पत्रकार सफीर अहमद सहित समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूती प्रदान की।मेले के समापन पर आयोजकों ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक सवारों ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल

●डॉ. प्रेम त्रिपाठी व विजय यादव बने देवदूत, समय पर पहुंचाया अस्पताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना कलवारी क्षेत्र अंतर्गत लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर स्थित बेईली तिराहे के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक सवारों ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में घायल का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की तत्परता और समाजसेवियों की मानवीय पहल से घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बच सकीप्राप्त जानकारी के अनुसार बुद्धि सागर पुत्र राम सागर (उम्र लगभग 45 वर्ष), निवासी बबुरहिया, थाना कलवारी, सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुद्धि सागर सड़क पर गिर पड़े और उनका दाहिना पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मदद के लिए आगे आए।

सूचना मिलते ही राम-जानकी मार्ग के देवदूत के रूप में पहचाने जाने वाले डॉ. प्रेम त्रिपाठी एवं विजय यादव मौके पर पहुंचे और मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कलवारी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना में अन्य घायल व्यक्तियों के नाम इस प्रकार बताए गए हैं– (1) राघवराम पुत्र राम धन, उम्र 50 वर्ष, निवासी परसौडा, थाना हरैया, (2) महंथ पुत्र राम, उम्र 39 वर्ष, निवासी प्यारे कचूरे, थाना कलवारी। सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार और यातायात नियंत्रण की कमी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बेईली तिराहा पहले भी कई हादसों का गवाह रहा है, लेकिन अब तक प्रभावी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बेईली तिराहे पर स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, स्ट्रीट लाइट और नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। समय पर मदद पहुंचाने वाले डॉ. प्रेम त्रिपाठी और विजय यादव की क्षेत्र में सराहना हो रही है, जिन्होंने मानवता का परिचय देते हुए घायल की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

# ब्यूटी पार्लर संचालिका से शारीरिक शोषण और वीडियो वायरल करने की धमकी, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र में एक ब्यूटी पार्लर संचालिका के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि एक युवक उसके ब्यूटी पार्लर पर अक्सर आता-जाता था। इसी दौरान बातचीत बढ़ी और दोनों के बीच नजदीकियां हो गईं। युवक ने प्रेम का इजहार करते हुए उससे शादी करने का वादा किया। इसी भरोसे में पीड़िता ने उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। महिला का आरोप है कि इस दौरान युवक ने चोरी-छिपे उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। पीड़िता के अनुसार नवंबर माह में शादी को लेकर बातचीत हुई थी, लेकिन तय समय पर जब उसने विवाह के बारे में पूछा तो आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, युवक नें जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर पीड़िता को अपमानित भी किया। महिला का कहना है कि जब उसने युवक से उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देनी शुरू कर दी।

घटना से मानसिक रूप से आहत पीड़िता ने अंत में नगर थाने पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में पीड़िता की सुरक्षा और गोपनीयता को प्राथमिकता दी जा रही है तथा आरोपी के खिलाफ ठोस साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# महाराजगंज तराई में फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों का खेल जारी

● सील अस्पताल के सामने ही खुला नया 'राहत हॉस्पिटल'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महाराजगंज तराई।** क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बावजूद अवैध अस्पतालों का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों के अनुसार कुछ समय पूर्व रानी मेमोरियल अस्पताल को फर्जी व अवैध डिग्रियों के आधार पर संचालित किए जाने के आरोप में स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया था। कार्रवाई के दौरान यह स्पष्ट हुआ था कि अस्पताल संचालक आवश्यक मान्यता, पंजीकरण और योग्य चिकित्सकों से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि उसी रानी मेमोरियल अस्पताल के ठीक सामने अब 'राहत हॉस्पिटल' के नाम से नया अस्पताल खोलकर वही लोग पुनः इलाज का धंधा शुरू कर बैठे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि केवल नाम बदला गया है, जबकि संचालक, स्टाफ और कार्यप्रणाली पहले जैसी ही है। इससे यह संदेह और गहराता जा रहा है कि कहीं यह सब विभागीय लापरवाही या मिलीभगत का नतीजा तो नहीं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के गरीब और अनपढ़ मरीजों को बहला-फुसलाकर इलाज किया जा रहा है। बिना योग्य डॉक्टर, बिना आधुनिक सुविधाएं और बिना वैध अनुमति के मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कई मामलों में गलत इलाज और मनमाने शुल्क वसूली की शिकायतें भी सामने आई हैं, लेकिन भय या जानकारी के अभाव में पीड़ित खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं। मामले को लेकर जब अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत संज्ञान में आई है। यदि बिना मान्यता और अवैध रूप से अस्पताल संचालित किया जा रहा है तो उसकी जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अब बड़ा सवाल यह है कि पहले सील हो चुके अस्पताल से जुड़े लोग खुलेआम नया अस्पताल कैसे चला रहे हैं? क्या स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रहेगी या वास्तव में जिम्मेदारों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे–इस पर जनता की नजर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट एवं परमार्थ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण का हुआ कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** स्वामी परमहंस आश्रम, अमेयमाफी की पावन धरती पर आज मानवता, करुणा और निःस्वार्थ सेवा भाव का प्रेरणादायक संगम देखने को मिला। सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट एवं परमार्थ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को सेवा, सम्मान और आत्मीयता प्रदान की गई।इस पुनीत सेवा आयोजन में मुख्य अतिथि श्री प्रकाश जी (विभाग प्रचारक) एवं पवन जी (जिला प्रचारक) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का नेतृत्व सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट की अध्यक्ष रानी शाम्भवी सिंह एवं पूर्व विधायक महारानी गरिमा सिंह के सुपुत्र राजकुमार अनंत विक्रम सिंह ने किया। इन चारों की उपस्थिति ने आयोजन को सामाजिक, वैचारिक एवं मानवीय दृष्टि से विशेष ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बहुरानी शाम्भवी सिंह ने कहा कि सेवा किसी पद या पहचान की मोहताज नहीं होती, यह वह संस्कार है जो इंसान को इंसान से जोड़ता है। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान नहीं आती, तब तक हमारा दायित्व समाप्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट का संकल्प है कि पीड़ा, अभाव और असहायता के विरुद्ध सेवा की यह मशाल निरंतर जलती रहे। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों से सेवा को जीवन का स्थायी संकल्प बनाने का आह्वान किया।वहीं युवराज अनंत विक्रम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा सेवा, त्याग और समर्पण में निहित है। खिचड़ी भोज और कंबल वितरण जैसे आयोजन केवल राहत पहुंचाने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज में अपनत्व, सम्मान और समरसता का भाव जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर जरूरतमंद के साथ खड़ा होता है, तभी सच्चे अर्थों में राष्ट्र और मानवता सशक्त बनती है।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अमेठी त्रियुगी नारायण शुक्ल एवं भेटुवा मंडल अध्यक्ष निमिषा त्रिपाठी की विशिष्ट उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य अम्बिका पांडे ,त्रिजुगी नारायण शुक्ला,शेष नाथ सिंह,शैलेंद्र सिंह,मनोज सिंह,अखिलेश शुक्ला, हौसिला यादव,रामकेवल कोरी जी,अमित शुक्ला आदि नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।मुख्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में सेवा को सामाजिक चेतना का आधार बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। ठंड से ठिठुरते जरूरतमंदों को कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज के माध्यम से न केवल शारीरिक राहत मिली, बल्कि उन्हें अपनत्व, सम्मान और मानवीय संवेदना का अनुभव भी हुआ।आयोजकों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं, कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी सेवा कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# महात्मा श्रवण कुमार की निर्वाण स्थली पर श्रवण धाम महोत्सव का भव्य शुभारंभ

●धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ महोत्सव का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता








**अम्बेडकरनगर।** जनपद अंबेडकरनगर के विकास खंड कटहरी में स्थित महात्मा श्रवण कुमार की निर्वाण स्थली पर माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से आयोजित तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव-2026 का आज भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन पूर्वाह्न में हवन-पूजन एवं विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु, जॉइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, अपर उप जिलाधिकारी अरविंद शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

हवन-पूजन के उपरांत मुख्य मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। स्थानीय कलाकारों सत्यम गौड़, सौरभ शुक्ला, सचिन गिरी आदि ने भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं उपमा पाण्डेय, महिंद्रा देवी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत मनमोहक लोकनृत्यों ने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को पारंपरिक एवं लोक रंगों से सराबोर कर दिया।

**महिला सशक्तिकरण, जनकल्याणकारी योजनाएं और पर्यटन को बढ़ावा**

महोत्सव के प्रथम दिवस पर महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विशेष फोकस किया गया। महिला गोष्ठी के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रभावी मंचन किया गया। एनआरएलएम लाभार्थियों द्वारा 'अपनी कहानी-अपनी जुबानी' कार्यक्रम के माध्यम से अनुभव साझा किए गए। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं पुलिस टीम द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। साथ ही कुपोषण से मुक्ति विषयक नाट्य प्रस्तुति, आईसीडीएस योजनाओं का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर व्याख्यान आयोजित किए गए। श्रवण धाम महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए हैं। सूचना विभाग द्वारा स्थापित सरकार एवं जनपद की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी महोत्सव का प्रमुख आकर्षण केंद्र बनी हुई है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक महोत्सव में सहभागिता कर रहे हैं। बच्चों के मनोरंजन हेतु आकर्षक झूलों की व्यवस्था की गई है। यह तीन दिवसीय महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना के संगम के रूप में न केवल जनमानस में उत्साह का संचार कर रहा है, बल्कि ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा देते हुए श्रवण क्षेत्र के तीव्र विकास को प्रदर्शित कर रहा है।

# बलरामपुर ASP ने पॉक्सो, महिला अपराधों की समीक्षा की: विवेचकों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बलरामपुर में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विशाल पाण्डेय ने जिले में पॉक्सो एक्ट और महिला संबंधी लंबित मामलों की गहन समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसमें सभी थाना क्षेत्रों के विवेचक शामिल हुए।बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला अपराधों की प्रभावी रोकथाम और सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना था।गोष्ठी के दौरान विवेचकों को महिला एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों के प्रभावी निराकरण के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। इनमें जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों का सख्ती से पालन, और साइबर अपराधों की रोकथाम पर विशेष ध्यान देना शामिल है।इसके अतिरिक्त, डिजिटल साक्ष्यों का सुदृढ़ संकलन और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।विवेचकों को पीड़ित-केंद्रित न्याय प्रणाली को प्राथमिकता देते हुए त्वरित, निष्पक्ष और संवेदनशील न्याय सुनिश्चित करने तथा नए आपराधिक कानूनों की स्पष्ट एवं व्यावहारिक समझ रखने को कहा गया। इस समीक्षा अभियान का लक्ष्य पॉक्सो एक्ट और महिला संबंधी अपराधों की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना है। साथ ही, नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराना भी इसका उद्देश्य है, ताकि समाज में नए कानूनों के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हो सके।

# जगदीश सिंह स्व. सीपी सिंह मेमोरियल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभपहला मैच दुर्गेश इलेवन ने जीता

**गोंडा।** जगदीश सिंह स्वर्गीय सीपी सिंह मेमोरियल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अदम गोंडवी मैदान में किया गया। उद्घाटन अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन उजमा राशिद, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, मो. जकी, अमरीश दत्त सिंह, बार पदाधिकारी विजय प्रकाश त्रिपाठी, भानु प्रताप सिंह, प्रधान अमित सिंह, अखंड सिंह, राम बुझारत, अनिल सिंह एवं जगन्नाथ शुक्ल उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 30 हजार रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। पहले दिन खेले गए मुकाबले में दुर्गेश इलेवन ने पथवलिया पैंथर को 38 रनों से हराकर जीत दर्ज की। आयोजन में अमित कुमार सिंह, मयंक सिंह, दुर्गेश सिंह, सतीश सिंह, अगम सिंह, हर्ष सिंह एवं प्रणव सिंह की भूमिका रही। मैच में सूरज पांडे को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# मुंह पर ईंट मारकर महिला को किया घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रामनगर में रहने वाले महेंद्र सिंह पुत्र तोरन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 जनवरी की शाम करीब 5.30 बजे वह मोहल्ला चौकाबाग में खड़ा था, तभी आरएमबी के पीछे रहने वाले उदय अपने एक अज्ञात साथी के साथ आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके मुंह पर गुम्मा उठाकर मार दिया, जिससे उसके मुंह में काफी चोट लग गयी और दांत हिलने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 115 (2), 351 (3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# संक्षिप्त खबरें

## हाईवे किनारे पंचर दुकान से पुराने टायर चोरी, बेधड़क चोर

**लालगंज (रायबरेली)।** बांदा-बहराइच हाईवे पर सेमरपहा गांव के पास शनिवार रात अज्ञात चोरों ने सड़क किनारे रखे पुराने टायर चोरी कर लिए। घटना से दुकानदार को भारी नुकसान हुआ है। कस्बा निवासी मो. शकील ने बताया कि सेमरपहा गांव के निकट हाईवे किनारे उनकी पंचर बनाने की दुकान है। दुकान के बगल में रखे पुराने टायरों की कीमत करीब 37 हजार रुपये थी। शनिवार रात अज्ञात चोर सभी टायर उठा ले गए। रविवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई। आसपास पूछताछ करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए तहरीर सौंपी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गंगापुर में 26 जनवरी को होगी दौड़ प्रतियोगिता, विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार

**लालगंज (रायबरेली):** डलमऊ तहसील क्षेत्र के गंगापुर गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी (सोमवार) को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में क्षेत्र के सभी बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधान प्रतिनिधि रामदास ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को लेकर गांव व आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति 'भावना ने किया नव वर्ष मिलन समारोह



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भावना के सदस्यों की प्रेरणा तथा अशोक कुमार मल्होत्रा जी के प्रयासों से तथा अपोलो अस्पताल के सौजन्य से भावना की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 12 जनवरी 2026 दिन सोमवार को अपोलो सुपरस्पेशलिटी अस्पताल एल.डी. ए. कालोनी कानपुर रोड लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक में अपोलो सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के हृदय रोगी विशेषज्ञ एवं यूरोलॉजी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बहुमूल्य जानकारी एवं सावधानियों से अवगत कराया गया तथा लंच के उपरान्त बैठक कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। पुनः अवगत कराया जा रहा है कि नववर्ष स्वागतोत्सव का आयोजन दिनांक 18.01.2025 दिन रविवार को पूर्व निर्धारित हाइडिल आफीसर्स क्लब में ही किया गया। कार्यक्रम निर्धारित समय अनुसार 11.00 से 12.00 तक - बृहद् जलपान 12.00 से 14.30 तक -सदस्यों द्वारा नववर्ष के सम्बन्ध में स्वस्थ मनोरंजन चला इसके बाद 14.30 बजे लंच के बाद कार्यक्रम की समाप्ति हुई। भावना की प्रबन्ध कारिणी के सभी निर्वाचित, मनोनीत, स्थाई सदस्यों, स्थाई आमंत्रितों, संरक्षक सदस्यों, विशिष्ट सदस्यों, संस्थागत सदस्यों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा दिनांक 12.01.2026 तक भावना के नये बने सदस्यों को सपत्नीक हुए। इं. जग मोहन लाल जायसवाल महासचिव प्रशासन, पी0के0 चौरसिय, एस0के0 वर्मा आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक का किया गया आयोजन



**बिसवां (सीतापुर)** स्थानीय हरिगोविंद वर्मा मेमोरियल हॉल में हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की जिला इकाई की घोषणा की गई, जिसमें शिवांशु पांडे (रोहित) को जिला संयोजक, सह संयोजक के रूप में सौरभ जोशी व कौशलेंद्र श्रीवास्तव सुधांशु मिश्रा, विभव अवस्थी, विशाल मौर्या, टीनू सिंह राजपूत एवं श्याम जी शेखावत को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग शुक्ला (प्रांत संयोजक) एवं असीम विक्रम सिंह (प्रांतीय टोली सदस्य प्रभारी) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर विजय बहादुर (अवध जागरण न्यास अध्यक्ष), राहुल तिवारी (प्रांत टोली सदस्य) एवं लवकुश मिश्रा (लखीमपुर खीरी कार्यालय प्रभारी) ने सहभागिता कर संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक जागरूकता और हिंदू समाज की एकता पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने नवगठित टीम को दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# टैरिफ विवादः सीनेटरों ने दालों पर 30% टैक्स हटाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापारिक तनाव के बीच एक नया कूटनीतिक संकेत सामने आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के जवाब में भारत ने अमेरिका से आयात होने वाली दालों और फलियों पर 30 प्रतिशत शुल्क लगाया था। अब इसी मुद्दे पर अमेरिकी सीनेटरों ने राष्ट्रपति ट्रंप को चिट्ठी लिखकर भारत से दालों पर लगाया गया 30 प्रतिशत टैक्स हटवाने की मांग की है। सीनेटरों ने अपने पत्र में कहा है कि भारत द्वारा दालों और फलियों पर लगाए गए ऊंचे शुल्क से अमेरिकी किसानों और निर्यातकों को नुकसान हो रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील पर बातचीत चल रही है और ऐसे समय में टैरिफ विवाद को कम करना जरूरी है, ताकि द्विपक्षीय व्यापार संबंध मजबूत हो सकें।

**ट्रेड डील की राह में टैरिफ सबसे बड़ी बाधा**

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से सीमित व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है। अमेरिकी सीनेटरों का मानना है कि यदि भारत दालों पर 30 प्रतिशत टैक्स हटाता है, तो इससे वार्ता को सकारात्मक गति मिलेगी और अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

**भारत का सख्त लेकिन संतुलित रुख**

भारतीय वाणिज्य मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि भारत मुक्त और निष्पक्ष व्यापार का पक्षधर है, लेकिन एकतरफा टैरिफ के जरिए दबाव स्वीकार नहीं किया जा सकता। अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद ही भारत को जवाबी कदम उठाना पड़ा।

**अमेरिकी किसानों की चिंता**

अमेरिका से भारत में चना, मटर और अन्य दालों का बड़ा आयात होता है। 30 प्रतिशत शुल्क लगने के बाद इन उत्पादों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे अमेरिकी किसान संगठनों में चिंता बढ़ी है। इसी दबाव के चलते अमेरिकी सीनेटरों ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की है।

**आगे की राह**

व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि सीनेटरों की यह चिट्ठी दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को प्रभावित कर सकती है। यदि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर टैरिफ में नरमी दिखाता है, तो भारत भी दालों पर लगाए गए शुल्क पर पुनर्विचार कर सकता है। फिलहाल नजर इस बात पर टिकी है कि क्या यह पहल टैरिफ टकराव को कम करने में सफल होगी या फिर भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव और गहराएगा।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 65 मरीजों का हुआ उपचार



**डलमऊ रायबरेली-** कटघर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ मेला लगा। इसमें बुखार,सर्दी जुकाम, शुगर, उच्च रक्तचाप,मलेरिया, पैथालॉजी में जांच की गई।निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया।चिकित्साधिकारी डा.रूपाली शुक्ला ने बताया कि मेले में कुल 65 मरीजों का पंजीकरण किया गया जिसमें 22पुरुष , 32 महिलाओं एवं 11बच्चों का पंजीकरण हुआ।स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग से संबंधित सेवाएं जैसे मातृ- शिशु कल्याण, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी व गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना व उनका प्रचार-प्रसार करना है। हर रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए। इस दौरान फार्मासिस्ट रविन्द्र, लैब टेक्नीशियन अनुपम यादव,एएनएम बीनू चौधरी,स्टाफ नर्स प्रियंका वर्मा, एसएलए संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## ओबरा तापीय परियोजना के विस्तारीकरण में उजड़ रहे संविदा कर्मी, नगर पंचायत कर्मी एवं गरीब जनमानस द्वारा निकाली गई शांतिपूर्ण जनसंपर्क यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/सोनभद्र-** ओबरा तापीय परियोजना के विस्तारीकरण के तहत परिसर क्षेत्र में 35 से 40 वर्षों से निवास कर रहे गरीब जन मानस को बेघर करने हेतु पुनः चल रही प्रक्रिया में गरीब जनता द्वारा जन-जन संपर्क यात्रा निकाली गयी। जिसमें परियोजना क्षेत्र में निवास कर रहे संविदा सफाई कर्मी, नगर पंचायत कर्मी एवं झुग्गी झोपड़ी में निवास कर रही गरीब जनता थी। इस यात्रा के दौरान जनमानस का कहना रहा की हम यहां लगभग 35 से 40 वर्षों से निवास कर रहे हैं एवं इस विस्तारीकरण प्रक्रिया में विस्थापित हम सभी को लगभग 2 वर्ष पूर्व सभी जनता को लिखित आश्वासन भी दिया गया की सरकार की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या अन्य आवास योजना के तहत स्थाई बसाया भी जाएगा परंतु सरकार की मनसा को ताक पर रखकर पुनः हमें उजाड़ने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है।

जबकि हमारी दो-तीन पीढ़ियां यहां पर निरंतर किसी ने किसी माध्यम से परियोजना से जुड़कर न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी पर रहकर झुग्गी झोपड़ी लगाकर परियोजना एवं परियोजना से जुड़े लोगों की निरंतर सेवा करते रहे तथा आज स्थिति यह है कि हम सभी की मजदूरी भी न्यूनतम से भी कम है जिससे हम अपने परिवार का भरण पोषण, बच्चों की शिक्षा भी किसी तरह कर पा रहे हैं और अब स्थिति यह आ गई है कि बेघर होने पर परिवार एवं बच्चों समेत हम जनमानस सड़क के किनारे रहने को मजबूर होंगे गरीब जनमानस का कहना है कि अब जल्द ही गरीब जनता एकत्रित होकर जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष अपनी पीड़ा रखेगी।

# सहदेमऊ में कवि सम्मेलन में गूंजी देशभक्ति,प्रेम और सामाजिक समरसता की आवाज

**● कवियों की ओजस्वी रचनाओं पर देर तक बजती रहीं तालियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** विकास क्षेत्र सरेनी के सहदेमऊ गांव में रविवार को आयोजित कवि सम्मेलन ने ग्रामीण अंचल को साहित्य,संस्कृति और राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम का आयोजन आशीष मिश्रा एडवोकेट द्वारा देव नारायण शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया।शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश दुबे (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री,भारत सरकार) ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।कवि सम्मेलन की शुरुआत सुनील सरगम ने ओजस्वी पंक्तियों मातृभूमि के लिए, है सर्वस्व वारा, धन्य हुआ जिनसे मेरा वीर बैसवारा से की,जिस पर श्रोताओं ने तालियों से स्वागत किया। इसके बाद शिवतोष संघर्षी ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत पंक्तियां वीरों का अभिमान तिरंगा जिंदाबाद,भारत की पहचान तिरंगा जिंदाबाद पढ़कर माहौल को देशभक्ति से भर दिया।वाणी पुत्र वाई.पी. सिंह ने अपनी रचना में मानवीय मूल्यों का संदेश देते हुए पढ़ा –परहित में रहते लगे जिनके दोनों हाथ,करता उन पर ही दया सदा त्रिलोकीनाथ।डॉ. विनय भदौरिया की ओजपूर्ण पंक्तियां पूरा जग परिवार हमारा सबकी खातिर प्यार लिखें,यौवन के अभिनंदन में भी मर्यादित श्रृंगार लिखें, लेकिन कोई आंख दिखाए अपनी भारत माता को, रक्त उबलने लगे देश का शब्दों में अंगार लिखे सुनकर श्रोता रोमांचित हो उठे और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।कमलेश शुक्ला ने राधा-कृष्ण प्रेम की भावनात्मक प्रस्तुति देते हुए पढ़ा–राधा ने प्रीत करी हरि सो,खुद प्रीति को धन्य बना गई राधा।कर्म को मर्म बता,कुछ गीता को ज्ञान करा गई राधा। उनकी प्रस्तुति पर श्रोताओं ने खूब वाहवाही की। डॉ. शैलेश प्रताप सिंह ने सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हुए कहा–नफरतों के इन अंधेरों को मिटाया जाये,चराग दिल में मोहब्बत का जलाया जाये। इस रचना ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन वाणी पुत्र वाई.पी. सिंह ने किया,जबकि आभार आशीष मिश्रा ज्ञानू एवं मनीष मिश्रा एडवोकेट ने व्यक्त किया।वहीं आयोजक आशीष व मनीष ने कहा कि गांव में साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखना हमारा उद्देश्य है। कवियों और श्रोताओं का उत्साह इस आयोजन की सफलता है।दिनेश दुबे (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) ने कहा कि कविता समाज को जागरूक करती है।ऐसे आयोजनों से राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता मजबूत होती है।राम प्रताप सिंह ने कहा कि कवियों की रचनाओं ने आज के समय में संस्कार और देशभक्ति का संदेश दिया,यह आयोजन सराहनीय है। वहीं कांग्रेस जिला प्रवक्ता सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतने प्रभावशाली कवि सम्मेलन का आयोजन प्रेरणादायक है,इससे नई पीढ़ी साहित्य से जुड़ेगी।

अनूप बाजपेई (पूर्व चेयरमैन,लालगंज) ने कहा कि ऐसे आयोजन गांवों की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देते हैं और समाज को नई दिशा देते हैं।निखिल पांडेय (जिलाध्यक्ष भाजयुमो) ने कहा कि युवाओं को साहित्य और राष्ट्रवाद से जोड़ने का यह प्रभावी मंच है, जिसे निरंतर जारी रखना चाहिए।इससे पूर्व आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अमल पटेल, डॉ. शुभम सिंह एवं डॉ. अनुज कुमार कुशवाहा ने ग्रामीणों की जांच कर परामर्श दिया व निशुल्क दवाइयां दीं।उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम प्रभु शंकर बाजपेई वरिष्ठ समाजसेवी एवं महावीर प्रसाद तिवारी समाजसेवी के सम्मान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार प्रभात सिंह त्रिलोकचंदी, आदर्श तिवारी, धीरज द्विवेदी, विमल पांडेय, अंशू अग्निहोत्री, निर्भय सिंह, अनुराग पांडेय, नितिन त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# चयनित अवर अभियंताओं की मांगों पर ऊर्जा प्रबंधन की चुप्पी से आक्रोश, विद्युत मजदूर संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी

**● ......एसीपी लाभ और नई ज्येष्ठता सूची जारी न होने से नाराज़ संगठन, मुख्य अभियंता (हाइडिल) पर वादाखिलाफी का आरोप।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** रविवार को राजधानी लखनऊ में विद्युत मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के संस्थापक आर.एस. राय एवं अध्यक्ष विमल चंद्र पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चयनित अवर अभियंताओं की लंबित मांगों पर गहरी नाराजगी जताई। संगठन ने बताया कि अवर अभियंताओं की समस्याओं को लेकर शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन से लगातार कई बार पत्राचार किया गया, जिसके बाद अपर मुख्य सचिव एवं प्रदेश के समस्त ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल के हस्तक्षेप से मुख्य अभियंता (हाइडिल) द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को संगठन के साथ वार्ता आहूत की गई थी। परंतु खेदजनक तथ्य यह है कि अब तक न तो उक्त वार्ता का कार्यवृत्त जारी किया गया और न ही मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई की गई है, जिससे प्रदेश भर के चयनित अवर अभियंताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

संगठन के संस्थापक आर.एस. राय ने कहा कि चयनित अवर अभियंताओं को अवर अभियंता पद से आगमन बिंदु मानते हुए वर्ष 2024 में नौ वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण होने पर प्रथम वित्तीय स्तरोन्नयन/एसीपी का लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन यह लाभ अब तक नहीं दिया गया। साथ ही, चयनित अवर अभियंताओं की नई ज्येष्ठता सूची विद्युत सेवा आयोग द्वारा प्रदत्त अंकों के आधार पर तैयार की जानी थी, जो अभी तक जारी न होना ऊर्जा प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मुख्य अभियंता (हाइडिल) एवं ऊर्जा प्रबंधन की होगी। वहीं संगठन के अध्यक्ष विमल चंद्र पांडेय ने भी कहा कि चयनित अवर अभियंताओं के साथ हो रहा यह विलंब अन्यायपूर्ण है और संगठन अपने सदस्यों के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा।

## सुरक्षा जवानों ने ग्राम सुरक्षा समिति के साथ किया बैठक



**सिद्धार्थनगर।** पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने रविवार को भारत-नेपाल सीमा के कोटिया बाज़ार में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की। जिसमें साइबर फ्राड एवं बचाव के सम्बन्ध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। किसी भी संदिग्ध लेन-देन अथवा साइबर धोखाधड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिये कहा। थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह ने पुलिस चौकी कोटिया बाजार परिसर में आयोजित ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक में साइबर फ्रॉड, विशेषकर एईपीएस (आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम) से सम्बन्धित धोखाधड़ी के मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों एवं सतर्कता अपनाने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिये कहा। किसी भी संदिग्ध लेन-देन अथवा साइबर धोखाधड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिये कहा।

# सिघौर तारा में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल, पूरे लोहारन ने मारी बाज़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के सिघौर तारा गांव में रविवार को आयोजित स्वर्गीय रघुनाथ प्रसाद यादव स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पूरे उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मैच पूरे लोहारन और रमईपुर टीम के बीच खेला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा नेता मनीष देव पाल एवं विशिष्ट अतिथि हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी रहे। मुख्य अतिथि मनीष देव पाल ने फाइनल मैच से पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शरद इलेवन पूरे लोहारन ने जीत दर्ज की। विजेता टीम को 11,000 नकद एवं साइकिल पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई, जबकि उपविजेता रमईपुर टीम को 5,100 नकद पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर मनीष देव पाल ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं तथा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को लेकर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं विधायक राहुल लोधी ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को बढ़ावा देने की बात कही विजेता टीम और उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर उसका हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक तनाव दूर होते हैं सभी को खेलों पर जागरूकता फैलाना चाहिए। कार्यक्रम में शैलेंद्र यादव प्रधान, कमलेश प्रधान, शिवकुमार, ललित पाल, सर्वेश चंद्र, रामचंद्र, मयंक, सुमित यादव, राजू निषाद, अशोक, अरुण कुमार, गोवर्धन पाल, बीरबल पासवान, फूल विलास, शिवनाथ गौतम, सुनील यादव, लवेंद्र यादव, शिवनारायण, बद्री साहू, अतुल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# महराजगंज ब्लॉक में कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम तेज जिहवा व अतरेहटा ग्राम में चौपाल आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज/रायबरेली।** कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें उनका हक दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम 'अभियान के तहत आज महराजगंज ब्लॉक के जिहवा एवं अतरेहटा ग्राम में विशाल चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूरों, ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखने को मिली। चौपाल की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर बछरावां विधानसभा प्रभारी मो. इलियास, ब्लॉक/नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, महासचिव रामसरन शुक्ल, मंडल अध्यक्ष उमेश गुप्ता, हनुमान जायसवाल, राम उदित चौरसिया, शिवकुमार, राजू सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चौपाल को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार में मनरेगा मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जिससे ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और मजदूरों की आवाज को गांव से लेकर सांसद तक मजबूती से उठाती रहेगी। नेताओं ने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगातार मजदूरों, किसानों और गरीबों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का प्रयास किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी मनरेगा मजदूरों को उनका पूरा अधिकार, सम्मान और समय पर मजदूरी दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिस पर कांग्रेस नेताओं ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन मुद्दों को संबंधित अधिकारियों और उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में मजदूरों ने एकजुट होकर मनरेगा बचाओ संग्राम को और तेज करने का संकल्प लिया।

## चतुर्भुज मंदिर में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव द्वारा पूजन अर्चन कर समरसता भोज का किया गया आयोजन



**बिसवां (सीतापुर)** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर स्थानीय चतुर्भुज मंदिर में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव ने विधिवत पूजन-अर्चन कर समरसता भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों का अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन और स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जाति-पात से ऊपर उठकर राष्ट्र सेवा करना ही हम सबका प्रमुख धर्म होना चाहिए। कार्यक्रम में भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एक दर्जन अज्ञात नकाबपोशों ने घर पर बोला धावा, परिवार को बंधक बनाकर की लूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**तालगांव सीतापुर** जिले के तालगांव कोतवाली इलाके में बीती रात बदमाशों ने कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला क्षेत्र के रसूलपुर गांव में असलहों से लैस करीब एक दर्जन अज्ञात नकाबपोशों ने सेवानिवृत्त लेखपाल के घर पर धावा बोल दिया और पूरे परिवार को दहशत में डाल दिया। घटना रात करीब आधी रात की बताई जा रही है, जब बदमाशों ने घर में मौजूद दो सगे भाइयों, बंटी वर्मा और पुष्कर वर्मा को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया और महिलाओं के पहने हुए जेवर भी उतरवा लिए और अलमारी का ताला तोड़कर सात लाख की नगदी समेत लगभग 50लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया।

पीड़ित परिवार पेशे से कपड़ा व्यापारी है, जबकि उनके पिता सीतापुर में रहते हैं। बदमाशों ने घंटों तक घर में तांडव मचाया और अलमारियों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नगदी सहित सोने-चांदी के कीमती जेवरात समेट लिए। लूटपाट के बाद बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर आसानी से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल खुद भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। उनके साथ सीओ ब्रजेश कुमार, फॉरेंसिक टीम और एसओजी की टीमें भी घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाने में लग गई हैं। शुरुआती जांच में यह मामला डकैती और बंधक बनाकर की गई बड़ी चोरी का लग रहा है। पुलिस ने इलाके में नाकेबंदी कर दी है और जल्द ही गिरोह के खुलासे का दावा किया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लेकर महराजगंज नगर पंचायत से लखनऊ रवाना हुईं दो बसें

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे पहली किस्त का हस्तांतरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रायबरेली** जनपद के महराजगंज नगर पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लेकर दो बसें लखनऊ के लिए रवाना की गई। बसों को चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सभी लाभार्थी लखनऊ में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने जा रहे हैं, जहां प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं बटन दबाकर लाभार्थियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त स्थानांतरित करेंगे। बताया गया कि नगर पंचायत महराजगंज क्षेत्र में कुल 249 लाभार्थी पात्र हैं, जिनमें से दो बसों द्वारा लगभग 80 लाभार्थियों को लखनऊ भेजा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ना और उन्हें योजना के प्रति जागरूक करना है।

बसों के रवाना होने के दौरान लाभार्थियों में काफी उत्साह और खुशी देखने को मिली। लोगों ने सरकार द्वारा मिल रहे पक्के मकान की सौगात को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। तो वही मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिए हमेशा आगे रहा हूं तथा नगर पंचायत हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है जिसके तहत आज पात्र लाभार्थी लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री द्वारा पहली किस्त का आगाज किया जाएगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सरल साहू, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सभासद विनीत वैश्य, सभासद धर्मेंद्र वर्मा, सभासद नुरुल हसन, सभासद अलीम सहित अन्य कई सभासदगण और गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान साबित हो रही है और आने वाले समय में सभी पात्र लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। महराजगंज से लखनऊ तक उम्मीदों की यह यात्रा, सैकड़ों परिवारों के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# बाराही देवी तीर्थ पर उमड़ी भक्तो की भीड़

**मौनी अमावस्या पर हजारों भक्तों ने बाराही देवी पर लगाई आस्था की डुबकी**



**मलिहाबाद।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ससपन गांव स्थित सिद्धपीठ माता बाराही देवी तीर्थ पर मौनी अमावस्या के अवसर पर हजारो भक्तो ने दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया आचार्य नील कमल पाण्डेय ने बताया भोर पहर से माता के दर्शन निमित भीड़ उमड़ी।तीर्थ पर पहुचने वाले भक्त चक्र तीर्थ पर पहुँच कर स्नान मार्जन कर माता बाराही देवी के दर्शन किये। इस अवसर पर भोर पहर से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी मेला कमेटी के संरक्षक रमेश सिंह चौहान बताते है कि यहाँ पर क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला लगता है जिसमे हर जाति धर्म के लोग अपनी आस्था रखते है और भेदभाव छोड़ दर्शन करते है।मेले का रख- रखाव मेला समिति करती है यहाँ पर आने वाले भक्तो को पानी साफ-सफाई, बिजली आदि की व्यवस्था मेला कमेटी द्वारा पूर्ण की गई है।सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल तैनात रहता है।अशोक पाण्डेय, गुड्डू त्रिवेदी, मोहित सिंह ने बताया मौनी अमावस्या पर सायं कालीन बेला पर बाराही देवी माता की दिव्य, भव्य आरती का आयोजन किया जाता है जिसमे क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोग पहुँचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# जरा सी आहट होती है तो दिल सोचता है...

जरा सी आहट होती है तो दिल सोचता है कि अश्विनी जी तो नहीं, सच में आज 6 वर्ष हो रहे हैं तब भी मन को विश्वास नहीं होता कि वो फिजिकली नहीं हैं। क्योंकि वो उनके साथ एक-एक पल?? बिताना और दूसरा वो इतने धनी व्यक्तित्व वाले इंसान से कि उनके न होने का अहसास कभी हो ही नहीं सकता। वो मेरे बचपन के साथी थे। एक सफल क्रिकेटर जिन्होंने क्रिकेट देश के लिए उस समय छोड़ी (इमरजैंसी के कारण) जब वह कैरियर की बुलंदी पर थे। फिर उन्होंने अपने पिता, दादा की इच्छा के अनुसार कलम उठाई और उनकी कलम में उनके दादा और पिता का मिश्रण था। निष्पक्ष, निर्भिक, निडर पत्रकार जिनकी कलम न किसी के आगे झुकी, न रुकी। यह उनकी कलम की ताकत थी कि उन्होंने पंजाब केसरी को राष्ट्रीय समाचारपत्र बना दिया। उनके सम्पादकीय जगह-जगह पढ़े जाते और फोटो कॉपी करके बांटे जाते। यही नहीं दिल्ली में अखबार चलाना खालाजी का घर नहीं था परन्तु उन्होंने हर विरोधी ताकत का डटकर मुकाबला किया। यहां तक कि हॉकरों के साथ बैठकर अखबार बेची और उनके साथ सुबह-सुबह चाय की चुसकियां भी लीं। इमरजैंसी में उन्होंने अपने दादा, पिता, चाचा के साथ मिलकर ट्रैक्टर से अखबार छापी। जब उनकी प्रेस की बिजली काट दी गई थी।

छोटी उम्र में दादा और पिता की शहीदी देखी, अपने ऊपर आतंकवादियों के वार सहे परन्तु कभी हिम्मत नहीं हारी। उस छोटी सी उम्र में वह दादा के गोलियों से छलनी शरीर और पिता का छलनी शरीर गोदी में उठाकर घर लाए। उस छोटी उम्र में अपने सारे परिवार का दायित्व सम्भाला। जब छोटी उम्र में ि?पता का साया उठ जाए तो कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई अपने बेगाने भी हो जाते हैं, पर अश्विनी जी मजबूती से डटे रहे। मुझे भी हर पल अपने साथ रखते और काम भी समझाते, क्योंकि आज मैं जो भी हूं, जो भी लिखना सीखा और मुसीबतों का डटकर मुकाबला करना सीखा सब उनकी देन है। वो मेरे पति, मित्र, गुरु सभी कुछ थे। हम दोनों एक-दूसरे को हमेशा सही-गलत बताते थे। एक-दूसरे के आलोचक भी थे और दो अलग स्तम्भ भी थे, परन्तु हमेशा साथ-साथ चलते, हमेशा साथ-साथ काम करते थे।

उन्होंने छोटों से लेकर टॉप तक मित्रता बनाई। सबके दिलों को अपनी सच्चाई से छुआ। आज भी उनके कई मित्र, कई ?लोग मिलते हैं जो उनकी अच्छाई, सच्चाई और भोलेपन को भी याद करते हैं। उनके चरित्र के दो पहलू थे। एक तरफ वो बहुत ज्ञानी थे, जिन्होंने वेद पढ़े हुए थे। हिस्ट्री, ज्योग्राफी, पोलिटिकल, धर्म, ज्योतिष का पूरा ज्ञान था। दूसरी तरफ बहुत शरारती, नटखट, सिंगर और बच्चों की तरह भोलापन था। कोई छल-कपट नहीं था। अगर वो किसी के हो जाते तो दिल से उसकी दोस्ती, रिश्ता निभाते। अगर किसी से नाराज होते तो उसको भी घर तक पहुंचाते थे। हां उनकी एक खासियत थी कि अगर कोई व्यक्ति अहंकार में होता या अवसरवादी हो तो उसकी परवाह नहीं करते थे। वह कहते थे उसे हमें याद करना चाहिए और दूसरी तरफ अगर किसी व्यक्ति के दिन बुरे होते तो वह उसको उठाते थे, बहुत सहायता करते थे। आज छोटे से बड़े तक बहुत लोग मिलेंगे जो कहेंगे अश्विनी जी ने उनकी मदद की।

अश्विनी जी जब करनाल से एमपी बने तो बहुत अधिक मतों से जीते तो लोगों के दिलों में उन्होंने राज किया। आज भी उनकी याद में उनके कामों को याद करते लोग फोन करते रहते हैं और एक ही पंक्ति बोलते हैं कि ऐसा एमपी हमें कभी नहीं मिलेगा जो राजनीतिक नहीं समाजसेवी थे। जब उन्हें कैंसर हुआ तो उन्होंने इट्स माई लाइफ अपने हाथों से लिखे लेखों की शृंखला चलाई। जिसे बाद में मैंने सम्पूर्ण संकलित करके बुक बनाई। बस दुख इस बात का है जब वो बीमार हुए तो बहुत से अपनों ने फायदा उठाया। उनको जाते-जाते कष्ट दिया। कई विभीषण, जयचंद पैदा हुए परन्तु आखिरी दिन तक उन्होंने हार नहीं मानी। खुद भी हौसला रखा और मुझे, मेरे बेटों को भी हौसले में रखा, कहा कि ऐसे दिनों में अपने-परायों की पहचान होती है। सबको माफ करते जाएं। यह उनके कर्म हैं और नीचता है, जो इस समय का दुरुपयोग कर रहे, पाप ले रहे हैं। उनकी इसी बात पर आज मैं और मेरे बेटे मजबूती से काम करते हुए अखबार विरासत को आगे ले जा रहे हैं। जिन्दगी के पल-पल में, कण-कण में वो ?दिखाई देते हैं और हमें हमेशा हमारे आसपास होने का अहसास देते हैं। आज उनकी याद में हम जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता कर रहे हैं। यह सब उनकी देन है। आज उनकी बदौलत लाखों बुजुर्गों की सहायता हो रही है।

# चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की त्रिकोणीय जुगलबंदी, भारत के लिए उभरती सन्निकट चुनौतियाँ

भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने इस समय में अनेक जटिल चुनौतियाँ खड़ी हैं,इनमें सबसे गंभीर चुनौती पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते समीकरण और क्षेत्रीय अस्थिरता से जुड़ी है। भारत देश का पुराना अनुभव रहा है कि परंपरागत रूप से चीन और पाकिस्तान भारत विरोध की धुरी रहे हैं, और अब जिस प्रकार बांग्लादेश के कुछ घटनाक्रम इस धुरी से जुड़ते प्रतीत हो रहे हैं उसने भारत की सामरिक, कूटनीतिक और मानवीय चिंताओं को और गहरा कर दिया है। यह स्थिति केवल सीमा विवाद या कूटनीतिक तनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध क्षेत्रीय शांति, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्थिरता से भी गहरे जुड़ा है। चीन की विस्तारवादी नीति के कारण भारत की सीमा पर हमेशा दबाव महसूस किया जाता रहा है। चीन के साथ भारत के संबंध पिछले कुछ वर्षों से लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना की गतिविधियाँ, बुनियादी ढांचे का आक्रामक विस्तार और बार-बार होने वाले सैन्य आमने-सामने के घटनाक्रम इस बात के संकेत हैं कि चीन भारत के प्रति पारंपरिक 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' के सिद्धांत से हटकर व्यवहार कर रहा है। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक, चीन की रणनीति धीरे-धीरे यथास्थिति बदलने की रही है। चीन की यह नीति केवल भूभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारत को सामरिक रूप से घेरने की कोशिश भी कर रहा है। नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार जैसे देशों में चीनी प्रभाव का बढ़ना इसी रणनीति का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में चीन पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करना भारत के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है।

पाकिस्तान में भारी अस्थिरता के बीच भी भारत का विरोध बदस्तूर जारी है। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति चाहे जितनी भी कमजोर क्यों न हो, भारत विरोध उसकी विदेश नीति का स्थायी स्तम्भ बना हुआ है। आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान भारत के खिलाफ छद्म युद्ध और आतंकवाद को रणनीतिक औज़ार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। हाल के वर्षों में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं और सिखों के खिलाफ हिंसा, जबरन धर्मांतरण और हत्याओं की घटनाएँ भारत के लिए गंभीर मानवीय चिंता का विषय हैं। यह केवल मानवाधिकार का प्रश्न नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता का भी संकेत है, जिसका प्रभाव अंततः भारत पर ही पड़ता है,चाहे वह शरणार्थी संकट हो या सीमा पार तनाव। बांग्लादेश के बदलते संकेत ने भारत के लिए नई आशंकाएँ बाधा दी हैं। भारत और बांग्लादेश के संबंध लंबे समय तक सौहार्दपूर्ण और सहयोगपूर्ण रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग तक, दोनों देशों के बीच एक मजबूत आधार रहा है। किंतु हाल के समय में बांग्लादेश के भीतर कुछ घटनाक्रम विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, मंदिरों पर हमले और सामाजिक असुरक्षा भारत के लिए चिंता का कारण बने हैं। इन घटनाओं के पीछे कट्टरपंथी ताकतों का उभार और बाहरी प्रभावों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि बांग्लादेश में भारत विरोधी या कट्टरपंथी शक्तियाँ मजबूत होती हैं और उन्हें चीन या पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता है, तो यह भारत के पूर्वी सीमांत के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर सकता है।

### त्रिकोणीय दबाव की रणनीति

चीन,पाकिस्तान की मित्रता कोई नई बात नहीं है। चीन,पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इस गठजोड़ का ठोस उदाहरण है, जो भारत की संप्रभुता से जुड़े क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यदि इस समीकरण में बांग्लादेश का किसी भी रूप में सामरिक या वैचारिक झुकाव जुड़ता है, तो भारत के लिए यह स्थिति और जटिल हो सकती है। यह त्रिकोणीय दबाव केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश, क्षेत्रीय संगठनों में संतुलन बदलने का प्रयास और आंतरिक अस्थिरता को हवा देना, भारत के लिए ये सभी संभावित रणनीतियों के खिलाफ एक नया समीकरण तैयार करने की आवश्यकता होगी। इन परिस्थितियों में भारत को अत्यंत सतर्क, संतुलित और दीर्घदर्शी नीति अपनाने की आवश्यकता है। एक ओर जहां सीमाओं की सुरक्षा और सैन्य तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना भी आवश्यक है। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना चाहिए, ताकि कट्टरपंथी ताकतों के लिए जगह न बचे। पाकिस्तान के संदर्भ में सख्ती और स्पष्टता आवश्यक है, जबकि चीन के मामले में रणनीतिक धैर्य के साथ राष्ट्रीय हितों की दृढ़ रक्षा करनी होगी।

### निष्कर्ष

चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते समीकरण भारत के लिए केवल एक तात्कालिक चुनौती नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक परीक्षा भी हैं। इतिहास साक्षी है कि भारत ने हर कठिन परिस्थिति में संयम, साहस और विवेक का परिचय दिया है। वर्तमान समय में भी आवश्यकता इसी बात की है कि भारत अपनी आंतरिक एकता, कूटनीतिक समझदारी और सामरिक क्षमता के बल पर इन चुनौतियों का सामना करे। यदि समय रहते सही निर्णय लिए गए, तो यह त्रिकोणीय दबाव भारत को कमजोर करने के बजाय और अधिक मजबूत, सतर्क और आत्मनिर्भर बना सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है, भारतीय स्टार्टअप्स की बदलती दुनिया

कहा जाता है कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। जब जीवन में कोई समस्या गहराई से सामने आती है, जब दर्द व्यक्तिगत हो जाता है, जब असुविधा रोजमर्रा की बाधा बन जाती है, तभी मनुष्य नए रास्ते खोजता है। भारत के उभरते स्टार्टअप्स इस कथन को केवल दोहरा नहीं रहे, बल्कि इसे साकार कर रहे हैं। नेशनल स्टार्टअप अवॉर्ड के मंच पर सम्मानित किए गए नवाचार इस बात का प्रमाण हैं कि आज का भारतीय उद्यमी केवल मुनाफे के लिए नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक जरूरतों को समझकर समाधान गढ़ रहा है। ये नवाचार दिखाते हैं कि तकनीक तब सबसे प्रभावशाली बनती है, जब वह आम आदमी की जिंदगी को सरल, सुरक्षित और सशक्त बनाए।

दिल से जुड़ी बीमारी आज भारत में मौत का बड़ा कारण बन चुकी है। बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हार्ट अटैक की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन समय पर जांच और सही जानकारी की कमी के कारण कई जानें असमय चली जाती हैं। ऐसी ही एक व्यक्तिगत त्रासदी ने एक युवा को समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। अपने दोस्त को हार्ट अटैक से खोने के बाद रजत जैन ने यह ठान लिया कि अगर समय रहते संकेत मिल जाएं तो हजारों जानें बच सकती हैं। इसी सोच से जन्म हुआ माचिस जितनी ईसीजी मशीन 'स्पंदन' का। यह उपकरण किसी भी व्यक्ति को यह जानने में सक्षम बनाता है कि उसकी ईसीजी रिपोर्ट सामान्य है या खतरे का संकेत दे रही है। रिपोर्ट तुरंत डॉक्टर तक भेजी जा सकती है और समय पर इलाज संभव हो जाता है। आज यह छोटा सा उपकरण हजारों लोगों की जिंदगी में उम्मीद की धड़कन बन चुका है और यह साबित करता है कि व्यक्तिगत पीड़ा से जन्मा विचार समाज के लिए वरदान बन सकता है।

यात्रा के दौरान सामान खो जाने का डर लगभग हर व्यक्ति ने महसूस किया है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन या भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैग या वॉलेट का गुम हो जाना केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि मानसिक तनाव भी पैदा करता है। इसी आम लेकिन गंभीर समस्या को समझते हुए पूर्वी रॉय ने फैशन और तकनीक के संगम से स्मार्ट एक्सेसरीज की दुनिया रची। एरिस्टा वॉल्ट के तहत विकसित जीपीएस आधारित वॉलेट, पासपोर्ट होल्डर और स्मार्ट बैग न केवल स्टाइलिश हैं, बल्कि सुरक्षा का भरोसा भी देते हैं। इन बैग्स में लगा ट्रांसमीटर खुद लोकेशन भेजता है और यह फोन पर निर्भर नहीं रहता। यानी अगर फोन भी साथ न हो, तब भी बैग की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। यह नवाचार दिखाता है कि जरूरत केवल बड़ी समस्याओं की ही नहीं होती, बल्कि रोजमर्रा की छोटी परेशानियां भी बड़े विचारों को जन्म देती हैं।

भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार महिलाएं हैं, खासकर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं, जो छोटे कारोबार और बचत के जरिए अपने परिवार को संबल देती हैं। लेकिन बैंकिंग सुविधाओं तक उनकी पहुंच अब भी सीमित है। लंबी दूरी, जटिल प्रक्रियाएं और डिजिटल साक्षरता की कमी उनके रास्ते में बाधा बनती रही है। इसी जरूरत को समझकर कुबेरजी प्लेटफॉर्म की शुरुआत हुई। इस पहल ने बैंक को महिलाओं की दहलीज तक पहुंचा दिया। अब महिलाएं अपने ही गांव में, अपने ही घर पर डिजिटल बैंकिंग, लोन, बीमा, निवेश और बचत जैसी सेवाओं का लाभ उठा रही हैं। हजारों महिला एजेंट इस व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो सैकड़ों महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त बना रही हैं। यह उदाहरण बताता है कि जब आविष्कार सामाजिक न्याय और समावेशन की भावना से जुड़ता है, तो उसका प्रभाव पीढ़ियों तक जाता है।

कृषि और पशुपालन भारत की ग्रामीण जीवनरेखा हैं। दूध उत्पादन से लेकर किसानों की आय तक, मवेशियों की सेहत सीधा असर डालती है। लेकिन पारंपरिक तरीकों से पशुओं की बीमारियों या प्रजनन चक्र का समय पर पता लगाना आसान नहीं होता। इसी चुनौती ने काउफिट जैसे नवाचार को जन्म दिया। आईओटी और एआई आधारित यह प्लेटफॉर्म मवेशियों की सेहत पर लगातार नजर रखता है। बीमारी के शुरुआती संकेत हों या प्रजनन से जुड़ी जानकारी, सब कुछ समय रहते मोबाइल पर स्थानीय भाषा में उपलब्ध हो जाता है। इससे न केवल दूध उत्पादन बढ़ा है, बल्कि किसानों का आर्थिक जोखिम भी कम हुआ है। यह दिखाता है कि आधुनिक तकनीक अगर जमीनी जरूरतों से जुड़ जाए, तो ग्रामीण भारत में भी क्रांति ला सकती है।

तेजी से बदलती जीवनशैली ने खानपान की आदतों को भी प्रभावित किया है। बाहर का अस्वास्थ्यकर भोजन, अनियमित दिनचर्या और पोषण की कमी आज आम समस्या बन गई है। इसी संदर्भ में मधुर मोटवानी ने पोषण फर्स्ट की अवधारणा को आगे बढ़ाया। उनकी स्मार्ट वेंडिंग मशीन एक मिनट में ताजा और सेहतमंद पेय उपलब्ध कराती है। यह केवल एक मशीन नहीं, बल्कि इस सोच का प्रतीक है कि स्वास्थ्य को सुविधा के साथ जोड़ा जा सकता है। जब डॉक्टर खुद आंतों की सेहत जैसी बुनियादी जरूरत को समझकर समाधान पेश करता है, तो यह साबित होता है कि पेशेवर अनुभव और सामाजिक संवेदना मिलकर प्रभावी नवाचार को जन्म देते हैं।

इन सभी उदाहरणों में एक बात समान है। कोई भी नवाचार प्रयोगशाला की कल्पना मात्र नहीं है, बल्कि जीवन की सच्ची जरूरतों से उपजा है। किसी ने दोस्त की मौत से सबक लिया, किसी ने यात्रा के डर को समझा, किसी ने ग्रामीण महिला की मुश्किल देखी, किसी ने किसान की चिंता महसूस की और किसी ने बदलती जीवनशैली के खतरे को पहचाना। यही कारण है कि ये स्टार्टअप्स केवल उत्पाद नहीं बेच रहे, बल्कि भरोसा, सुरक्षा और समाधान दे रहे हैं।

नेशनल स्टार्टअप अवॉर्ड जैसे मंच इन प्रयासों को पहचान देकर यह संदेश देते हैं कि भारत का भविष्य नवाचार में है। जब 3163 प्रविष्टियों में से चुने गए स्टार्टअप्स को सम्मान मिलता है, तो यह हजारों युवाओं को प्रेरित करता है कि वे समस्याओं से भागें नहीं, बल्कि उन्हें अवसर में बदलें। दस लाख रुपये का पुरस्कार केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि उस विचार की स्वीकृति है, जो समाज के लिए उपयोगी है।

आज का भारत उस दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां आविष्कार केवल वैज्ञानिक प्रयोग नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन रहे हैं। तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईओटी और डिजिटल प्लेटफॉर्म तब सार्थक होते हैं, जब वे मानवीय जरूरतों से जुड़ते हैं। यही कारण है कि आवश्यकता को समझने वाला उद्यमी ही सच्चा नवोन्मेषक बनता है। अंततः यह कहा जा सकता है कि आवश्यकता केवल अभाव नहीं होती, बल्कि वह सृजन की चिंगारी भी होती है। जब संवेदना, अनुभव और तकनीक एक साथ आते हैं, तब ऐसे आविष्कार जन्म लेते हैं, जो समाज की दिशा बदल देते हैं। भारतीय स्टार्टअप्स की यह यात्रा बताती है कि अगर नजर समस्या पर हो और इरादा समाधान का, तो हर जरूरत एक नए भविष्य का बीज बन सकती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## मुंबई की सत्ता और संयम की राजनीति, मेयर की कुर्सी से बड़ा है गठबंधन का भविष्य

मुंबई महानगरपालिका के चुनावी नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि प्रतीकों, भावनाओं, स्मृतियों और सत्ता-संतुलन की जटिल बुनावट है। देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरना ऐतिहासिक है। यह संकेत देता है कि शहरी मतदाता ने इस बार परंपरागत राजनीति से हटकर निर्णय लिया है। लेकिन नतीजों के तुरंत बाद जिस तरह मेयर पद को लेकर खींचतान शुरू हुई, उसने जीत की चमक को धुंधला कर दिया है और गठबंधन की मजबूती पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा के 89 पार्षदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद स्वाभाविक रूप से यह अपेक्षा बनी कि पहली बार मुंबई को भाजपा का मेयर मिलेगा। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पास 29 पार्षद हैं, जो बहुमत के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं। इसी गणित के सहारे शिंदे गुट ने मेयर पद पर ढाई साल का दावा ठोक दिया है। तर्क दिया जा रहा है कि यह साल शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए प्रतीकात्मक रूप से मेयर पद शिवसेना के पास होना चाहिए। राजनीति में प्रतीकों का महत्व होता है, इसमें संदेह नहीं, लेकिन सत्ता संचालन केवल प्रतीकों से नहीं चलता, इसके लिए व्यवहारिकता और दूरदर्शिता की जरूरत होती है।

पार्षदों को ताज होटल में शिफ्ट करना, कड़ा पहरा, बंद दरवाजों के पीछे रणनीति बनाना, यह सब दृश्य मुंबई की राजनीति में नया नहीं है, लेकिन यह संकेत जरूर देता है कि अविश्वास की दीवारें ऊंची हो रही हैं। सवाल यह नहीं है कि शिंदे गुट अपनी ताकत दिखा रहा है या भाजपा दबाव में है, सवाल यह है कि क्या यह टकराव उस गठबंधन के हित में है, जिसने कुछ समय पहले तमाम मतभेद भुलाकर महाराष्ट्र की सत्ता संभाली थी। पिछले विधानसभा चुनाव और उसके बाद की घटनाओं को अगर याद किया जाए, तो यह साफ दिखता है कि भाजपा ने अपने राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया था। उस समय शिवसेना टूट के दौर से गुजर रही थी, संगठन बिखरा हुआ था और शिंदे गुट को वैधता और स्थिरता की सबसे ज्यादा जरूरत थी। भाजपा ने उस वक्त सहयोग का हाथ बढ़ाया, सत्ता साझा की और यह संदेश दिया कि गठबंधन केवल मजबूरी नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी है। आज उसी साझेदारी की परीक्षा मुंबई महानगरपालिका में हो रही है। मुंबई केवल एक नगर निगम नहीं है। यह बजट, प्रभाव और निर्णय क्षमता के लिहाज से एशिया की सबसे ताकतवर नगरपालिकाओं में से एक है। यहां का मेयर पद केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि राजनीतिक शक्ति का भी प्रतीक है। यही कारण है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी भी उम्मीदों के सहारे बयानबाजी कर रही है और कांग्रेस अपनी आंतरिक लड़ाई में उलझी हुई है। लेकिन असली मुकाबला भाजपा और शिंदे गुट के बीच है, और इसका असर राज्य की राजनीति पर दूरगामी हो सकता है।

शिंदे गुट की चिंता समझ में आती है। उद्धव ठाकरे की ओर से लगातार 'मराठी अस्मिता' और भावनात्मक राजनीति का कार्ड खेला जा रहा है। ऐसे में शिंदे गुट को डर है कि अगर मुंबई में भाजपा का मेयर बनता है, तो शिवसेना की पारंपरिक पहचान और कमजोर हो सकती है। यही डर उन्हें आक्रामक रुख अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। लेकिन राजनीति में डर के आधार पर लिए गए फैसले अक्सर नुकसानदेह साबित होते हैं। व्यवहारिक राजनीति यह कहती है कि गठबंधन में छोटे और बड़े दलों को अपने-अपने दायरे समझने होते हैं। भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते मेयर पद का स्वाभाविक दावा है, जबकि शिंदे गुट के लिए उपमहापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष जैसे पद भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। नगर निगम का असली नियंत्रण इन्हीं समितियों और प्रशासनिक ढांचे के जरिए चलता है। अगर इन पदों के कार्यकाल और अधिकार स्पष्ट रूप से तय कर दिए जाएं, तो सत्ता संतुलन बना रह सकता है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि मुंबई के मतदाता ने इस बार किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया है। यह जनादेश सहयोग और समन्वय का संकेत है, न कि टकराव का। अगर भाजपा और शिंदे गुट के बीच खींचतान बढ़ती है, तो इसका सीधा फायदा विपक्ष को मिलेगा। उद्धव ठाकरे की शिवसेना, जो फिलहाल दूसरे नंबर पर है, इसी इंतजार में है कि गठबंधन कमजोर पड़े और उसे नैतिक बढ़त मिले। कांग्रेस की अंदरूनी कलह भी इसी बड़े खेल का हिस्सा बन सकती है। एकनाथ शिंदे के सामने यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मोड़ है। मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने की उनकी यात्रा साहसिक रही है, लेकिन सत्ता में टिके रहने के लिए केवल साहस नहीं, संतुलन भी जरूरी होता है। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि भाजपा के साथ गठबंधन ने ही उन्हें राज्य की राजनीति में केंद्रीय भूमिका दी है। अगर मुंबई में मेयर पद को लेकर टकराव इतना बढ़ जाता है कि गठबंधन की नींव हिलने लगे, तो यह अल्पकालिक लाभ के लिए दीर्घकालिक नुकसान जैसा होगा।

भाजपा के लिए भी यह जरूरी है कि वह जीत के अहंकार में सहयोगी की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज न करे। राजनीति में जीत तभी टिकाऊ होती है, जब सहयोगियों को सम्मान और हिस्सेदारी का एहसास हो। लेकिन यह सम्मान सत्ता की वास्तविक स्थिति और जनादेश के अनुरूप होना चाहिए, न कि दबाव की राजनीति के तहत। मुंबई की जनता विकास, सुशासन और स्थिर प्रशासन चाहती है। सड़कें, जल आपूर्ति, कचरा प्रबंधन, आवास, परिवहन जैसे मुद्दे मेयर और नगर निगम के लिए प्राथमिक होने चाहिए। अगर सत्ता संघर्ष इन मुद्दों पर भारी पड़ता है, तो जनता का भरोसा टूटता है और राजनीति अपनी विश्वसनीयता खो देती है।

इस पूरे घटनाक्रम से एक स्पष्ट संदेश निकलता है कि गठबंधन धर्म केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं होता, बल्कि सत्ता चलाने के दौरान और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। एकनाथ शिंदे को इस समय भावनात्मक तर्कों से ऊपर उठकर व्यवहारिक फैसला करना चाहिए। बालासाहेब ठाकरे के नाम और विरासत का सम्मान सत्ता की कुर्सी से नहीं, बल्कि स्थिर और जनहितकारी शासन से होता है। अगर मुंबई में भाजपा के मेयर बनने से गठबंधन मजबूत रहता है और शिवसेना को अन्य महत्वपूर्ण पदों के जरिए प्रभावी भूमिका मिलती है, तो यह सभी के लिए लाभकारी होगा। अंततः, मुंबई की राजनीति केवल मेयर पद तक सीमित नहीं है। यह महाराष्ट्र की सत्ता, भविष्य की चुनावी दिशा और गठबंधन की विश्वसनीयता से जुड़ी हुई है। एकनाथ शिंदे और भाजपा दोनों के लिए यह समय संयम, संवाद और समझदारी का है। अगर इस परीक्षा में व्यवहारिकता जीतती है, तो मुंबई ही नहीं, पूरा महाराष्ट्र एक स्थिर और मजबूत राजनीतिक संदेश देखेगा।

# स्टार्टअप इंडिया के 10 साल: आइडिया से इकोनॉमी तक

नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस आत्मविश्वास के साथ युवाओं की जोखिम लेने की क्षमता की सराहना की, वह बदलते भारत की आर्थिक सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उनका यह कहना कि देश के लिए आवश्यक कामों में किसी न किसी को जोखिम उठाना ही होगा और यदि नुक्सान भी हो तो वह व्यक्तिगत होगा जबकि लाभ देश का- दरअसल इसी दर्शन ने भारत के स्टार्टअप आंदोलन को नैतिक और वैचारिक आधार दिया है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक भारत का युवा वर्ग नौकरी खोजने वाला वर्ग माना गया लेकिन बीते एक दशक में यह सोच निर्णायक रूप से बदली है। आज भारत का युवा केवल रोजगार का आकांक्षी नहीं बल्कि रोजगार सृजन करने वाला बन रहा है। इस परिवर्तन के केंद्र में मोदी सरकार की 'स्टार्टअप इंडिया' पहल ने वाकई निर्णायक भूमिका निभाई है, जिसे भारत के आर्थिक भविष्य की एक दूरदर्शी और रणनीतिक नींव के रूप में देखा जाना चाहिए। यही वह 'टर्निंग पॉइंट' है जहां से भारत की नई उद्यमशील पीढ़ी और नीतिगत समर्थन की कहानी आगे बढ़ी।

दरअसल भारत आज उस निर्णायक जनसांख्यिकीय मोड़ पर खड़ा है जहां उसकी लगभग दो-तिहाई आबादी कामकाजी आयु वर्ग में है। यही युवा शक्ति भारत के लिए सबसे बड़ा अवसर भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी। यदि यह ऊर्जा नवाचार, उद्यमिता और उत्पादन में रूपांतरित होती है तो भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की क्षमता रखता है लेकिन यदि इसे सही मंच और समर्थन न मिले तो यही असंतोष और बेरोजगारी का कारण बन सकती है। इसी चुनौती को अवसर में बदलने के लिए 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया मिशन की शुरुआत की गई। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट था- नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमिता को संस्थागत समर्थन देना और युवाओं को एक ऐसा नीति-आधारित इकोसिस्टम उपलब्ध कराना, जहां जोखिम उठाना कमजोरी नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा बने। आंकड़ों पर गौर करें तो इस बदलाव की गहराई साफ नजर आती है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के अनुसार, दिसंबर 2025 तक भारत में दो लाख से अधिक स्टार्टअप्स आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। आज भारत में सवा सौ एक्टिव यूनिकॉर्न हैं जबकि 2014 में इनकी संख्या मात्र चार थी। यह आंकड़ा उस विश्वास का प्रमाण है जो सरकार ने युवाओं की क्षमता पर किया है। यही नहीं, सरकारी आंकड़ों के अनुसार, DPIIT-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 2016 से 31 अक्तूबर 2024 तक 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं, जो Startup India पहल के प्रभाव को दर्शाता है। स्टार्टअप इंडिया की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल महानगरों तक सीमित नहीं रही। DPIIT के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स टियर-2 और टियर-3 शहरों से उभरे हैं। यह तथ्य उस धारणा को तोड़ता है कि नवाचार केवल बड़े शहरों की बपौती है। छोटे शहरों और कस्बों के युवा आज एग्रीटेक, हैल्थटेक, एडटेक, फिनटेक और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर की कंपनियां खड़ी कर रहे हैं।

वित्तीय समर्थन के मोर्चे पर भी सरकार की भूमिका केवल नीतिगत नहीं बल्कि संरचनात्मक रही है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (FFS) इसके प्रमुख उदाहरण हैं। सरकार द्वारा स्थापित फंड ऑफ फंड्स के तहत अब तक 10,000 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसके माध्यम से वैकल्पिक निवेश कोषों के जरिए स्टार्टअप्स को पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। यह मॉडल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार सीधे बिजनेस में दखल नहीं दे रही बल्कि पूंजी प्रवाह का मार्ग खोल रही है।

नीतिगत सुधारों ने भी स्टार्टअप संस्कृति को मजबूती दी है। इन्कम टैक्स छूट, एंजेल टैक्स में राहत, सेल्फ-सर्टिफिकेशन, तेज़ एग्ज़िट पॉलिसी और पेटेंट व ट्रेडमार्क शुल्क में छूट जैसे निर्णयों ने यह संकेत दिया कि सरकार स्टार्टअप्स को शक की निगाह से नहीं बल्कि भागीदार के रूप में देखती है। Startup India पोर्टल के अनुसार, हजारों स्टार्टअप्स इन टैक्स और नियामकीय सुविधाओं का लाभ उठा चुके हैं।

स्टार्टअप्स, डिफेंस प्रोडक्शन, ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और डीप टेक जैसे क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी को खोलने के बाद सरकार ने IN-SPACe जैसे संस्थागत ढांचे बनाए जिससे युवा उद्यमियों को ISRO के इन्फ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी सहयोग तक पहुंच मिली। जमीनी हकीकत बताती है कि भारत में स्पेस स्टार्टअप्स की संख्या बीते कुछ वर्षों में कई गुना बढ़ी है। फिनटेक के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल पेमेंट बाजारों में शामिल है। PI आधारित भुगतान प्रणाली ने न केवल वित्तीय समावेशन को गति दी बल्कि सैकड़ों फिनटेक स्टार्टअप्स को जन्म दिया। यह परिवर्तन किसी निजी प्रयोग का परिणाम नहीं बल्कि सरकारी डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का नतीजा है, जिसे स्टार्टअप इंडिया इकोसिस्टम ने व्यावसायिक समाधान में बदला। इस पूरे बदलाव का सबसे गहरा असर मानसिकता पर पड़ा है। आज का युवा केवल नौकरी की सुरक्षा नहीं बल्कि समस्या का समाधान खोजने की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बार-बार 'जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर' बनने का आह्वान केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहा बल्कि स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से एक नीतिगत वास्तविकता बन चुका है। यही कारण है कि भारत आज दुनिया के शीर्ष तीन स्टार्टअप इकोसिस्टम्स में गिना जाता है। भविष्य की दृष्टि से देखें तो स्टार्टअप इंडिया भारत के 'विकसित भारत 2047' लक्ष्य का आर्थिक इंजन बनता दिख रहा है। नवाचार, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा- तीनों का संगम इसी इकोसिस्टम में दिखाई देता है। स्वामी विवेकानंद जिस आत्मविश्वासी, कर्मशील और राष्ट्र-निर्माता युवा की कल्पना करते थे, स्टार्टअप इंडिया उस कल्पना की आधुनिक अभिव्यक्ति है। आज भारत का युवा केवल अपना भविष्य नहीं संवार रहा, बल्कि भारत की आर्थिक दिशा तय कर रहा है। यही स्टार्टअप इंडिया की सबसे बड़ी सफलता है और यही भारत के बदलते भविष्य की असली पहचान।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## 21-22 जनवरी को राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता, कई जिलों की टीमें दिखाएंगी दमखम



**रूद्रपुर,देवरिया।** स्वर्गीय विंध्याचल प्रसाद गुप्त की स्मृति में रूद्रपुर बैडमिंटन क्लब द्वारा भव्य बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 जनवरी को सायं 5 बजे से होगा, जबकि समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता स्थानीय पीजी कॉलेज के इनडोर हाल में होगी। प्रतियोगिता में वाराणसी, गोरखपुर, कैम्पियरगंज, मऊ, देवरिया, सरदार नगर, बैतालपुर, फरेंदा, सलेमपुर, खुखुन्दू, मुबारकपुर, खैराबाद, रूद्रपुर एवं नई बाजार की टीमें प्रतिभाग करने वाली हैं। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार की शाम चेयरमैन सुधा निगम के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने की। बैठक में ओमप्रकाश गुप्ता, डीएन इंटर कॉलेज के प्रबंधक सूर्य प्रकाश जायसवाल, राणाप्रताप सिंह, जयराम पासवान, नंदलाल जायसवाल, नंदलाल मद्धेशिया, सभासद प्रतिनिधि सज्जाद अली, तारकेश्वर विश्वकर्मा, प्रेम तिवारी, आशीष रस्तोगी, किशन वर्मा, अभिषेक प्रताप गांधी, कुमार करन, नित्यानंद जायसवाल, डीके जायसवाल, विशाल वर्मा, विजय विश्वकर्मा, सूरज चौरसिया, शिवानंद जायसवाल, मुन्ना गुप्ता एवं विष्णु मोदनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा को तनाव नहीं, प्रेरणा के रूप में लें छात्रः अनिरुद्ध



**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया के माधव सभागार में आयोजित परीक्षा पर चर्चा विषयक कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन में सतत विकास की प्रक्रिया है, जिसे तनाव या अवसाद नहीं बल्कि सीखने और आत्ममूल्यांकन के अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने का संदेश देते हुए कहा कि जीवन के प्रत्येक चरण में परीक्षाएं आती हैं, जो व्यक्ति को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं। इसलिए परीक्षा का सामना आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ करना चाहिए। कार्यशाला में विषयाचार्यों ने संभावित प्रश्नों और आदर्श उत्तर लेखन पर मार्गदर्शन दिया। उपप्रधानाचार्य अखिलेश दीक्षित ने जीव विज्ञान में चित्रों के महत्व पर तथा गणित प्रवक्ता दिलीप श्रीवास्तव ने चरणबद्ध समाधान की उपयोगिता बताई। अन्य विषय शिक्षकों ने भी उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## रूपईडीह ग्राम पंचायत में नाली विवाद, जनसुनवाई पोर्टल पर एसपी से शिकायत

**गोंडा।** विकास खंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत रूपईडीह में ग्राम पंचायत योजना के अंतर्गत निर्मित नाली को लेकर चल रहा विवाद की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सुधीर कुमार पुत्र शहजाद ने पुलिस अधीक्षक से जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम पंचायत योजना से निर्मित नाली की मरम्मत कराई गई थी। यह नाली गाटा संख्या 401 के चक से होते हुए घर तक जाने वाले रास्ते से गुजरती है। गाटा संख्या 401 एवं गाटा संख्या 391 के सीमावर्ती हिस्से से पाइप डालकर नाली का निर्माण पूर्व में किया गया था, जिससे बीते लगभग 40 घरों के पानी की निकासी होती चली आ रही है। आरोप है कि विपक्षी द्वारा नाली का विरोध करते हुए थाने में शिकायत की गई है और नाली हटवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस कारण उनका परिवार मानसिक दबाव में है। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने तथा नाली को यथावत बनाए रखने की मांग की है।

# इंदिरा गांधी की प्रतिमा व चौराहे का नाम बदलने की साजिश के खिलाफ कांग्रेस का उग्र विरोध, डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा और उनके नाम से स्थापित चौराहे को लेकर छेड़छाड़ की कथित साजिश के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी गोरखपुर एवं महानगर कांग्रेस कमेटी गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी और महानगर अध्यक्ष रवि प्रताप निषाद के नेतृत्व में बड़हलगंज चौराहे पर एकजुट होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा ऐतराज जताया और जिलाधिकारी गोरखपुर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि बड़हलगंज चौराहे पर पूर्व से स्थापित देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा के स्थान पर किसी अन्य की प्रतिमा स्थापित करने और चौराहे का नाम बदलने की मंशा जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने इसे इतिहास और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया।



ज्ञापन में कहा गया कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी न केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि पूरे देश की गौरवशाली विरासत हैं। उन्होंने देश की एकता, अखंडता, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए। उनके नाम से जुड़ा चौराहा और प्रतिमा आमजन की भावनाओं, सम्मान और इतिहास का प्रतीक है। ऐसे में इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व कर भारत को मजबूती प्रदान की। उनकी प्रतिमा हटाने या चौराहे का नाम बदलने की सोच पूरी तरह अस्वीकार्य है। कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि इस तरह का कोई प्रयास हुआ तो कांग्रेस लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। महानगर अध्यक्ष रवि प्रताप निषाद ने भी प्रशासन से मांग की कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए किसी भी प्रकार के परिवर्तन की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए और स्पष्ट किया जाए कि प्रतिमा एवं चौराहे की पहचान यथावत रहेगी। इस विरोध प्रदर्शन में गोरखलाल श्रीवास्तव, प्रमोद नायक, सतेंद्र निषाद, कन्हैया ओझा, नंद लाल जायसवाल, श्रीश उपाध्याय, महेंद्र मिश्रा, विजेंद्र तिवारी, डॉ. चिन्मय पाण्डेय, उत्कर्ष पाण्डेय, राजीव कुमार पाण्डेय, ज्ञानेंद्र शाही, इंदू भूषण शुक्ल, तौकीर आलम, अनिल सोनकर, हरि सेवक तिपाठी, गणेश पाण्डेय, उपेंद्र तिवारी, मनीष यादव, गुलाम ताहिर, पवन राय, राजेश निषाद सहित जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी के बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राइस मिल से 30 बोरा धान चोरी, नामजद समेत अज्ञात चोरों पर शिकायत दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर** – हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के मझौरा गांव में स्थित एक राइस मिल से शुक्रवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए 30 बोरा धान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह मिल संचालक को हुई, जिसके बाद उन्होंने थाने में दो नामजद और कुछ अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मझौरा निवासी अजीत गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता गांव में श्री बालाजी एग्रो इंडस्ट्रीज के नाम से राइस मिल का संचालन करते हैं। मिल में सरकारी धान की कुटाई कर उसे गोदाम में भेजने का कार्य किया जाता है। शुक्रवार की रात मिल परिसर




में रखे धान की लाट से चोरों ने सुनियोजित तरीके से 30 बोरा धान चोरी कर लिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

शनिवार सुबह जब मिल कर्मचारी पहुंचे तो धान की लाट से बोरे गायब देख हड़कंप मच गया। मिल संचालक अजीत गुप्ता को सूचना दी गई, जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि चोरों ने पहले से रेकी कर रखी थी और बिना किसी शोर-शराबे के वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद मिल परिसर और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित मिल संचालक ने हरपुर बुदहट थाने में तहरीर देकर दो व्यक्तियों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात चोरों पर चोरी का आरोप लगाया है। तहरीर में बताया गया है कि चोरी गया धान सरकारी था, जिससे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ प्रशासनिक परेशानी भी खड़ी हो सकती है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी हुए धान की बरामदगी की मांग की है। इस संबंध में हरपुर बुदहट थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खजनी के उसवा बाबू में सीएमओ का सख्त रुखः कस्तूरबा गांधी विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर, सीएचसी निरीक्षण में गंदगी पर फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी** – गोरखपुर जनपद के खजनी क्षेत्र अंतर्गत उसवा बाबू स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान बच्चों का वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन स्तर, आंख, कान, दांत एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों की टीम ने बच्चों को स्वच्छता, पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) गोरखपुर डॉ. राजेश झा ने उसवा बाबू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अस्पताल




परिसर और वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कई स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। सीएमओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. राजेश झा ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर, ओपीडी, वार्ड, शौचालय और आसपास के क्षेत्रों में नियमित और प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सीएमओ ने पीएचसी खजनी और सीएचसी उसवा बाबू को संयुक्त रूप से साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नियमित निरीक्षण कर कमियों को तुरंत दूर किया जाए और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो। इस अवसर पर पीएचसी खजनी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी को अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की हिदायत दी गई। सीएमओ के इस औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने भी उम्मीद जताई कि इस कार्रवाई के बाद सीएचसी और पीएचसी में साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिलेगा।

# कांग्रेस मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए करेगी संघर्ष - दिलशाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत शनिवार को प्रतापगढ़ सदर विधानसभा क्षेत्र में जिला सचिव मो.दिलशाद के नेतृत्व में मऊहार एवम शहीद शिव बहादुर सिंह मण्डल अध्यक्ष मो.सब्बीर के नेतृत्व में भंगवा गांव में चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी एवं नगर अध्यक्ष मो.इस्तियाक ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को बदलकर नया रूप देकर श्रमिकों को भ्रमित कर रही है। मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। भारतीय जनता पार्टी, गरीबों के लिए कांग्रेस सरकार के समय में चलाई गई योजनाओं को धीरे-धीरे खत्म कर रही है। किसान आज खाद की किल्लत और कर्ज से परेशान है जनता निरंकुश महंगाई को झेल रही है लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार मनरेगा जैसे



महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को समाप्त कर रही है। मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोऑर्डिनेटर रवि भूषण सिन्हा एवं जिला प्रवक्ता मासूम हैदर ने संयुक्त रूप से कहा कि मनरेगा अधिनियम 2005 में पारित हुआ था इसे 2 फरवरी 2006 को पहले चरण 200 जिलों में लागू किया गया था फिर 2008 में पूरे देश में विस्तार कर दिया गया था जो ग्रामीण परिवारों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी देता है। भाजपा सरकार को यह भी रास नहीं आ रही है इस योजना को बचाने के लिए हम सब संघर्ष करेंगे। जिला सचिव मो.दिलशाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर जिला महासचिव चन्द्रनाथ शुक्ल,सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान,नगर सचिव अरबाज आलम, राम कुमार पटेल, रामगोपाल, जय सिंह, मो.इस्तियाक हासिम अली,संगीता विश्वकर्मा, सोना देवी, बबिता, शीला, सरिता, अनिता, परमिला, सुनीता विश्वकर्मा, पुनीत प्रजापति, करिश्मा गौतम, पप्पू हाफिज अली, मो.इरफान,नीता देवी, राम खेलावन, माताफेर गौतम, पार्वती पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# भूपनगर झांसी ने तालबेहट को 6 विकेट से हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जाखलौन।** सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फ़ाइनल मैच में झांसी ने तालबेहट को 6 विकेट से हराया। जिसमें झांसी के कप्तान द्वारा टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया गया और तालबेहट की टीम को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया। जिसमें तालबेहट की शुरुआत धीमी हुई और 16 ओवरों के मैच में 98 रन ही बना सकी, जिसमें मुरली ने 22 रन, बृजेंद्र ने 17 रन, संस्कार ने 18 रन का योगदान



दिया, झांसी की टीम के घातक गेंदबाज यशपाल जिन्होंने पांच विकेट लेकर टहल वेट को 98 रन के स्कोर पर रोक दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी झांसी की टीम, शुरुआत खराब रही 24 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट खो दिए, इसके बाद बैटिंग करने आए पोंटिग की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत झांसी ने 14.5 ओवरों में 6 विकेट से जीत दर्ज कर सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मैच के मैन ऑफ द मैच रहे यशपाल जिन्होंने अपने चार ओवर में लिए 5 विकेट मैच की स्कोरिंग धीरज शर्मा, मैच में उपस्थित रहे दर्शन यादव, संजय जैन, राहुल यादव,सेलू राजा,संदीप राजा, एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नव जागरण अभियान के तहत कृषक बालिका इंटर कॉलेज में तहड़ी भोज व जागरूकता कार्यक्रम

**इटियाथोक गोंडा।** इटियाथोक ब्लॉक स्थित कृषक बालिका इंटर कॉलेज में नव जागरण अभियान के अंतर्गत तहड़ी भोज एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभियान के संचालक गणेश नाथ मिश्र के सौजन्य से हुआ, जिसमें शिक्षक, छात्राएं, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।इस अवसर पर गणेश नाथ मिश्र ने छात्राओं को बाल श्रम, अशिक्षा, दहेज प्रथा, पर्यावरण संरक्षण, संवैधानिक कर्तव्यों तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों व विद्यालय प्रबंधन को डायरी व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सराहनीय बताया।

# बैतालपुर चीनी मिल चलाने की मांग को लेकर किसानों का धरना 1 वर्ष 249वें दिन भी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा एवं संयुक्त महा मोर्चा के तत्वावधान में बैतालपुर चीनी मिल को पुनः संचालित कराने तथा किसान हितों से जुड़ी अन्य मांगों के समर्थन में कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा किसानों का धरना शुक्रवार को 1 वर्ष 249वें दिन भी लगातार जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के किसान पिछले लगभग 10 वर्षों से बैतालपुर चीनी मिल के लिए संघर्ष और तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चार बार चीनी मिल को चलाने का वादा किया गया, लेकिन आज तक वह वादा पूरा नहीं हो सका है। यह किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक बैतालपुर चीनी मिल का संचालन पुनः प्रारंभ नहीं किया जाता, तब



तक यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। किसानों का यह संघर्ष केवल चीनी मिल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के आर्थिक भविष्य से जुड़ा हुआ है। धरना स्थल पर अवधेश मणि त्रिपाठी, संजीव शुक्ला, गीता पांडेय, पंडित वेद प्रकाश, बरकत अली, नईम खान, राजेश आजाद, मंजू चौहान, राम इकबाल चौहान, राम सिंगर प्रसाद, राजू चौहान, जितेंद्र यादव, श्रीकांत, मुकेश राजभर, सुनील दास, रामनिवास पांडे, नरसिंह यादव, श्रीराम मिश्रा, दिनेश राव, शिवप्रसाद बारी सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# साहब ! कोटेदार काट लेता एक यूनिट राशन, बीएलओ ने मतदाता सूची में दिखा दिया मृतक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा** – गोरखपुर जनपद के सहजनवां तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उस समय भावुक हो उठा, जब एक वृद्ध महिला अपनी पीड़ा लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के सामने गिड़गिड़ाती नजर आई। महिला ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली और निर्वाचन व्यवस्था दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कोटेदार और बीएलओ पर मनमानी के आरोप लगाए। तहसील क्षेत्र के शहरी वार्ड की निवासी कमलावती देवी ने समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके राशन कार्ड पर निर्धारित मात्रा से एक यूनिट राशन कम दिया जा रहा है। कई बार कोटेदार से शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। वृद्ध महिला का आरोप है कि कोटेदार जानबूझकर राशन में कटौती



करता है और विरोध करने पर धमकाने से भी नहीं चूकता।

इतना ही नहीं, कमलावती देवी ने एक और चौंकाने वाला आरोप लगाते हुए कहा कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा उनका नाम मतदाता सूची में मृतक दर्शा दिया गया है, जबकि वह जीवित हैं और वर्षों से मतदान करती आ रही हैं। इस गलती के कारण उनका वोटिंग अधिकार भी प्रभावित हो गया है। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों और फरियादियों के बीच जब महिला अपनी बात कहते हुए भावुक हो गई तो माहौल भी गंभीर हो गया। महिला ने हाथ जोड़कर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई और कहा कि राशन और वोट, दोनों गरीब के जीवन के लिए जरूरी हैं, लेकिन सिस्टम की लापरवाही ने उसे हर मोर्चे पर परेशान कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी सहजनवां ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन कटौती की जांच कर शीघ्र समस्या का समाधान कराया जाए। साथ ही मतदाता सूची में नाम को लेकर की गई गलती की भी जांच कर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत गंभीर है और इसे हल्के में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों से रिपोर्ट लेकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा पीड़िता को पूरा न्याय दिलाया जाएगा।

# सिकरीगंज में बालक से दुष्कर्म के आरोपी वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी, ड्रोन कैमरा व घड़ी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद में सिकरीगंज थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बालक से दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर श्री राज करन नैय्यर (L.P.S.), पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दिनेश कुमार पुरी (P.P.S.) तथा क्षेत्राधिकारी खजनी श्री कमलेश सिंह (P.P.S.) के कुशल निर्देशन में संपन्न हुई। थानाध्यक्ष आशीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर यह अहम सफलता हासिल की। पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक कुमार, उप निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह तथा हमराह कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह यादव व कांस्टेबल पुष्पेन्द्र वर्मा शामिल रहे। पुलिस ने आज दिनांक 17 जनवरी 2026




को चौकड़ी से कस्बा सिकरीगंज आने वाली सड़क पर पठखौली गांव के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सर्वेश चौबे पुत्र बलराम चौबे, निवासी ग्राम चौकड़ी, थाना सिकरीगंज, जनपद गोरखपुर, उम्र लगभग 24 वर्ष के रूप में हुई है। अभियुक्त थाना सिकरीगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 330/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस के तहत वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर बालक से दुष्कर्म का गंभीर आरोप है, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त वर्ष 2025 में दिनांक 02 अगस्त को ग्राम भटपुरवा थाना सिकरीगंज में दर्ज मुकदमे से संबंधित था। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद ड्रोन कैमरा मय उपकरण तथा एक हाथ की घड़ी बरामद की गई है। बरामद सामान को विधिक प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया गया है।

आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। यदि अन्य मामलों में उसकी संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। गोरखपुर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर आमजन का विश्वास मजबूत हुआ है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अपराधियों को कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

# पाँच कल्याणकों की साक्षी पावन भूमि अब 'गजरथ धाम' के नाम से जानी जाएगीः मुनि सुव्रतसागर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में आयोजित श्रीमज्जिजिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा विश्व शांति महायज्ञ एवं नव गजरथ महा महोत्सव का शनिवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन 400 जिनबिम्बों की प्राण-प्रतिष्ठा, मोक्ष कल्याणक के संस्कार और विशाल गजरथ यात्रा के साक्षी हजारों श्रद्धालु बने। परम पूज्य आचार्य प्रवर विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित इस महोत्सव में वात्सल्य मूर्ति मुनि सुव्रतसागर महाराज का पावन सान्निध्य रहा। प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजय भैया मुरैना एवं सह प्रतिष्ठाचार्य अमित जैन शास्त्री इंदौर के निर्देशन में प्रातः मूलनायक भगवान चमत्कारी बाबा पारसनाथ स्वामी का मस्तिकाभिषेक किया गया। इसके उपरांत प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक निर्वाण लाडू चढ़ाकर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। अयोध्या नगरी में शांतिधारा अभिषेक के बाद मोक्ष कल्याणक के संस्कार सम्पन्न हुए, दिव्य गूंज के बीच भगवान का निर्वाण हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सुव्रतसागर महाराज ने कहा कि भगवान आदिनाथ स्वामी के मोक्ष



कल्याणक की मंगल बेला में पंचकल्याणक महा महोत्सव का आयोजन परम सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि यह पावन भूमि जहाँ अब तक पाँच बार पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव सम्पन्न हुए हैं, अब 'गजरथ धाम' के नाम से जानी जाएगी।

दोपहर में भव्य नव गजरथ महामहोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें नौ रथों की सात फेरी भारी जनसमूह के बीच सम्पन्न हुई। प्रमुख पात्र श्रीजी को लेकर रथों में विराजमान रहे। हाथी पर धर्मध्वजा लेकर रमेशचंद जैन बबीना परिवार शोभायमान रहा। जयघोष, दिव्य घोष और मंगल गीतों के साथ महिलाएं, श्रावक-श्राविकाएं तथा संतजन गजरथ यात्रा में सहभागी बने। यात्रा के पश्चात अयोध्या नगरी में श्रीजी का पुनः मस्तिकाभिषेक किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने निर्विघ्न एवं भव्य आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। क्षेत्र प्रबंध समिति द्वारा आगंतुक विद्वानों, अतिथियों एवं सहयोगियों का स्वागत-सम्मान किया गया। महामंत्री जयकुमार जैन कंधारी ने बताया कि पंचकल्याणक कार्यक्रम के समापन पर रविवार 18 जनवरी को प्रातः मूलनायक भगवान पारसनाथ स्वामी का अभिषेक शांतिधारा किया जाएगा। इसके बाद नव निर्मित वर्तमान तीस चौबीसी के मूलनायक भगवान शांतिनाथ, कुंथुनाथ एवं अरनाथ स्वामी का मस्तिकाभिषेक होगा। कार्यक्रम में बा. ब्र. अंशु भैया कोलारस, पारस भैया, पं. विनोद कुमार शास्त्री, डॉ. जयकुमार, राजकुमार चकरपुर, अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन बबीना, मंत्री जयकुमार जैन कंधारी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद जैन बबीना, उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा, संयुक्त मंत्री विकास भंडारी, उपमंत्री आकाश चौधरी, ऑडिटर पंकज भंडारी सहित देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे सकल दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालुओं का सक्रिय सहयोग रहा। आभार अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन बबीना एवं उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिरसागंज तहसील में होगी मत्स्य पालन तालाबों की नीलामी

**फिरोजाबाद।** उप जिलाधिकारी सिरसागंज ने बताया है कि तहसील सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद की ग्राम सभाओं में निहित तालाव पोखरो भीनाशयों एवं जल प्रणालियों का 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा जलजाति पदार्थ के उत्पादन के प्रयोजनार्थ पट्टा आवंटन हेतु पात्र व्यक्तितयों के मध्य नीलामी उ0प्र0रा0 सं0 नियमावली 2016 में निहित प्राविधानों के अधिनियम 57 धारा 61 की उपधारा 1 से 15 में किये गये प्राविधानों के तहत तहसील सिरसागंज के सभागार में दिनांक-24-1-26 को 12 बजे से की जायेगी। नीलामी के पूर्व बोली बोलने के आरक्षित बोली की 10 प्रतिशत जमानत राशि के रुप में जमा करने के उपरान्त ही नीलामी की प्रकिया में प्रतिभाग किया जा सकता है। नीलामी की बोली 2.00 हे0 से कम क्षेत्रफल के तालाबों की नीलामी रु0-5000 प्रति हे0 प्रति वर्ष एंव 2.00 हे0 से बडे तालाबों की नीलामी रु0-10000 प्रति हे0 प्रति वर्ष की दर से कम पर नहीं होगी। निम्नतालिका के अतिरिक्त विभिन्न ग्राम सभाओं के अवशेष तालाबों की नीलामी आवंटन भी समिति की सहमति से किया जा सकता है। नीलामी शिविर में 2.00 हे0 से कम क्षेत्रफल वाले तालाबों का आवंटन प्रथम वरीयता के अनुसार केवट, कहार मल्लाह मछुआ समुदाय एंव द्वितीय वरीयता के अनुसार अनुसूचित जाति तथा तृतीय वरीयता के अनुसार अन्य पिछडा वर्ग व अन्य व्यक्तियों को आवंटित किया जायेगा। तालिका में इंगित तालाबों की नीलामी यदि उक्त तिथि को नहीं हो पायेगी तो उनकी नीलामी तालाब मत्स्य पालन आवंटन प्रत्येक शुक्रवार को राजकीय कार्य दिवस में निरन्तर तब तक की जायेगी जब तक कि सूची में अंकित तालाबों के निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण न हो।

### दुधवा में दिखा दुर्लभ 'फोर्स्टन कैट स्नेक', गाइड राजू के कैमरे में कैद हुई अद्भुत तस्वीर



**पलिया कलां-खीरी।** विश्व प्रसिद्ध दुधवा टाइगर रिजर्व अपनी जैव विविधता के लिए जाना जाता है, लेकिन शनिवार की शाम यहाँ एक ऐसा दुर्लभ नजारा देखने को मिला जिसने वन्यजीव प्रेमियों को उत्साहित कर दिया है। दुधवा के जंगलों में बेहद कम दिखने वाला 'फोर्स्टन कैट स्नेक' (Forsten's Cat Snake) देखा गया है।

शनिवार शाम को सफारी के दौरान गाइड राजू ने इस दुर्लभ सांप को अपनी नजरों से देखा और बिना देर किए अपने कैमरे में इसकी शानदार तस्वीरें कैद कर लीं। फोर्स्टन कैट स्नेक एक ऐसा सांप है जो घने जंगलों में रहता है और मानवीय हलचल से दूर रहना पसंद करता है, जिसके कारण इसके दर्शन बहुत ही कम होते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, इस सांप की आंखें बिल्ली की तरह बड़ी और चमकदार होती हैं, जिसके कारण इसे 'कैट स्नेक' कहा जाता है। यह मुख्य रूप से पेड़ों पर रहने वाला सांप है और रात के समय अधिक सक्रिय होता है। दुधवा में इस सांप की मौजूदगी यहाँ के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमाण है। गाइड राजू द्वारा ली गई यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वन्यजीव प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। पार्क प्रशासन ने भी इस दुर्लभ प्रजाति के दिखने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र को मिली एक और सड़क निर्माण की सौगात



**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के जोगिया ब्लॉक अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा उसका अजगरा धर्मसिंहवा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु ?16 करोड़ 24 लाख 70 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप इसका लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर जनकल्याण एवं आधारभूत संरचना के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# सात साल की सजा और जुर्माना के बाद भी नौकरी बहाल

**● सजायाफ्ता पंचायत मित्र ने बनाई करोड़ों की सम्पत्ति,**

**महेवागंज में चौकी के पास बनाई आलीशान हवेली, और जमीन खरीदने के लगे आरोप**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला ब्लाक बिजुआ की ग्राम पंचायत जोधपुर का है जहां खंड विकास अधिकारी की मिलीभगत से सजायाफ्ता पंचायत मित्र जफर अली पुत्र मुशर्रफ काट रहा.मलाई रहा है।सूत्र बताते हैं कि जफर अली पुत्र मुशर्रफ पर अवैध तरीके से ,कागजो पर काम दिखाकर लाखो का खेला किये जाने के आरोप लगाए गए हैं।इतना ही नहीं पंचायत मित्र के पद पर तैनात रहकर करोड़ो की नामी बेनामी संपत्ति बनाए जाने की चर्चा जोर पकड़ती जा रही हैं।

**महेवागंज मे आलीशान महल और कृषि योग्य जमीन व अन्य संपत्ति आखिर कहां से बनाई।**

यदि मामले की हो जाय निष्पक्ष जांच, और आय से अधिक संपत्ति की जांच तो होगा एक बडे घोटाले का पर्दाफाश और रहस्य का रहस्योद्घाटन भी होगा और कई अन्य लोगों पर भी आएगी जांच की आंच।मिली जानकारी के अनुसार पंचायत मित्र जफर अली पुत्र मुशर्रफ तीन बार जिला कारागार में निरुद्ध रहा है।और वर्ष 2019 में एक रेप के केस में सात साल की सजा और 25000 रुपया के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त मामला उच्च न्यायालय लखनऊ में पेंडिंग बताया जाता है। सवाल यह है कि बलात्कार जैसे आरोप मे सात साल की सजा एव पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना के बाद भी किस नियम और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से पंचायत मित्र की नौकरी बरकरार रखी गई है।किस सक्षम अधिकारी के आदेश से यह पंचायत मित्र के पद पर कार्यरत हैं। सूत्रों की माने तो वर्ष 2010 में एक माह 10 दिन, वर्ष 2012 में तथा 2019 में दो साल जैल में रहने के साथ ही सजा और जुर्माना से दण्डित किया गया। नियमानुसार जैल में रहते हुए ड्युटी से अनुपस्थित की हालत में संविदा स्वतः समाप्त हो जाती हैं।ऐसी स्थिति में पंचायत मित्र जफर अली की नौकरी बहाल कैसे है?मामले की तह तक पहुंचने के लिए सूचना अधिकार अधिनियम से जानकारी चाही गई है। जिला पंचायत राज कार्यालय से जानकारी मिलने के बाद मामले का होगा खुलासा और कई जिम्मेदार लोगों पर भी आएगी कार्रवाई की आंच।मामले की सी एम पोर्टल पर शिकायत कर जांच कराये जाने की मांग किए जाने की बात कही गई है।

इस सम्बंध में जब पंचायत मित्र जफर अली से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा केवल हम ही नहीं ब्लॉक बिजुआ में और भी कई लोग है जो 10 साल की सजा के सजायाफ्ता है।वह भी तो नौकरी कर रहे हैं।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को परखने भदपुरा प्रमुख रवि शंकर गंगवार पहुंचे



**बरेली/**ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार भाजपा के मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ संख्या 223 नरहरपुर गौरी खेडा स्थिति का जायजा लेने पहुंचे यहां पहुंचने पर उन्होंने नए वोटो के बनने की प्रगति अच्छी साथ ही कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जो युवा युवती 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं उन सभी का वोट बनना अनिवार्य है यह निर्देश उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए। इस स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला का भी निरीक्षण किया जिसमें दो गाय बीमार मिली जिस पर ज्ञात हुआ उनका उपचार करने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी या उनके अन्य स्टाफ की कथित लापरवाही के कारण यह हो रहा है इस पर उन्होंने सुंदरी के डॉक्टर सतपाल सिंह को फोन पर निर्देशित किया तत्काल इनका इलाज करवाया जाए इस कार्यक्रम में सुंदरी मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह ग्राम प्रधान बलराम सिंह बूथ अध्यक्ष श्याम बिहारी लाल शर्मा दिनेश गंगवार राजेश गंगवार सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

## SIR विशेष अभियान के अंतर्गत टूण्डला विधानसभा के टूण्डला मंडल के बूथ न 162 पर जाकर 18 वर्ष के हो रहे नव मतदाताओं का फॉर्म 6 भरवाया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला** - 18 जनवरी दिन रविवार को स्ढ्क्र विशेष अभियान के अंतर्गत टूण्डला विधानसभा के टूण्डला मंडल के बूथ 162 पर जाकर प्रवासी के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष दिलीप गौड़ ओर BLA 1 सरदार प्रीतपाल सिंह , जिला मंत्री मनमोहन सिंह के साथ घर घर जाकर 6 नंबर फॉर्म भरवाकर नए वोट बनवाने हेतु कार्य किया इसी क्रम में पचोखरा मण्डल के बूथ संख्या 60 नगला जाट व 61 मोती गढ़ी, गढ़ी जादी में पचोखरा मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बूथ पर घर जाकर SIR में जो मतदाता SIR फॉर्म भरने से वंचित रह गए व जनवरी/फरवरी 2026 में 18 वर्ष के हो रहे नव मतदाताओं का फॉर्म 6 भरवाया। बूथ पर घर घर जाकर स्ढ्क्र मसौदा सूची, 2003 की मतदाता सूची, ASD मतदाता सूची व 2025 की मतदाता सूची साथ लेकर सभी मतदाताओं के नई मतदाता सूची में नाम है अथवा नहीं हैं जांच करवाया।

बूथ पर प्रशासनिक BLO के साथ बैठकर सहयोग किया। अभियान में मंडल महामंत्री अजीत जुरैल, BLO नरेंद्र सिंह, लता कुमारी, अंजना यादव, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, समुद्र सिंह, महेश सिंह, गिरेंद्र सिंह, पूरन सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे व सहभागिता की। इसी श्रृंखला में जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह बघेल, शिव शंकर शर्मा, सचिन जैन, आकाश शर्मा, सतीश बघेल, मण्डल अध्यक्ष महावीर सिंह, मण्डल महामंत्री ब्रजवीर सिंह, राजीव गंगवार, रिंकू उपाध्याय आदि लोगों ने आवंटित बूथों पर जाकर अभियान में सहभागिता की।

## नामकरण के अवसर परसार्वजनिक मार्ग पर अश्लील नृत्य, डीजे पर आपत्तिजनक गानों का आयोजन, पड़ा भारी

**● छह के खिलाफ मुकदमे की संस्तुति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**थाना क्योलडिया, जिला बरेली क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर में सार्वजनिक स्थान पर अश्लील नृत्य कराए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को वाट्सएप के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें गांव के आम रास्ते पर डीजे बजाकर महिलाओं से अश्लील नृत्य कराए जाने की बात सामने आई। प्राप्त वीडियो के आधार पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उप निरीक्षक रणवीर सिंह द्वारा 17 जनवरी की रात्रि करीब 23:02 बजे रपट संख्या 50 दर्ज कर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की गई। मौके पर पाया गया कि ग्राम बीरमपुर निवासी ओमेन्द्र गंगवार द्वारा अपने पुत्र के नामकरण संस्कार की खुशी में तीन नर्तकियों को बुलाकर गांव के सार्वजनिक मार्ग पर तेज आवाज में अश्लील गाने बजवाए जा रहे थे, जिन पर खुलेआम अश्लील नृत्य कराया जा रहा था।

घटना स्थल पर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। महिलाएं और बुजुर्ग इस दृश्य को देखकर असहज महसूस कर रहे थे। वहीं कुछ लोग शराब के नशे में मंच के नीचे अश्लील हरकतें करते पाए गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम




को तत्काल बंद कराया और मोबाइल फोन से साक्ष्य के रूप में वीडियो रिकॉर्ड किया। पूछताछ में कार्यक्रम के आयोजन की पुष्टि हुई, लेकिन आयोजक ओमेन्द्र गंगवार व नृत्य कर रही महिलाएं मौके से फरार हो गईं। डीजे संचालक राकेश पुत्र मुरलीधर निवासी थाना जहाँनाबाद जिला पीलीभीत तथा मौके पर मौजूद सुभाष गंगवार, सुरेन्द्र पाल, अवनीश और राम प्रकाश से लाइसेंस मांगा गया, जिसे वे प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस के अनुसार यह कृत्य सार्वजनिक स्थान पर अश्लीलता फैलाने की श्रेणी में आता है, जो भारतीय न्याय संहिता की धारा 296/79 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। यह घटना 17 जनवरी की रात्रि लगभग 9 बजे से 11:50 बजे के बीच की बताई गई है। पुलिस द्वारा सभी छह आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की संस्तुति की गई है और मामले की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## वकीलों ने घेरा डी एम कार्यालय, सौपा ज्ञापन

**खूब लगे पालिया यस डी एम मुर्दाबाद के नारे**

**लखीमपुर खीरी** पलिया तहसील में कंबल चोरी के मामले में आज अधिवक्ता संघ पलिया के सैकड़ों वकीलों ने घेरा डीएम कार्यालय लगाए पलिया एसडीएम मुर्दाबाद के नारे, सौंपा ज्ञापन अधिवक्ताओं ने एसडीएम पलिया की कार्यशैली पर लगाए गंभीर आरोप, बोले मोहम्मदी तहसील से तीन लेखपाल लाकर कर रहे हैं धन उगाही, ।इतना ही नहीं अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी पालिया पर पलिया हवाई पट्टी की करीब 500 एकड़ भूमि पर खेती कराने तथा, तुल्ली फॉर्म में 80 एकड़ भूमि पर भी अवैध रूप से खेती करने का गंभीर आरोप,लगाया है।

वकीलों के अनुसार रक्षक ही भक्षक की भूमिका में आ जाए तो आम आदमी न्याय मागने आखिर कहां जाएगा।इसके अतिरिक्त अपर आयुक्त का आदेश भी न मानने का लगाया आरोप, बोले नगर पालिका की भूमि पर अवैध निर्माण में अपर आयुक्त के स्थगन आदेश को भी नहीं मानते उप जिलाधिकारी पलिया,।उप जिलाधिकारी पालिया की तानाशाह रवैया से आहत वकीलों ने डी एम खीरी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ता बोले अगर जिलाधिकारी से नहीं मिलेगा न्याय, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर खोलेंगे तहसील प्रशासन के कार्यो का काला चिट्ठा।

## पुलिस ने 25 हजार के वांछित ईनामी गौ-तस्कर को पकड़ा तमंचा बरामद जेल भेजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** थाना क्योलड़िया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी, वांछित व अपराधी गौ-तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जीशान पुत्र कलुआ निवासी ग्राम भूढा, थाना भोजीपुरा, बरेली के रूप में हुई है। अभियुक्त थाना क्योलड़िया के मु0अ0सं0 121/24 धारा 3/5क/8 सीएस एक्ट में वांछित था। गिरफ्तारी न होने पर माननीय न्यायालय से उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस द्वारा उसके घर पर कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त के पिता की मृत्यु 12 जनवरी 2026 को हो गई थी, जिसके चलते वह पिता के दसवें कार्यक्रम में शामिल होने गांव आया था। इसी दौरान अभियुक्त के पुनः गौकशी की घटना को अंजाम देने की सूचना प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह को मुखबिर खास से प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस बल के साथ भौआ बाजार पेट्रोल पंप के पास नहर की पुलिया, ग्राम असुआ कट से आगे मैन रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक नाजायज तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना क्योलड़िया में मु0अ0सं0 2026/018 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। अभियुक्त के अन्य सह अभियुक्तों के विरुद्ध पूर्व में ही मु0अ0सं0 121/24 धारा 3/5क/8 सीएस एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का एक संगठित गिरोह है, जिसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त जीशान पर 11 अपराधिक मामले दर्ज हैं इसलिए इस पर 25000 का इनाम घोषित किया गया था जिसे क्योंलाडिया के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल नवीन कुमार सुमित यादव लोकेंद्र आदिपुलिस पकड़ लिया और उसे जेल भेज दिया है।

## निघासन में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**निघासन।** नगर पंचायत निघासन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिला पंचायत इंटर कॉलेज मैदान में रकेहटी मंडल के अंतर्गत विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने सहभागिता की।

आयोजन का उद्देश्य हिंदू समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन–कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार और स्वदेशी के बोध–पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज से जाति-पात की भावना समाप्त कर सभी को 'हम सब हिंदू भाई-भाई' के भाव के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूक, संस्कारवान और संगठित समाज ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा, 'जीना है तो जग में गरजें, हिंदू हम सब एक हैं। उलझे-सुलझे प्रश्नों का उत्तर केवल एक है–हिंदू हम सब एक हैं।'

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे कस्बा निवासी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने उत्तरदायित्व–घर, समाज और राष्ट्र–के प्रति सजग रहना चाहिए। यदि हर व्यक्ति अपने दायित्व को समझ ले, तो समाज में धर्म और सद्भाव की जय स्वतः हो जाएगी। कार्यक्रम में गुरुद्वारा के ग्रंथी सरदार जसवीर सिंह, गुलरीपुरवा मंदिर के मुख्य पुजारी बाबा रामसनेही दास, राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. निधि वर्मा सहित अनेक धर्मगुरु व शिक्षाविद उपस्थित रहे। संचालन गिरजा शंकर ने किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक अभिषेक, सह विभाग प्रचारक अविनाश, जिला कार्यवाह संजीव, जिला सह शारीरिक प्रमुख रामनिवास, आदित्य अजय, सह जिला बौद्धिक प्रमुख डॉ. सुनील सत्यार्थ, खण्ड प्रचारक आदर्श सहित विधायक शशांक वर्मा, श्यामू पाण्डेय, प्रेम सोनी, जितेंद्र, हनुमत शरण, प्रभाकर, बद्रीप्रसाद मौर्य, डॉ. आशीष गुप्ता, देवेंद्र कुमार, अंशुल दीक्षित, प्रभाकर मिश्रा अनुज समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

समापन अवसर पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने सहभागिता की। आयोजकों ने अंत में सभी आगंतुकों का आभार जताया। ग्रामीणों और नगरवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नवभारत निर्माण एकेडमी रकेहटी के बच्चों ने स्वागत गीत, आरम्भ है प्रचण्ड गीत पर मनमोहक झाकियां प्रस्तुत कर क्षेत्र भर से आए हुए सभी आगंतुकों, क्षेत्रवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## झूठी एवं भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले लेखपाल पर कब होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** योगी सरकार में शिकायतकर्ता की नहीं अफसर की झूठी रिपोर्ट की सुनवाई किए जाने का मामला सामने आया है। आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायतों में जांच जमीन पर नहीं कागजों पर होती है और मनमानी भ्रामक रिपोर्ट लगाकर शिकायत निश्तरित कर दी जाती है। ऐसा ही एक मामला तहसील गोला में सामने आया है जहां आइजीआरएस पोर्टल पर वर्ष 2022 में की गई शिकायत में लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और कानून गो द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर बगैर जांच , पैमाइश किए शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।

**क्या है मामला:** मामले पर एक नजर डालें तो तहसील गोला के अंतर्गत परगना कुकुरा ग्राम पंचायत जटपुरा में आरक्षित खेल मैदान गाटा संख्या 1192/ 0.15 हेक्टेयर पर मुस्लिम समाज के दबंग लोगों द्वारा अवैध कब्जा करके आलीशान मकान खड़े कर लिए गए थे !जिसकी शिकायत संदर्भ संख्या 40015322010052 के माध्यम से आइजीआरएस पोर्टल पर की थी। उसकी जांच मे तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा ने विपक्षी गणो से भारी भरकम सुविधा शुल्क लेकर फर्जी रिपोर्ट लगा दी। भूपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा लगाई गई अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया कि खेल मैदान की जमीन विद्यालय की बाउंड्री के अंदर है और उक्त खेल मैदान की जमीन पर किसी भी व्यक्ति का कोई अवैध कब्जा नहीं पाया गया।

स्पॉट मेमो संलग्न है लिखते हुए शिकायत का फर्जी निस्तारण कर अवैध कबजेदारों को आवेदन दे दिया गया। उपरोक्त फर्जी बड़े का खुलासा उससमय हुआ जब खेल मैदान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पुनः शिकायत की गई आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत की जांच को गठित टीम में क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा जब मौके पर




जाकर पैमाइश की गई तो उक्त खेल मैदान पर लगभग आधा दर्जन लोगों के अवैध पक्के मकान पाए गए।

क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत की गई जांच में अवैध कब्जे की पुष्टि की गई है जिससे पूर्व में तैनात रहे लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा के फर्जी बाड़े की पोल खुलकर सामने आ गई। लोगों का आरोप है अफसर की इस मनमानी के चलते योगी सरकार में आइजीआरएस पोर्टल महज मजाक बनकर रह गया है फर्जी आख्या लगाने वाले लेखपाल और कानूनगो के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

## सपा का कार्यकर्ता समागम तथा खिचड़ी भोज आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन-खीरी।** कस्बे के महात्मा बुद्ध डिग्री कालेज में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक आर एस कुशवाहा ने कार्यकर्ता समागम एवम् खिचड़ी भोज का आयोजन किया। रविवार को आयोजित खिचड़ी भोज में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि सामजिक समरसता व आपसी भाईचारे को बढावा देने के लिये यह आयोजन किया गया है। हमें सभी धर्मों के त्योहार आपसी भाईचारा बनाए रखने व प्रकृति से प्रेम करने का संदेश देते हैं। डबल इंजन की सरकारें सदियों से चले आ रहे इस भाईचारे को खाई में तब्दील करने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल है। अपराधियों का बोलबाला है। गरीबों व मजलूमों को बुलडोजर का भय दिखाया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में सपा की सरकार बनेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहा कि योगी सरकार में कानून व्यवस्था के नाम पर गरीबों व असहायों पर जुल्म ढाया जा रहा है। सच उजागार करने पर मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। मीडिया संस्थानों पर सरकार का कब्जा है। राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक आर एस कुशवाहा ने कहा कि खिचड़ी भोज हर साल आपसी भाईचारे व समसरता दिवस के रूप में मनाया जाता है। आपसी गिले शिकवे भुलाकर त्योहार मनाना चाहिये। बीते लोकसभा चुनाव में सपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। लोगों का डबल इंजन की सरकार से मोहभंग हो चुका



है। यूपी के अगले सीएम अखिलेश यादव बनेंगे। कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष भण्डारी यादव, ओमकार सिंह, बेनजीर उमर, मनोज वर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान रामासरे यादव, ध्रुव मौर्य, मोहम्मद सलीम, लल्लू चतुर्वेदी, माजिद अली, संदीप यादव, राजेंद्र यादव, बसी अहमद, पुष्पेंद्र तिवारी, पिन्टू यादव, कृष्णा लोधी, जलीस अहमद समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कस्ता मितौली पटेल सेवा संस्थान में शपथ ग्रहण समारोह व खिचड़ी भोज

**● मितौली खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा 'मधुर' ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ, समाजसेवा का लिया संकल्प**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कस्ता/मितौली।** कस्ता मितौली पटेल सेवा संस्थान द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं सामूहिक खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे सांसद उत्कर्ष वर्मा 'मधुर' ने संस्थान के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने कहा कि सामाजिक संस्थाएं समाज को सही दिशा देने का कार्य करती हैं। शिक्षा, सेवा और संगठन के माध्यम से समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और जरूरतमंदों की मदद के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। जिसमें कार्यकारणी अध्यक्ष सत्य पाल पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पटेल प्रकाश बाबू, कोषअध्यक्ष रामसरन वर्मा, उप सचिव वेद प्रकाश, संयुक्त मंत्री अभय वर्मा, उपाध्यक्ष यज्ञ दत्त वर्मा, संगठन मंत्री पटेल श्रवण वर्मा, हर्ष पटेल, संदीप पटेल, पटेल सर्वजीत, लेखासंप्रेरक सुमेश वर्मा, मीडिया प्रभारी अमित वर्मा (पत्रकार), विधिक सलाहकार कपिल वर्मा, मार्ग दर्शक रामदास वर्मा, पटेल चंद्र शेखर वर्मा डायरेक्टर आदि सभी पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी ली कार्यक्रम का संचालन पटेल संस्थान गोला के पूर्व अध्यक्ष पारस वर्मा ने किया

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता की। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में सभी सम्मानित अथिति योगेश वर्मा (सदर विधायक) (नीरज वर्मा (राज्य महिला आयोग सदस्य, रवि वर्मा (पूर्व सांसद), प्रहलाद पटेल (कांग्रेस जिला अध्यक्ष), अनिल वर्मा (कुर्मी महासंघ अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष), सुभाष वर्मा, अशोक कनौजिया, नंद लाल वर्मा (प्रोफेसर पूर्व) मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खडी ट्रक में बाइक सवार भिड़े दोनों की घटना स्थल पर हुई मौत

**सूचना पर पहुची पुलिस दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी जहाँ चिकित्सक ने देखते ही दोनों को मृत घोषित कर दिया**





**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज रोड पर महुगढ समहुती गाँव में शनिवार को आठ बजे रात ड्रमंडगंज की तरफ से घर आते समय बाइक सवार अनियंत्रित होकर खडी ट्रक में पीछे से भिड़ गया जिस पर सवार दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई सूचना पर पहुची पुलिस दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाक्षेत्र के कोटार गाँव निवासी 17 वर्षीय विकास व प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के मडफा गाँव निवासी अपने साले के साथ 26 वर्षीय प्रकाश के साथ ड्रमंडगंज की तरफ से कोटार गाँव आ रहे थे कि जैसे ही महुगढ के समहुती गाँव में पहुंचे की सडक किनारे खडी ट्रक में पीछे से भिड गये बाइक इतनी तेज थी कि दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुचे थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव पहुच कर दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहाँ चिकित्सक विवेक खरे ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

### डायल-112 की तत्परता से चार घायलों की बची जान

**कटका पड़ाव मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना**

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में डायल-112 सेवा की त्वरित कार्रवाई से थाना औराई क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल चार व्यक्तियों की जान बचाई जा सकी। थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत कटका पड़ाव मार्ग पर शनिवार प्रातः लगभग 08:26 बजे एक ऑटो रिक्शा और अन्य वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के चलते मार्ग पर यातायात भी बाधित हो गया। घटना की सूचना डायल-112 पर मिलते ही पीआरवी-6744 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने गंभीर रूप से घायल सभी व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया तथा 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई भेजा गया, जहां उनका उपचार शुरू कराया गया। समय से इलाज मिलने के कारण सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा क्षतिग्रस्त ऑटो को सड़क से हटवाकर यातायात को शीघ्र सुचारु कराया गया। मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। डायल-112 की पीआरवी-6744 टीम में कमांडर उ0नि0 अमरेश सिंह,सब-कमांडर मुख्य आरक्षी रविंद्र प्रताप तथा चालक होमगार्ड रमाशंकर यादव शामिल रहे।

### जनता दर्शन में आए पारिवारिक संपत्ति विवाद का डीएम व एसपी ने कराया समाधान



**भदोही।** विकासखंड अभोली के ग्राम पंचायत पांडेयपुर, थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत पारिवारिक संपत्ति विवाद का जिला प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त पहल से स्थायी समाधान करा दिया गया। यह मामला जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के समक्ष जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रस्तुत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बातों को सुना गया और आपसी समझाइश के माध्यम से विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया गया। अधिकारियों के हस्तक्षेप से दोनों पक्ष आपसी सहमति पर पहुंचे, जिससे लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। प्रशासन की इस त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई से क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस की पहल की सराहना की है।

# महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का जिपं अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**● उद्घाटन मैच में बांदा ने पडरौना को हराया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** तेजधर ब्रह्म बाबा खेल समिति के तत्वावधान में आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ रविवार को महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया तथा आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला पडरौना और बांदा जनपद की टीमों के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी स्टेडियम पहुंचे। टॉस जीतकर बांदा के कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पडरौना की टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए। पडरौना की ओर से अमन तिवारी (42 रन), विवेक (34 रन) और सुजीत (23 रन) ने उपयोगी पारियां खेलीं।

बांदा की ओर से गेंदबाज़ी में शिव और धीरज मिश्रा ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि अमित, विक्की और सलमान को एक-एक सफलता मिली। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांदा की टीम ने सलमान के शानदार अर्धशतक की बदौलत 19 ओवर में 7 विकेट खोकर 155 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। सलमान के अलावा अमित सिंह (29 रन) और गुड्डू (24 रन) ने भी अहम योगदान दिया। पडरौना की ओर से गेंदबाज़ी में दिग्विजय को तीन विकेट, जबकि अमन मेहताब और सुजीत को एक-एक विकेट मिला।

इस अवसर पर चीफ ऑर्गनाइज़र प्रतीक महर्षि दुबे, संजय श्रीवास्तव, अमर बहादुर सिंह, कृष्णावतार त्रिपाठी 'राही', डॉ. अजय कुमार पांडेय, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, विजय शंकर राय, राजमणि पांडेय, राजकुमार सरोज, माता स्वरूप शुक्ला, स्वरूपा बिंद, नागेंद्र उपाध्याय, निशान्त पाठक, जटाशंकर दुबे, विवेक दुबे, जेपी सिंह, रामजीत यादव, श्याम बहादुर यादव, दिनेश यादव 'दादा', परमेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद रहे। मैच के समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। प्रतियोगिता का अगला मुकाबलाआजाद स्पोर्ट्स क्लब जूनियर बनाम सतना व वाराणसी बनाम प्रतापगढ़ के बीच खेला जाएगा।

### चुनार विधायक द्वारा बूथ संख्या 37 पर किया प्रवास



**सीखड़, मीरजापुर।** मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन के तहत विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत, प्रारंभ हो रहे तीन दिवसीय विशेष गहन अभियान के तहत सब? प्रथम बूथ संख्या 37 पर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का अवलोकन किया साथ में कितने नये मतदाताओं का नाम कटा कितने नये मतदाताओं का फार्म 6 भरे गए इसकी पूर्ण जानकारी प्राप्त किया। आगे इसके अलावा बूथ संख्या 37, 38 एवं 39 पर स्ढ्ढक्र के विषय में बूथवार स्थिति की जानकारी प्राप्त की और अपने उपस्थित में पात्र मतदाताओं के फार्म 6 भरवाकर जमा करवाया। उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, जितेंद्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज, महामंत्री आनन्द शर्मा,नीरज पटेल, सुजीत सिंह, प्रेमचंद, गणेश सिंह,सूरज मौर्य, राहुल त्रिपाठी, सुनील पाल, अनूप सिंह, संजय मिश्रा,प्र, अध्यापिका ललीता मौर्या सहित ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

## स्वास्थ्य अनमोल धन है- इश्तियाक अहमद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को निकाली गई विशाल साइकिल यात्रा ने जन जागरूकता की नई मिसाल कायम की। इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया जिनकी सोच और संकल्प ने युवाओं से लेकर समाजसेवियों तक एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस एस यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर पड़ाव, गेराई, कौलापुर होते हुए गहरपुर में समाजसेवी इश्तियाक अहमद के आवास पर पहुंची। वहां पहुंचने पर समाजसेवी इश्तियाक अहमद ने सभी साइकिल चालकों का फूलमाला और तालियों से जोरदार स्वागत किया गया।

इश्तियाक अहमद ने कहा कि आपका स्वास्थ्य अनमोल धन है। बाकी जरूरी कामों के साथ प्रतिदिन आधे घंटे का योग व्यायाम अवश्य करना चाहिए। अगर हम स्वस्थ रहेंगे तभी अपने काम को अच्छे ढंग से कर पाएंगे और परिवार की अच्छी देखभाल कर पाएंगे । भदोही साइकिलिंग क्लब का कार्य बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है जो गांव-गांव जाकर लोगों को शरीर को स्वस्थ और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दे रहे हैं। इश्तियाक अहमद ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और स्वयं



साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर गहरपुर, धनापुर उत्तरी, धारा विशंभरपट्टी, मदनपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए गहरपुर में इसका समापन हुआ। साइकिल यात्रा में राम श्रंगार चौधरी, जुल्फेकार अली, प्रवीण श्रीवास्तव, सद्दाम हुसैन, इश्तियाक अंसारी, ऋषभ यादव, वकील अहमद, हाफिज सलाउद्दीन, बनारसी बिंद, राजू बाजीगर, जावेद हाशमी, ताज अली, प्रमोद मौर्या, सरफराज अहमद, जिगर गुप्ता, महमूद आलम, राजीव जायसवाल, अबरार हाशमी, पंकज सिंह, मैनुद्दीन, फैज अंसारी, कमलेश कश्यप, मोहम्मद इमरान, कार्तिक सुनील, अजान खान, जगदीश यादव, नक्श कश्यप, अबू हुरैरा, रितिक कनौजिया, फैज शेख, आशीष बिंद, रईस अहमद, उज्जवल गुप्ता, नाकीउद्दीन शेख, हिमांशु बिंद, शहजाद शेख, नैतिक कनौजिया, अजीत यादव सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत मा.मुख्यमंत्री जी द्वारा 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2, 000 करोड़ की अनुदान राशि का अंतरण कार्यक्रम सजीव प्रसारण

**● उत्तर प्रदेश की पहचान,हर गरीब को पक्का मकान-मा. मुख्यमंत्री**

**जनपद में 1718 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त की धनराशि 01 लाख का किया गया प्रेषण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु 02 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ?2,000 करोड़ की अनुदान राशि का अंतरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में मा जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी,विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, विभिन्न निकायों के अध्यक्ष ,जिलाधिकारी शैलेष कुमार के उपस्थिति में भव्यता के साथ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी ने देखा व सुना। लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त की धनराशि प्रेषण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में उपर्युक्त जनप्रतिनिधियों द्वारा 50 से अधिक लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के 2,09,421 परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) से लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना से जुड़े जिन लाभार्थियों के खातों में आज प्रथम किस्त हस्तांतरित की गई है, उन्हें मैं हृदय से बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकारें आती हैं, तो वे अच्छी सोच के साथ लोगों को सुविधाओं से संपन्न करती हैं। पहली बार स्ट्रीट वेंडर्स को भी पीएम स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। हर जरूरतमंद को आवास की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। जब लोगों ने स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाया, तो अनेक प्रकार की बीमारियां स्वतः दूर हुई। सरकार ने माफिया को दूर किया, आपने गंदगी को दूर किया। उत्तर प्रदेश आज तेजी से आगे बढ़ गया, यही परिवर्तन का आधार है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 लागू किया गया है। योजनान्तर्गत दुर्बल आय वर्ग/ निम्न आय वर्ग / मध्यम आय वर्ग श्रेणी के शहरी गरीब एवं मध्य वर्गीय परिवारों को शहरी क्षेत्रों में किफायती दरों पर आवास निर्माण/कय व किराये पर लेने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 को 04 घटकों में विभाजित किया गया है, जो निम्नवत है-1. लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी)। 2. भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी)। 3. अफोडेबल रेंटल हाउसिंग (एआरएच)। 4. ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस)। इस योजना के अंतर्गत ढाई लाख रुपए की अनुदान प्रथम किस्त 01 लाख , द्वितीय किस्त 01लाख, तृतीय किश्त 50 हजार के रूप में प्रदान किया जाता है।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि राज्य सरकार द्वारा आवासों को त्वरित गति से पूर्ण कराये जाने के उद्देश्य से 12 माह या उससे कम समय में आवास पूर्ण करने वाले लाभार्थी को पुरस्कार स्वरूप 10000 की अतिरिक्त धनराशि दी जाती है। अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य व परियोजना अधिकारी डूडा/ एसडीएम न्यायिक शिव प्रकाश यादव ने बताया कि आज जनपद के सभी सातों निकायों में प्राप्त आवेदनों की संख्या 38,376 के सापेक्ष स्वीकृत 1718 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त की धनराशि 01-01 लाख प्रेषण किया गया। कार्यक्रम में नगरीय निकाय ज्ञानपुर अध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता ,सुरियावा विनय चौरासिया, नई बाजार प्रतिनिधि लालता सोनकर,ईओ धर्मराज ,आर बी यादव जिला सूचना पंकज कुमार व सैकड़ो लाभार्थी उपस्थित रहे।

### चुनार के प्रो चंद्रशेखर को मिला शिक्षा नाम पूर्णतया प्रकटीकरणम सम्मान



**चुनार, मीरजापुर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर चंद्रशेखर सिंह को शिक्षा नाम पूर्णतया प्रकटीकरणम अवॉर्ड से गुरू फाउंडेशन रोहतक, हरियाणा में सम्मानित किया गया। प्रोफेसर चंद्रशेखर चुनार के निवासी हैं। प्रोफेसर चंद्रशेखर सिंह ने यह सम्मान प्राप्त कर चुनार का मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर डॉ प्रकाश श्रीवास्तव, सौरभ पुजारी, प्रवीण चौबे, विजय कुमार वर्मा, सुरेन्द्र पटेल, अनिल मिश्रा सहित नगर के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया

**● भारत सहित 142 देश में मनाया जा रहा है विश्व शांति दिवस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगर के लोअर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा चुनार में ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। जो भारत सहित विश्व के कुल 142 देशों में मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम शाखा प्रभारी ब्रह्म कुमारी बीनू दीदी ने मुरली क्लास के पश्चात पिताश्री ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में बाबा के को भोग लगाया। उपस्थित भाई बहनों ने ब्रह्मा बाबा का अव्यक्त अनुभव बताये। सहप्रभारी ब्र.कु तारा दीदी ने ब्रह्मा बाबा का जीवन कहानी सुनाई, काशी विद्यापीठ वाराणसी के प्रो0 चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि इस समय अशान्ति पूरे विश्व में फैली हुई जब कि ब्रह्मा कुमारी संस्था



ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस को पुरे विश्व में विश्व शान्ति दिवस के रूप में मना रही है। इनका कार्य बहुत सराहनीय है। विश्व के प्रति शान्ति का योगदान देना हम सभी लोगों का कर्तव्य है, और सभी को शान्ति का दान देना चाहिए। डाक्टर प्रियंका सिंह व आरती सिंह ने बाबा के प्रति गीत प्रस्तुत किये। उपस्थित भाई बहनों ने शांति स्तंभ पर बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित किए, और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नन्द किशोर तिवारी सुरेश वर्मा, सौरभ पुजारी, श्यामधर चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में भाई बहम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रियंका सिंह ने किया।

## साइबर सेल की तत्परता से पीड़ित को मिली राहत, 33,500 रुपये वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में भदोही पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन में साइबर सेल ज्ञानपुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित के खाते में 33,500 रुपये की धनराशि वापस कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा गोपीगंज निवासी इम्तियाज अहमद के खाते से 35,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई थी। पीड़ित द्वारा तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई। हृष्टत्रक्क के माध्यम से शिकायत मिलते ही साइबर सेल ज्ञानपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अथक प्रयास कर फ्रॉड की गई 33,500 रुपये की



धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी।

अपने खाते में धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक भदोही, अपर पुलिस अधीक्षक तथा साइबर सेल ज्ञानपुर टीम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की सराहना की। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनपदवासियों से अपील की है कि साइबर ठगी की किसी भी घटना में तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं तथा अज्ञात लिंक, एप और कॉल से सावधान रहें। इस कार्रवाई में साइबर सेल ज्ञानपुर टीम के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल देवानन्द सिंह एवं महिला कांस्टेबल पूजा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद भदोही के तीनों विधानसभा में ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ वाचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भारत निर्वाचन आयोग एवं कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत आज 18 जनवरी 2026 को जनपद भदोही की तीनों विधानसभा क्षेत्रों–392 भदोही, 393 ज्ञानपुर एवं 394 औराई–के समस्त मतदेय स्थलों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का वाचन पूर्वाह्न 11बजे से सायं 4 बजे तक किया गया। निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की उपस्थिति में विधानसभा-392भदोही के प्राथमिक विद्यालय भानीपुर के बूथ 07,08, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुढवा बूथ 08,09,10 व अन्य मतदेय स्थलों बूथ पर बीएलओ द्वारा जनसामान्य एवं बूथ लेवल एजेंटो के समक्ष ड्राफ्ट सूची पढ़कर सुनाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित न हो पाने वाले ऐसे मतदाता, जिनके नाम मृतक/ स्थानांतरित /अनुपस्थित/दोहरी प्रविष्टि/गणना प्रपत्र हस्ताक्षर कर BLO को वापस न देने के कारण आलेख्य मतदाता सूची से कट गए हैं, जनपद के तीनों विधानसभाओं के सभी मतदेय स्थलों पर उनके नाम भी पढ़कर सुनाए गए। उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील भी किया कि अपने बूथ पर जाकर आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। उन्होंने बताया कि यदि आपका नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं है, तो घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर अपने BLO को जमा करें अथवा voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। यदि आप आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में त्रुटि के कारण कोई संशोधन करवाना चाहते हैं, तो फॉर्म 8 भरें।

अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे दिनांक 06.01.2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची को दिनांक 18.01.2026 को जनपद मे अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बी0एल0ओ0 द्वारा अपने मतदेय स्थल पर पढ़कर सुनाया गया है। उक्त कार्यक्रम के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदेय स्थल पर फार्म-6,7, 8 एवं घोषणा पत्र की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गयी है।

उक्त के साथ ही जिन मतदाताओं के नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं हैं,




उनसे फार्म-6 एवं घोषणा पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज सम्बन्धित बी0 एल0 ओ0 को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

जनसामान्य के अवलोकन हेतु आलेख्य मतदाता सूची की पी.डी.एफ. जनपद भदोही की वेबसाइट www.bhadohi.nic.in पर भी अपलोड की गयी है। यदि उक्त मतदाता सूची में किसी निर्वाचक का नाम छूट गया है अथवा कोई संशोधन अपेक्षित है तो सम्बन्धित मतदाता फार्म-6 मय घोषणा पत्र (नए मतदाताओं के लिए), फार्म-7 (मतदाता सूची से नाम अपमार्जन हेतु) एवं फार्म-8 (मतदाता सूची में प्रविष्टि में संशोधन अथवा स्थानान्तरण किये जाने हेतु) में पूर्ण विवरण भरकर एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा दें।' इस विशेष अभियान का संचालन जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की उपस्थिति एवं निर्देशन में किया गया।

सभी मतदेय स्थलों पर नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) द्वारा जनसामान्य एवं बूथ लेवल एजेंट (BLA) के समक्ष ड्राफ्ट मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। इस दौरान BLO के पास फॉर्म-6, फॉर्म-7, फॉर्म-8 एवं डिक्लेरेशन फॉर्म पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहे। मतदाताओं को यह भी सूचित किया गया कि यदि ड्राफ्ट मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि, दावा अथवा आपत्ति हो तो वे संबंधित BLO को निर्धारित प्रपत्रों पर अवगत करा सकते हैं।

### अधिकारियों द्वारा निरीक्षण एवं निगरानी

विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ERO), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (AERO), BLO सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की सतत समीक्षा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य द्वारा भी विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण कर कार्यों का निरीक्षण किया गया।

**विधानसभा -392भदोही उप जिला निर्वाचन अधिकारी**

अरुण गिरी,विधानसभा 393 - ज्ञानपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी भान सिंह,विधानसभा 394 -औराई श्याम मणि त्रिपाठी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा ड्राफ्ट सूची का वाचन किया गया।

### फील्ड में सक्रिय रहा प्रशासन

पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक सभी पोलिंग स्टेशनों पर BLO सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ब्लॉक्ह सुपरवाइजर, AERO एवं ERO अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर फील्ड में सक्रिय रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वयं भी विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया।

### जन सहभागिता पर विशेष जोर

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची के वाचन का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं अधिकतम जन सहभागिता सुनिश्चित करना है, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो सके।

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि यदि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्ति अवधि दिनांक 06.01.2026 से 06.02.2026 तक निम्न स्थानों से फार्म प्राप्त कर अपना फार्म भरें-

1. पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर पदाभिहित अधिकारी / वी.एल.ओ. से फार्म प्राप्त कर फार्म भरकर उन्हें उपलब्ध करा सकते हैं।

2. तहसील कार्यालय / जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

3. ऑनलाइन माध्यम से आयोग के मोबाइल ऐप ECINET अथवा Voter Helpline App एवं वेबसाइट httpsÑ//voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6, 7 एवं 8 हेतु आवेदन कर सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## सामाजिक सेवा संस्थान ने मौनी अमावस्या पर्व पर भंडारे का आयोजन किया



**नैनी, प्रयागराज।** अध्यात्मिक चेतना के महापर्व मौनी अमावस्या पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा सेक्टर नंबर -7,अरैल स्थित संकटमोचन मार्ग पर माघ मेला सरस्वती शिविर में रविवार को भव्य दमालू का भंडारा किया गया।जिसमें श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों को दमालू का प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया,सुनील कुशवाहा, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी, डा.एस.बी.यादव, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, विकास मिश्रा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, महिला साथी श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव, विनोद गुरानी, बबरूवाहन सिंह, धीरज रजवानी, शशिकांत पांडेय, इन्दु प्रकाश सिंह, प्रियांशु उपाध्याय, दीपक दीक्षित, राजित राम शर्मा, सुनील पाण्डेय, राजू पाण्डेय, अनुपम पाण्डेय, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता आमंत्रण पत्र वितरित किए



**नैनी, प्रयागराज।** गोरखनाथ मंदिर के नेतृत्व में कार्यक्रम लगातार चल रहा है जिसमें विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता प्रदेश पदाधिकारी गोरखनाथ गोरखपुर एवं प्रतापगढ़ गोंडा मानिकपुर आदि सभी जिलों से लोग लगातार आ रहे हैं।इसी क्रम में सेक्टर 6 आलोप शंकरी मार्ग कार्यक्रम किया गया।मुख्य रूप से विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति, रेखा श्रीवास्तव, अनुज सिंह, नीलम गिरि,आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी रहे। सभी को निमंत्रण आमंत्रण पत्र भेज दिया गया है जो की माघ की पूर्णमासी तक एवं संत रविदास जयंती का भी कार्यक्रम करेंगे।

## कड़ाके की ठंड के बीच कंबल वितरित किया गया



**नैनी, प्रयागराज।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए रोटी बैंक के प्रदेश अध्यक्ष समाजसेवी रिंकू सेठ द्वारा संगम तट पर साधु संत को कमल वितरण किया गया। इस दौरान साधु संतु और गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया समाजसेवी रिंकू सेठ ने बताया कि ठंड को देखते हुए हम लोग बराबर गरीबों के बीच पहुंचकर हर संभव मदद कर रहे हैं। मौजूद लोगों में शशी पटेल, राजेश पटेल आदि रहे।

## व्यास पीठ की पूजा अर्चना की गई



**नैनी, प्रयागराज।** महर्षि महेश योगी जी ने धर्म की रक्षा के लिए सनातन धर्म का किया प्रचार,महर्षि महेश योगी आश्रम में आश्रम प्रभारी बसंत दास एवं उनकी धर्मपत्नी संजूलता दास पुत्र देव आशीष के द्वारा व्यास पीठ की पूजा अर्चना की।इस अवसर पर आश्रम प्रभारी बसंत दास जी ने कहा कि यह सौभाग्य परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के शिष्यवेद विद्या मार्तंड गिरीश जी के आशीर्वाद से संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर वेदव्यास देवव्रत महाराज जी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है मनुष्य कुछ समय निकाल करके भागवत कथा का श्रवण करें जिससे पिछले जन्म का भी किए गए कार्य से मुक्ति मिल जाती है। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी बसंत दास जी, संजुला लता दास, एवं देव आशीष, ने पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा का आरती उतार करके पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, आश्रम प्रभारी बसंत दास, देव आशीष, संजू लता, दास ऋषि त्रिवेदी, विमल मिश्रा, सोनू पांडे, जितेंद्र दास, रोहित तिवारी, द्वारिका तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, आदि रहे।

# सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने दी शाकिर हुसैन 'तशना को श्रद्धांजलि, तशना सम्मान' की घोषणा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने उर्दू अदब के वरिष्ठ पत्रकार, उस्ताद शायर एवं कुशल मुशायरा-निज़ामतकार स्वर्गीय शाकिर हुसैन 'तशना' को उनके करेली स्थित आवास पर पहुँचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उर्दू साहित्य, शेरो-शायरी एवं ग़ज़ल की समृद्ध परंपरा के संरक्षण और संवर्धन हेतु विश्व जनचेतना ट्रस्ट भारत द्वारा प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान 'तशना सम्मान' की स्थापना की घोषणा की गई। यह सम्मान स्वर्गीय शाकिर हुसैन 'तशना' की पुण्य स्मृति में स्थापित किया जा रहा है, जिन्होंने पत्रकारिता को जीवन-धर्म मानते हुए उर्दू अदब की निस्वार्थ सेवा की और अपने संवेदनशील, सादगीपूर्ण तथा प्रभावशाली व्यक्तित्व से साहित्यिक जगत में विशिष्ट पहचान बनाई।

इस अवसर पर समाजसेवी असरार नियाज़ी ने कहा कि शाकिर हुसैन 'तशना' उर्दू अदब और पत्रकारिता दोनों के सशक्त स्तंभ थे, जिनकी सेवाओं को यह सम्मान सच्ची श्रद्धांजलि है।स्वर्गीय तशना साहब के सुपुत्र अमजद हुसैन 'रावी' ने कहा कि 'तशना सम्मान' उनके पिता की साहित्यिक साधना, विचारधारा और मूल्यों को चिरस्थायी बनाए रखने का सार्थक प्रयास है।एडवोकेट बख्तियार यूसुफ ने तशना साहब के उर्दू एवं हिंदी भाषाओं पर समान अधिकार की सराहना करते हुए उनके व्यक्तित्व को साहित्यिक सौहार्द का प्रतीक बताया!

विश्व जनचेतना ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राहुल शुक्ल 'साहिल' ने कहा कि संस्था की उर्दू शाखा बज़्म-ए-अहबाब के माध्यम से निरंतर मुशायरे एवं शेरो-शायरी के भव्य आयोजन कर उर्दू अदब को नई दिशा दी जाएगी।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में महमूद, मो. अकबर अली, मोइन हबीबी, मोहम्मद शाहब, तलत महमूद, कौशर रिज़वी, एस. एम. रिज़वी, मो. दानिश, यासीन, एडवोकेट फरहान आलम, सुहैल अख्तर, अवसाफ निसार, सैफ अली, असद हुसैन ताबी, असद कुरैशी, मोहम्मद कादिर, शरिक सिद्दीकी, कौसर सहित अनेक साहित्यप्रेमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि 'तशना सम्मान' न केवल स्वर्गीय शाकिर हुसैन 'तशना' की साहित्यिक विरासत को चिरस्थायी बनाए रखेगा, बल्कि उर्दू अदब की परंपरा, शालीनता और अदबी गरिमा को आने वाली पीढ़ियों तक सशक्त रूप से पहुँचाएगा।

## सड़क हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 23 श्रद्धालु घायल

### ● अमावस्या कब स्नान करने आ रहे थे।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** शनिवार सुबह करीब 3.15 बजे एक बड़े सड़क हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 23 श्रद्धालु घायल हो गए। प्रतापगढ़ में नगर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर जोगापुर के पास घने कोहरे में एक बस और पिकअप वैन की टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट तब हुआ जब एक बस ओवरटेक करने की कोशिश में पीछे से एक महिंद्रा पिकअप से टकरा गई। बस में गोंडा से प्रयागराज जा रहे करीब 110 भक्त थे, जबकि पिकअप में संत कबीर नगर से 33 भक्त थे। सभी 18 जनवरी को चल रहे माघ मेले में मौनी अमावस्या स्नान के लिए जा रहे थे।

संत कबीर नगर के मिलन खुर्द के रहने वाले 32 साल के राजू, जो ज़िले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायलों में से एक हैं, ने बताया कि पिकअप में सवार सभी लोगों को गंभीर चोटें आईं। उन्होंने कहा, 'तेज़ रफ़्तार बस ने हमें पीछे से टक्कर मार दी, और हमारी गाड़ी सड़क किनारे खाई में गिर गई। हमारी चीखें सुनकर आस-पास के गांव वाले दौड़े और हमें एक-एक करके बचाने में मदद की। पिकअप में करीब छह बच्चे और 20 औरतें थीं। 'एक और घायल श्रद्धालु, 65 साल के यशवंत प्रसाद को भी सिर में चोटें आईं। उन्होंने कहा, 'टक्कर के बाद पुलिस हमें हॉस्पिटल ले आई। '

नगर थाना SHO सुभाष कुमार यादव ने कहा कि हादसे के समय घने कोहरे की वजह से हाईवे पर विज़िबिलिटी बहुत कम थी। उन्होंने कहा, 'बस ड्राइवर मौके से भाग गया। गाड़ी को ज़ब्त कर लिया गया है, और ड्राइवर का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। सही कार्रवाई की जाएगी। 'प्रतापगढ़ के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी और पुलिस सुपरिटेंडेंट दीपक भुकर घायल श्रद्धालुओं की हालत देखने के लिए मेडिकल कॉलेज गए। प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बाद में गंभीर रूप से घायल एक पीड़ित को प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

## विजलेंस व विद्युत विभाग का छापा, पांच पर एफआईआर

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज भीतर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब विजलेंस और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने अचानक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विद्युत चोरी करते हुए पाए गए पांच उपभोक्ताओं के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई। अधिकारियों के अनुसार यह अभियान विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने, बकाया वसूली करने तथा उपभोक्ताओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से चलाया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि बकाया राशि के कारण पूर्व में काटे गए कुछ विद्युत कनेक्शन अवैध रूप से दोबारा जोड़ लिए गए थे। ऐसे मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 138बी के तहत केस दर्ज किया गया है। टीम ने निरीक्षण के दौरान दस हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले आठ बड़े बकायादारों की विद्युत आपूर्ति तत्काल प्रभाव से विच्छेदित कर दी। इसके साथ ही विभाग द्वारा संचालित विद्युत बिल राहत योजना के तहत तीन उपभोक्ताओं का पंजीकरण भी कराया गया, जिससे उन्हें भविष्य में विद्युत बिल भुगतान में राहत मिल सकेगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यपाल से मिले जेएनसीयू कुलपति, विश्वविद्यालय के विकास रोडमैप पर हुई अहम चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय (जेएनसीयू) के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विश्वविद्यालय की वर्तमान प्रगति, भावी योजनाओं और शैक्षणिक विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कुलपति प्रो. गुप्ता ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अकादमिक उपलब्धियों, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय के समक्ष आ रही विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षणिक चुनौतियों से भी अवगत कराया।

कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के समाधान में यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता और अकादमिक मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

राज्यपाल ने विशेष रूप से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए और युवाओं को सही मार्गदर्शन मिल सके।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय आने वाले समय में बलिया एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनेगा। वहीं, कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने राज्यपाल से प्राप्त मार्गदर्शन और निर्देशों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं अरैल घाट पर लगाई आस्था की डुबकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर रविवार को नैनी स्थित अरैल घाट पर भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी। नए यमुना पुल से श्रद्धालुओं को लेप्रोसी चौराहे की ओर डायवर्ट किया गया। वहां से श्रद्धालु नए पुल की रेलिंग पार करते हुए करीब 5 किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर घाट तक पहुंचे और अरैल घाट पर आस्था की डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया।भीड़ को नियंत्रित करने और स्नान के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए घाट और मेला क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाट पर पुलिस और महिला पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करती रहें।मध्य प्रदेश की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पुरानी यमुना पुल के पास बनाई गई पार्किंग में खड़ा कराया गया। वहां से श्रद्धालु पैदल नैनी के परमार्थ घाट और महाकाल घाट तक पहुंचे और स्नान किया। स्नान के बाद यात्रियों को दूसरे मार्ग से पार्किंग तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई, ताकि यातायात सुचारु बना रहे। नए यमुना पुल से घाट की ओर जाने वाले वाहनों पर बैरिकेडिंग की गई थी। स्नान पर्व के साथ-साथ मेला क्षेत्र में जगह-जगह भंडारे भी चलते रहे।

# लाभार्थियों को मिले पीएम आवास के प्रमाण पत्र

### ● मुख्यमंत्री ने 2 लाख लाभार्थियों को भेजी 2000 करोड़ की सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई(जालौन)-** हर गरीब को पक्का मकान दिलाने की दिशा में मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 02 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का बटन दबाकर अंतरण किया। इस कार्यक्रम का जनपद जालौन में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया।

कार्यक्रम में सांसद नारायणदास अहिरवार, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत कुल 2013 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में आज 20.13 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे अंतरण की गई, जिससे लाभार्थियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। सांसद नारायणदास अहिरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान लेकर आई है, इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी गरीब परिवार बिना पक्के आवास के न रहे। यह योजना केवल मकान नहीं, बल्कि सुरक्षित भविष्य की नींव है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर प्रभावी ढंग से उतर रही हैं और आमजन को उनका सीधा लाभ मिल रहा है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से लाभ पहुंचाया जा रहा है। इससे गरीब परिवारों के चेहरों पर मुस्कान आई है, जो सरकार की मंशा को दर्शाता है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल ने लाभार्थियों से आवास निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने तथा योजना की शर्तों का पालन करने की अपील की।

## रेलवे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न बनाए जाने से नाराज़ सपा सांसद सनातन पांडेय, मंत्री और अफसरों पर दिए विवादित बयान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** से समाजवादी पार्टी के लोकसभा सांसद सनातन पांडेय अपने एक बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं। रेलवे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न बनाए जाने से नाराज़ सांसद ने योगी सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु और प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर तीखी और आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका वीडियो शनिवार को सामने आया।

दरअसल, शुक्रवार को बलिया के फेफना रेलवे स्टेशन पर गोंदिया एक्सप्रेस और उत्सर्ग एक्सप्रेस के ठहराव के अवसर पर हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु को मुख्य अतिथि बनाया गया था। हालांकि बाद में मंत्री ने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया, जिसके बाद लोकसभा सांसद सनातन पांडेय और राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने संयुक्त रूप से ट्रेनों को रवाना किया।

इसी मुद्दे को लेकर सपा के एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे सांसद सनातन पांडेय ने कहा कि रेलवे कार्यक्रम में उन्हें मुख्य अतिथि न बनाए जाना सरकार की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दोनों ट्रेनों के ठहराव के लिए हुए आंदोलन में वे स्वयं शामिल रहे हैं और जब केंद्र सरकार किसी क्षेत्र में परियोजना शुरू करती है तो उस क्षेत्र के सांसद को ही मुख्य अतिथि बनाया जाना चाहिए, चाहे वह विपक्षी दल से ही क्यों न हो। इस दौरान सांसद ने मंच से मंत्री और अधिकारियों को लेकर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि वे उम्रदराज जरूर हैं, लेकिन मन से कमजोर नहीं हैं और उनका मन करता है कि मंत्री को मंच से उठाकर बाहर फेंक दें। साथ ही अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी काम नहीं करेगा, वह जूता खाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके खिलाफ मुकदमा करना है तो कर लिया जाए, वे हर परिणाम झेलने को तैयार हैं। सांसद ने यह भी बताया कि उन्होंने गोरखपुर में रेलवे के जनरल मैनेजर को फोन



कर मुख्य अतिथि बनाए जाने के नियमों के बारे में जानकारी मांगी है और कहा कि यदि कोई स्पष्ट आदेश नहीं दिखाया गया तो वे संघर्ष के लिए तैयार हैं। वहीं इस पूरे मामले पर बीजेपी के राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने सफाई देते हुए कहा कि कार्यक्रम ट्रेनों के ठहराव से संबंधित था और रेल मंत्री के पत्र के आधार पर ही आयुष मंत्री को मुख्य अतिथि बनाया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे के बड़े कार्यक्रमों में लोकसभा सांसद को ही मुख्य अतिथि बनाया जाता है। फिलहाल सांसद के बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और मामला चर्चा में बना हुआ है।

## बरौली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का समृद्धि यात्रा में हार्दिक स्वागत है- पूर्व जिलाध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोपालगंज (बिहार)-** बरौली विधानसभा क्षेत्र में 2ह जनवरी को समृद्धि यात्रा पर बिहार के विकास पुरुष बिहार के शिल्पकार जन-जन के लोकप्रिय नेता यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी का ब्रजकिशोर नारायण सिंह, अब्दुल गफूर , भूलन बाबू , बिजुल सिंह और माता नक्टो भवानी की पावन धरती पर हार्दिक अभिनंदन है और स्वागत है, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव पूर्व जिला अध्यक्ष स्थानीय पूर्व जिला पार्षद प्रमोद कुमार पटेल कहां की आजादी के बाद वर्ष 1952 से लेकर आज तक बरौली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस, जनता दल, राजद ,निर्दल एवं भाजपा के लगातार विधायक और मंत्री भी बने हैं! लेकिन जिले के अन्य क्षेत्रों के तुलना में बरौली - माझा में कोई विकास नहीं हुआ, पहली बार 2025 विधानसभा चुनाव में जनता दल यूथ से विधायक के रूप में मंजीत कुमार सिंह जी चुनाव जीते हैं जो विकास की बात कर रहे हैं और उनके निमंत्रण पर समृद्धि यात्रा पर बिहार के लोकप्रिय विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बरौली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में दिनांक 20 जनवरी 2026 को 10:00 बजे हेलीकॉप्टर से आ रहे हैं जिससे क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं में काफी खुशी और उत्साह है! माननीय मुख्यमंत्री जी समृद्धि यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास एवं प्रगति यात्रा के दौरान किए गए योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा आम जनता से संवाद करेंगे!

साथ ही अन्य योजनाओं का सौगात भी देंगे उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे और जनता और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी समृद्धि यात्रा के माध्यम से न्याय के साथ विकास का संकल्प हर घर तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है स्थानीय विधायक श्री मंजीत कुमार सिंह जी के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय के साथ-साथ उद्योग स्थापित होने जा रहा है! मनानीय मुख्यमंत्री श्री नीतिश कुमार जी के साथ बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी श्री विजय कुमार सिन्हा जी कैबिनेट मंत्री विजय कुमार चौधरी जी भी आ रहे हैं! मुख्यमंत्री जी के स्वागत में स्थानीय सांसद डॉ0 आलोक कुमार सुमन जी माननीय मंत्री सुनील कुमार जी विधायक सह सचेतक श्री मंजीत कुमार सिंह जी, पूर्व मंत्री सह विधायक श्री रामसेवक सिंह जी, विधायक सह सभापति प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति श्री अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडे जी सहित एनडीए के सभी विधायक, विधान पार्षद, नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता स्वागत की तैयारी में लगे हुए हैं!

## धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में आयोजित राम राम दंगल में पहलवानों ने दिखाई अपनी ताकत

### ● फाइनल कुश्ती जीतकर नरेश पहलवान राजस्थान बने राम राम केसरी

### मौनी अमावस्या के अवसर पर राप्ती नदी तट पर लगने वाले मेले में दंगल कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर।** राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में मौनी अमावस्या पर लगने वाले मेले में धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय राम राम कुश्ती दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने अपनी ताकत की आजमाइश की। रविवार को आयोजित दंगल के दूसरे दिन नेपाल, भूटान राष्ट्र सहित कई प्रदेशों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाएं, पहले व दूसरे दिन के दंगल में 1100 रुपये से लेकर 21000 रुपए तक की 72 से अधिक कुश्तियां करवाई गई। जहां विजेता पहलवानों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वही आए हुए अतिथियों को पूर्व विधायक द्वारा मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। दंगल के दूसरे दिन महामुकाबले का आयोजन हुआ, जिसमें शनिवार को विजयी हुए पहलवानों के बीच 16 कुश्ती हुई, जिसमें विजई पहलवानों के बीच क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और फाइनल कुश्ती मुकाबला हुआ, जिसमें फाइनल विजेता नरेश पहलवान को राम राम केसरी की उपाधि व 21 हजार रुपए का नगद राशि, गदा व मोमेंटो तथा उपविजेता सर्वेश तिवारी पहलवान को 51 सौ रुपए देकर पुरस्कृत किया गया।

फाइनल में नरेश पहलवान पंजाब केशरी और सर्वेश तिवारी उत्तर प्रदेश केशरी के बीच काफी रोमांचक कुश्ती हुए जिसमें नरेश पहलवान विजई हुए और उन्हें राम राम केसरी की उपाधि दी गई। दूसरे दिन के कार्यक्रम का आरम्भ मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, सदर विधायक श्यामधनी राही, एडीएम गौरव श्रीवास्तव व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने विधि विधान से पूजन के उपरांत फीता काटकर किया। दूसरे दिन की पहली कुश्ती में मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, सदर विधायक श्यामधनी राही, एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल शुभारंभ करवाया। दूसरे दिन की कुश्ती में 40 कुश्तियों में विजई पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। दंगल में नेपाल, भूटान, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, अयोध्या, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, केरल सहित कई राज्यों के पहलवान सम्मालित हुए और इन्होंने कुश्ती के नये-नये दांव पेंच दिखाते हुए अखाड़े में खूब जोर आजमाइश की।

राम राम केसरी के लिए विक्की, चिम चिम डोगरा, लक्की थापा, पंडित थापा, सर्वेश तिवारी, नरेश, शास्त्री, शमशेर आदि पहलवानों के बीच कुल 16 कुश्तियां कराई गई। जिसमें चिम चिम डोगरा व सर्वेश तिवारी के बीच में सर्वेश तिवारी विजई, नरेश व शमशेर के बीच नरेश पहलवान विजई, लक्की थापा व शास्त्री में लक्की थापा विजई, पंडित थापा व विक्की की कुश्ती बराबर पर छुटी जिस पर सिक्का उछालकर टास करने पर पंडित थापा विजई होकर क्वाटर फाइनल फाइनल में पहुंचे। फाइनल कुश्ती के पहलवानों का हाथ बस्ती मंडल के पुलिस महानिरीक्षक संजीव त्यागी, पुलिस अधिक्षक डा. अभिषेक महाजन, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मिलवाकर दंगल शुरू करवाया। सेमी फाइनल में नरेश व लक्की थापा के बीच नरेश पहलवान विजई, पंडित थापा व सर्वेश तिवारी के बीच में पंडित थापा ने काफी मशक्कत के बाद बिना हारे ही सर्वेश तिवारी को विजई बना दिया। इस दौरान कुश्ती दंगल देखने आई भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

पुलिस महानिरीक्षक संजीव त्यागी, पुलिस अधिक्षक डा. अभिषेक महाजन ने युवाओं को पहलवानों से प्रेरणा लेने की बात कही।

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय प्राचीन खेलों में से दंगल एक महत्वपूर्ण खेल है। दंगल की परंपरा कई वर्षो से चली आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने व युवाओं में देश भक्ति की भावना का संचार करने हेतु ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। मंच का संचालन अभिषेक त्रिपाठी युवराज ने, दंगल में रेफरी की भूमिका मंगला पहलवान गाजीपुर निभाई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डा. सतीश द्विवेदी, कन्हैया पासवान, उपेंद्र सिंह, रामकुमार कुंवर, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार रविकुमार यादव, ईओ सचिन कुमार लवकुश ओझा, डा. दशरथ चौधरी, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, शैलेश सिंह, शत्रुहन सोनी, हरीश पाण्डेय, प्रेम नारायण दुबे, अजय अग्रहरि, महंत मिश्रा आदि मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### महाजीर श्मशानघाट में जय माँ श्मशान काली का वार्षिक पूजोत्सव सह आनंद मेला श्रद्धा के साथ हुआ सम्पन्न



**करौं, देवघर, झारखंडः-** जय माँ श्मशान काली की वार्षिक पूजोत्सव सह आनंद मेला देवघर-जामताड़ा सीमा में अवस्थित महाजीर श्मशानघाट परिसर में भक्तिपूर्ण वातावरण में श्रद्धालुओं की भारी संख्या की उपस्थिति में सम्पन्न हो गया। पूजा के क्रम में परंपरागत मंत्रोच्चार के साथ माँ काली की मूर्ति को वेदी में स्थापित किया गया। पंडित लाल बाबा गोपाल ओझा द्वारा आरती, यज्ञ, हवन, काली वंदना, पुष्पांजलि, काली ध्यान एवं चंडीपाठ कराया गया तथा सभी श्रद्धालुओं को चंदन-टीका लगाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य आनंद मेले में आसपास के सुसुनडबरा, देपुर, आलमपुर, करमांटांड़, चरघरा, तेलियाडीह एवं करों आदि गांवों से आए पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने मेले में चाट, चाऊमीन, गुपचुप आदि का आनंद उठाया। टेंपो चालक समिति के सदस्यों ने अपने-अपने टेंपो, टोटो एवं अन्य वाहनों पर माँ काली को सिंदूर, बेलपत्र एवं नारियल अर्पित किए। पाठा बलि के समय भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पूजा समिति के संयोजक आनंद सिंह के अलावा जितेन दत्त, लाटू दत्त, सुकदेव दत्त सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### औचक जांच में बीएलओ अनुपस्थित, मतदाता सूची का कार्य बाधित

**गोलाबाजार, गोरखपुर -** निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर रविवार को प्रदेश के सभी बूथों पर मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन, फार्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन का कार्य किया जाना था। इस शासनादेश के अनुपालन की जांच के लिए खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह ने विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरहजपार माफी, भरसी बुजुर्ग एवं डाड़ी खास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बरहजपार माफी एवं डाड़ी खास में संबंधित बूथों पर बीएलओ उपस्थित मिले और मतदाता सूची से संबंधित कार्य संचालित पाया गया। वहीं ग्राम पंचायत भरसी बुजुर्ग के बूथ संख्या 157 एवं 158 पर पूर्वाह्न 11:29 बजे तक बीएलओ अनुपस्थित पाए गए, जिसके कारण मतदाता सूची का वाचन, फार्म-6 भरने, संशोधन एवं विलोपन का कार्य नहीं हो सका।

इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह ने बताया कि निर्धारित समय पर बूथ संख्या 157 व 158 पर बीएलओ के अनुपस्थित रहने से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य प्रभावित हुआ है। मामले को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम पंचायत डाड़ी खास के बूथ संख्या 151 एवं 152 पर मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई। बूथ संख्या 151 पर अब तक 12 फार्म-6 तथा बूथ संख्या 152 पर 3 फार्म-6 भरे जा चुके थे। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत संशोधन कराएं।

### अपहरण एवं मानव तस्करी के अभियोग में एक अभियुक्ता व दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** बीते शुक्रवार की रात्रि में संचालित बालगृह शिशु से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छत के रास्ते अंदर आकर बालक को उठा ले जाने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर 16 जनवरी को थाना कोतवाली नगर में 01 नामजद अभियुक्ता व 01 अज्ञात अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना कोतवाली नगर के उप निरीक्षक अनुपम त्रिपाठी मय हमराह एवं एसओजी टीम प्रभारी उप निरीक्षक अमित चौरसिया मय हमराह द्वारा थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित अभियुक्ता रिना उर्फ राधिका पत्नी सुनील कुमार/ तथाकथित पति आकाश उर्फ कान्हा निवासी निवासी मकान नं0 28 शालू पट्टी रहार करनाल हरियाणा उम्र 38 वर्ष एवं आकाश उर्फ कान्हा पुत्र सुखवीर निवासी नगला सपेरा थाना सुरीर जनपद मथुरा उम्र करीब 25 वर्ष व उदय सिंह पुत्र जग्गो निवासी सुरीर थाना सुरीर जनपद मथुरा उम्र करीब 25 वर्ष को नगला सपेरा थाना सुरीर जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्ता की निशादेही पर पुलिस टीम द्वारा अपहरित एक बालक को सुरक्षित पुलिस संरक्षण में लिया गया।

# हजारीबाग में कुम्हार अधिकार महारैली, आबादी के अनुसार राजनीतिक भागीदारी की बुलंद मांग

**●32 लाख की आबादी के बावजूद उपेक्षा बर्दाश्त नहीं, अब आर-पार की लड़ाई : देवनारायण प्रजापति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड -** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ जिला हजारीबाग के तत्वावधान में 18 जनवरी 2026 को कुम्हार समाज के अधिकार और हक के लिए भव्य कुम्हार अधिकार महारैली का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक रैली में जिले सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में कुम्हार समाज के लोग शामिल हुए और अपनी राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भागीदारी के लिए एकजुटता का प्रदर्शन किया। महारैली की अध्यक्षता महासंघ के हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति (पप्पू) ने की, जबकि संचालन सुखदेव प्रजापति और वीरेंद्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो (बाटुल) रहे। इसके अलावा मंच पर झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व सदस्य सह प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पंडित, प्रदेश संगठन मंत्री पप्पू पंडित, प्रदेश प्रवक्ता विक्रम महतो सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद सभी अतिथियों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। अध्यक्षीय भाषण में नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि कुम्हार समाज लंबे समय से राजनीतिक उपेक्षा का शिकार रहा है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने तीन प्रमुख मांगें रखीं– कुम्हार समाज को राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी में उचित स्थान मिले, झारखंड माटी कला बोर्ड का शीघ्र पुनर्गठन हो तथा समाज की समस्याओं को ध्यान में रखकर नीतियों के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

मुख्य अतिथि देवनारायण प्रजापति ने कहा कि झारखंड में कुम्हारों की संख्या लगभग 32 लाख है, जो राज्य की कुल आबादी का करीब 8 प्रतिशत है। लगभग हर जिले में एक से डेढ़ लाख तक कुम्हार मतदाता हैं, फिर भी समाज को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक लाभ से वंचित रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब यह उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष होगा। विशिष्ट अतिथि योगेश्वर महतो (बाटुल) ने कहा कि झारखंड की 82 विधानसभा सीटों में प्रत्येक क्षेत्र में 7 हजार से 45 हजार तक कुम्हार मतदाता हैं, इसके बावजूद समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिलती। यदि समान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी नहीं दी गई तो इसके परिणाम सभी राजनीतिक दलों को भुगतने पड़ेंगे। झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी' का सिद्धांत लागू किया जाना चाहिए और राज्य सरकार को माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन शीघ्र करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री ईश्वर चंद्र प्रजापति ने कहा कि पिछले 78 वर्षों से कुम्हार समाज को उसके अधिकारों से वंचित रखा गया है। उन्होंने महिलाओं और युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने हक और अधिकार के लिए संगठित होकर संघर्ष करें। साथ ही पिछड़ा वर्ग के सांसदों और विधायकों से 27 प्रतिशत आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू कराने की मांग की।

सभा को प्रदेश संगठन मंत्री पप्पू पंडित, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति, प्रदेश प्रवक्ता विक्रम महतो, गिरिडीह जिला अध्यक्ष दीपक पंडित, रामगढ़ जिला अध्यक्ष राधा विनोद प्रजापति, कोडरमा जिला महामंत्री विजय पंडित, धनबाद जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार, लोहरदगा जिला अध्यक्ष सरोज प्रजापति सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। महारैली की सफलता में हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष लीलाधन प्रजापति, संगठन मंत्री शिवकुमार प्रजापति, संरक्षक विष्णु प्रजापति सहित विभिन्न प्रखंडों और जिलों के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में झारखंड लोक सेवा आयोग और संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफल समाज के अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### भाजपा ने बार मंडल के 86 बूथों पर चलाया अभियान

**बार।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारियों ने रविवार को बार मंडल के सभी 86 बूथों पर एक विशेष अभियान चलाया। यह अभियान विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) के तहत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान बूथ अध्यक्षों, बी.एल.ए.-2, बूथ प्रवासियों, वरिष्ठ नागरिकों और आम जनता से संपर्क किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरी सिंह बुंदेला ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण और नए मतदाताओं का नाम जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि भाजपा बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और पात्र नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संकल्पित है। इस अभियान में मंडल उपाध्यक्ष देवी सिंह बुंदेला, पुष्पेन्द्र जैन, धनीराम कुशवाहा, अरविन्द कुशवाहा सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# उपासना मरांडी की पहल से सिंहलीबोना में लगा नया ट्रांसफार्मर, लौटी रौशनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** महीनों से अंधेरे में डूबे पंचायत बनियापसार के सिंहलीबोना गांव स्थित पहाड़िया टोला के ग्रामीणों के घरों में आखिरकार रौशनी लौट आई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी की पहल पर शनिवार को गांव में 25 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। जानकारी के अनुसार, सिंहलीबोना के पहाड़िया टोला का ट्रांसफार्मर करीब एक माह से खराब पड़ा था, जिससे ग्रामीणों को रातें अंधेरे में गुजारनी पड़ रही थीं। बिजली आपूर्ति ठप रहने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्य एवं सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।

ग्रामीणों द्वारा समस्या से अवगत कराए जाने के बाद उपासना मरांडी ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश के अनुपालन में शनिवार को विभागीय टीम गांव पहुंची और नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी। बिजली लौटते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी त्वरित पहल से एक बड़ी समस्या का समाधान हुआ है, जिससे जनप्रतिनिधियों के प्रति उनका भरोसा और मजबूत हुआ है। इस अवसर पर उपासना मरांडी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए वे निरंतर प्रयास करती रहेंगी।

# रांगा मोड़ प्रीमियर लीग सीजन-6 का हुआ भव्य समापन, बादशाह 11 ने जीती आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः-** देवघर कॉलेज मैदान में रविवार को रांगा मोड़ प्रीमियर लीग सीजन-6 'आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी' क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मुकाबला हर्षोल्लास, रोमांच और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। बीते कई दिनों से चल रहा यह टूर्नामेंट जिले भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसका समापन यादगार फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फाइनल मैच रांगा मोड़ बुलडोजर और बादशाह 11 की टीम के बीच खेला गया। मुकाबले की औपचारिक शुरुआत टूर्नामेंट के कार्यकारी अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा कराए गए टॉस से हुई। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः बादशाह 11 की टीम ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी के दम पर रांगा मोड़ बुलडोजर को 53 रनों से पराजित कर सीजन-6 की आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच के दौरान हर चौके-छक्के पर दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था और मैदान तालियों व नारों से गूंजता रहा।



फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में देवघर विधायक सुरेश पासवान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सूरज झा और रवि राउत मौजूद थे। टूर्नामेंट के संरक्षक कुंदन शर्मा एवं अध्यक्ष नयन राज साहनी ने सभी अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज आर्यन को 'मैन ऑफ द सीरीज' एवं 'बेस्ट बॉलर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं शानदार बल्लेबाजी के लिए आशीष दुबे को 'बेस्ट बैट्समैन' का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि रांगा मोड़ प्रीमियर लीग का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को खेल का बेहतर मंच देना है, जिससे उनकी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नशा, अपराध और भटकाव से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। भविष्य में टूर्नामेंट को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ. जे. सी. राज, प्रकाश महत्ता, दीपक ज्वैलर्स, मनीष यादव, राज आर्यन, आदित्य कुमार, नवनीत कुमार, मनीष पांडे, सुधार, सोम कुमार, विनोद रावत, प्रेम कुमार, साकित राज, कुणाल रंजन सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय गणमान्य लोग और युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों, अतिथियों, प्रायोजकों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विजेता टीम को शुभकामनाएं दीं।

# देवघर में 17वीं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न, पुरुष वर्ग में एकलव्य एजुकेशन और महिला वर्ग में सोनारायथाढ़ी ने जीता खिताब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंडः-** खेल प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित 17वीं देवघर जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य एवं गरिमामय समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के सभी 10 प्रखंडों से कुल 14 टीमों ने भाग लिया, जिनमें लड़कों की 8 एवं लड़कियों की 6 टीमें शामिल थीं। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह, जोश और खेल भावना देखने को मिली। देवघर जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में झारखंड खो-खो के भीष्म पितामह अखिलेश्वर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं झारखंड खो-खो संघ के महासचिव सुरेश नारायण चौधरी, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक सह गोड्डा जिला खो-खो संघ के महासचिव भूपेश कुमार, संरक्षक सह आयोजक आदर्श लक्ष्य, मुख्य संरक्षक विजय प्रताप सनातन तथा बेदानंद सिंह अखाड़ा के मुख्य प्रशिक्षक संजीव कुमार झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार फुर्ती, बेहतरीन टीम वर्क एवं अनुशासित खेल भावना का



उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोमांचक मुकाबलों में पुरुष वर्ग में एकलव्य एजुकेशन की टीम ने तपोवन हाई स्कूल को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में सोनारायथाढ़ी की टीम ने सी.एम.एस.ओ.ई. मातृ मंदिर को हराकर खिताब अपने नाम किया। संरक्षक आदर्श लक्ष्य द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिलेश्वर प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देना है, ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक आदर्श लक्ष्य ने कहा कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय एवं अन्य उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है तथा नई प्रतिभाओं को आगे आने का मंच मिलता है। कार्यक्रम के अंत में महासचिव कौशल कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों तथा आयोजन में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महासचिव कौशल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विक्की रमानी, सुनील कुमार, मुकुल मिश्रा, ललित झा, संयुक्त सचिव घनश्याम राणा, टेक्निकल डायरेक्टर राकेश कुमार, अनिकेत कुमार, ऋतिक कुमार, अमित कुमार, रोहित कुमार मिश्रा, गुंजन कुमारी, राज कुमार मंडल, डॉ. पंकज सिंह, मालिका झा, राहुल राय, गौतम राय, संतोष शर्मा, मनोरंजन सिंह उर्फ नीलेश, राजा साहनी, कुंदन शर्मा, नयन राज साहनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हिन्दुत्व हिन्दू धर्म का विकृत रूप नहीं, यह धर्म को कर्मकांड समझने वाले अय्यर की विकृत मानसिकता की उपज है - हिन्दू विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं एवं बाबर को अपना आदर्श मानने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने विगत 11 जनवरी रविवार को 'हिन्दुत्व से हिन्दू धर्म को सुरक्षा की जरूरत' विषय पर आयोजित एक गोष्ठी में हिन्दुत्व को हिन्दू धर्म का विकृत रूप बताया। यद्यपि अय्यर कट्टरपंथी मुस्लिमों तथा आतंकियों द्वारा भारत में किए जाते रहे आतंकी कृत्यों की कभी निंदा करने का साहस नहीं कर पाए, पर सृष्टिकाल से सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानने वाले तथा सबके सुख की कामना करने वाले सहिष्णु सनातनियों की तथ्यहीन व निराधार आलोचना कर वे अपनी विकृत मानसिकता का परिचय देते रहे हैं। इसे सनातन संस्कृति एवं राष्ट्र विरोधी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसे ब्रह्मराक्षस को यह ज्ञात नहीं है कि सनातन धर्म एक उच्च कर्मशील जीवन शैली है, न कि मात्र कर्मकांड। सनातन मूल्यों में धर्म का पर्याय मजहब या रिलीजन कदापि नहीं हो सकता। इसके मूल अर्थ को विकृत कर अंग्रेजों ने सनातनियों को भ्रमित कर अपने साम्राज्य का विस्तार किया।

वहीं तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंथनिरपेक्ष के स्थान पर धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़कर भारत में साम्प्रदायिक खाई उत्पन्न की गई, जिससे राष्ट्रीय भावना को क्षति पहुँची और भारत विरोधी तत्वों को अवसर मिला। विदित हो कि विदेशियों के आगमन से पूर्व भारत को आर्यावर्त, जम्बूद्वीप तथा सम्राट भरत के नाम पर भारतवर्ष कहा जाता था। सिंधु नदी के कारण विदेशी व्यापारियों द्वारा इसे हिन्दुस्तान कहा गया, जो आपत्तिजनक नहीं है। किंतु इंडी गठबंधन, विशेषकर कांग्रेस तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा सार्वजनिक मंचों एवं संसद में हिन्दू, हिन्दुत्व और हिन्दू सांस्कृतिक मूल्यों को हिंसक बताना असहनीय है। अय्यर को ब्रह्मराक्षस कहने का आशय यह है कि ब्रह्मराक्षस तीक्ष्ण बुद्धि वाले होते हुए भी उनकी प्रवृत्ति निम्न स्तरीय और हिंसक होती है। यदि मानव में मानवता न हो तो पशु और मानव में अंतर ही क्या रह जाएगा। उसी प्रकार यदि हिन्दू से हिन्दुत्व के विशिष्ट गुण हटा दिए जाएँ तो हिन्दू की पहचान ही समाप्त हो जाएगी। अय्यर यह भी कहते हैं कि हिन्दू धर्म आध्यात्मिक परंपरा है जबकि हिन्दुत्व राजनीतिक प्रकृति का है। वे यह भी दावा करते हैं कि हिन्दुत्व 80 प्रतिशत हिन्दुओं को 14 प्रतिशत मुस्लिमों के सामने झुकने को कहता है। साथ ही उन्होंने एक आदिवासी बच्ची से जुड़ी घटना का उदाहरण देकर भाजपा को बदनाम करने का प्रयास किया।

इन सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए हिन्दू विचार मंच, पाकुड़िया इकाई ने स्पष्ट किया कि सनातन संस्कृति सृष्टिकाल से ही आध्यात्मिक रही है। इसी कारण सनातनियों में संवेदनशीलता, सहिष्णुता, विनम्रता एवं मानवीय गुणों की प्रधानता रही है और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना विकसित हुई। मंच ने चुनौती देते हुए कहा कि अय्यर यह प्रमाण सहित बताएं कि सतयुग, त्रेता, द्वापर और राजा परीक्षित के काल तक भारतवर्ष में कब जातिवाद था। सनातन संस्कृति सदैव कर्म आधारित रही है, न कि जन्म आधारित। इतिहास साक्षी है कि सातवीं सदी तक कोई भी विदेशी आक्रांता भारत पर आक्रमण करने का साहस नहीं कर सका। सिकंदर को पराजित होकर लौटना पड़ा और शक-हूण भारत में ही समाहित हो गए। हिन्दुत्व को राजनीतिक विचारधारा कहने वाले यह बताएं कि क्या किसी सनातनी सम्राट ने अकारण किसी अन्य देश पर आक्रमण किया। हिन्दुत्व तो सदा अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हिन्दू विचार मंच ने स्पष्ट किया कि हिन्दुत्व कोई राजनीतिक प्रजाति नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भारत की रक्षा का शक्तिशाली कवच है। सनातन संस्कृति की यही शक्ति भारत को युगों-युगों से संरक्षित करती आई है और आगे भी करती रहेगी।

# पोक्सो, जेजे एक्ट व नए आपराधिक कानून 2023 पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**●संवेदनशीलता और कानून की सही समझ से ही बच्चों को मिलेगा न्याय - शेष नाथ सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), लातेहार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार में पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, नालसा स्कीम एवं नए आपराधिक कानून 2023 से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला (मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन) का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-डालसा अध्यक्ष शेष नाथ सिंह, उपायुक्त-सह-डालसा उपाध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक-सह-डालसा सदस्य कुमार गौरव, जिला जज द्वितीय सह विशेष जज (पोक्सो) संजय कुमार दूबे, बार एसोसिएशन अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शहदेव एवं बार एसोसिएशन सचिव संजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**संवेदनशीलता से ही बच्चों को मिलेगा न्याय : शेष नाथ सिंह**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने के लिए कानून में हो रहे निरंतर बदलावों की अद्यतन जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पोक्सो और जेजे एक्ट से जुड़े मामलों में कार्यरत पदाधिकारियों को विशेष रूप से संवेदनशील, सतर्क और नियमों के प्रति सजग होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। आवश्यकता पड़ने पर न्यायिक पदाधिकारियों से मार्गदर्शन लेने की अपील भी की।

**विशेषज्ञों ने दिया विषयवार प्रशिक्षण कार्यशाला में**

विशेष जज (पोक्सो) संजय कुमार दूबे ने पोक्सो अधिनियम पर, सीजेएम विक्रम आनंद ने आपराधिक मामलों के अनुसंधान एवं साक्ष्य संग्रह पर, डालसा सचिव शिवम चैरसिया एवं जेजेबी प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट उत्कर्ष जैन ने जेजे एक्ट एवं उसमें हुए हालिया संशोधनों पर, डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद ने पीड़ितों की चिकित्सीय जांच एवं उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पुलिसिया अनुसंधान में आने वाली व्यवहारिक चुनौतियों पर भी चर्चा की गई।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति**

कार्यशाला में एसीजेएम कुमारी जीव, डीएसपी अरविंद कुमार, प्रभारी पीपी ओम कुमार, एपीपी संगम कुमार, डीसीपीओ रीना कुमारी, जिला कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, प्रोबेशन ऑफिसर, सीडब्ल्यूसी एवं जेजेबी सदस्य, सभी थानों के पुलिस पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, पीएलवी सहित विभिन्न विभागों के स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे। कार्यशाला को प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक, व्यवहारिक और मार्गदर्शक बताया गया।

### खेत से भैंसे निकालने की कहने पर मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत मोहल्ला अथाईपुरा के लोहागढ़ निवासी दीपेन्द्र सिंह पुत्र स्व. जयहिन्द सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 17 जनवरी शनिवार को सुबह करीब 11 बजे वह अपने खेत पर भैंसों को चरा रहा था। तभी तेज सिंह पुत्र शिवराज सिंह पहले से उसके खेत में अपनी भैंस चरा रहा था। उक्त व्यक्ति को जब उसने खेत से भैंस निकालने के लिए कहा तो तेज सिंह ने उसके साथ गालियां दी और उसने नीलेश पुत्र केहर सिंह को बुलाकर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी और धमकाते हुए कहने लगे कि कार्यवाही की तो जान से मारकर फेंक देंगे। आरोप है कि उक्त लोग रुपयों का रौब दिखाते हुए कहने लगे कि उसे जान से मारकर सब निपट लेंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3), 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# स्कूली बसों के खिलाफ की गयी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में एवं मुख्य सचिव शासन के पत्र द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी तक कियान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा पन्द्रहवे दिन 18 स्कूली वाहनों के फिटनेस की जॉच एवं मोटर वाहन नियमावली में स्कूली वाहनों के दिये गये मानको के अनुसार वाहनों की जांच की गयी जिसमें सभी स्कूली वाहनें नियमानुसार सही पायी। सोलहवे दिन जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही में बसों की जाँच की गयी। जिसमें 01 बस के विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही अमल में लायी गयी। प्रवर्तन कार्य के दौरान कोई भी बस ओवरलोड सवारी ढोते नही पायी गयी। आज सत्रहवें दिन माल वाहनों में ओवरलोडिंग तथा सवारी ढोने के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी जिसमें कोई भी माल वाहन सवारी ढोते नही पाया गया। तथा 04 माल वाहने ओवरलोड पायी गयी जिनके विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही की गयी। प्रवर्तन कार्य के दौरान समस्त चालको को यातायात नियमों का पालन किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। तथा वर्तमान में कोहरे के दृष्टिगत कोहरे में वाहनों के संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गयी।

# महोत्सव के दूसरे दिन कवि सम्मेलन में गूंजेगा काव्य रस, डॉ.कुमार विश्वास का होगा आगमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से जनपद अंबेडकरनगर के विकास खंड कटेहरी अंतर्गत श्रवण क्षेत्र, चिउटीपारा स्थित पावन श्रवण धाम में आयोजित हो रहे श्रवण धाम महोत्सव-2026 के क्रम में कल सोमवार को विविध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और साहित्य का संगम प्रस्तुत करेगा। मौसम के दूसरे दिवस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:00 बजे से 01:00 बजे तक किसान सम्मेलन एवं गोष्ठी से होगी। इसके पश्चात दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक श्रवण क्षेत्र के इतिहास पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन किया जाएगा। अपराह्न 03:00 बजे से 04:00 बजे तक उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सायं 04:00 बजे से 05:00 बजे तक क्षेत्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां तथा सायं 05:00 बजे से 06:00 बजे तक आरती कार्यक्रम आयोजित होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सायं 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक आयोजित होने वाला भव्य कवि सम्मेलन रहेगा, जिसमें देश के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास सहित अन्य ख्यातिप्राप्त कवि काव्य पाठ करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, साहित्य प्रेमियों एवं जनसामान्य के सहभागिता की अपेक्षा है। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जनपदवासियों से प्रशासन की अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव की गरिमा बढ़ाते हुए श्रवण धाम को एक सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक की टक्कर से युवक हुआ घायल, झांसी रेफर

**महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीपुरा में रहने वाली मीना पत्नी कैलाश यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र ग्राम चमरौआ से दूध खरीदकर अपनी मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.सी. 4743 से घर आ रहा था। तभी पीछे से धनुषराम बैठा था, जिससे रास्ते में राजघाट से तेज गति व लापरवाही से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 9548 पर सवार तीन लोगों में ग्राम ननौरा निवासी अर्जुन पुत्र हरगोविन्द लोधी, अनिल पुत्र जयदेव व प्रशान्त पुत्र कालूराम झां ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे धनुष राम को गंभीर चोटें आयीं और मनमोहन को अंधरूनी चोटें आयीं व मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना चौकी राजघाट पुलिस को दी गयी, तब पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बुरी तरह से घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां धनुष राम की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 (ए), 125 (बी), 281, 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### उपजा यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन मड़ावरा तहसील इकाई की मासिक बैठक हुई संपन्न



**मड़ावरा (ललितपुर)।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील ईकाई मड़ावरा की मासिक बैठक श्रीशालाजी मंदिर परिसर में संगठन जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें नए सदस्यों को संगठन से जोड़ते हुए मड़ावरा तहसील इकाई का पदभार ग्रहण कराया गया और संगठन से दूरी बना चुके सदस्य पत्रकार प्रियंक सराफ, इमरान खान, अजीज खान, अखलेश साहू को सर्व सम्मति से संगठन से निष्कासित किया गया। तहसील महामंत्री पद पर मयंक पाण्डेय साढूमल व तहसील संयोजक पद पर प्रकाश सिंह लोधी का चयन किया गया। जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा का फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान सतीश नायक, मयंक पांडे, राकेश कुमार वैध, रामजी तिवारी, वीरेंद्र सिंह सेंगर, विक्रम सिंह सेंगर, विनोद कुमार जैन, प्रवीन जैन, प्रतीक कुमार दीक्षित, प्रकाश सिंह लोधी, नवल कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### साढूमल के युवक का शव नाले में मिला



**चार दिन से था गायब, शराब का बताया गया आदी**

**मड़ावरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम साढूमल में एक युवक का शव नाले में मिला। युवक पिछले चार दिनों से घर से लापता था, जिसके बाद परिवार उसकी तलाश कर रहा था। रविवार को उसका शव घर से करीब पाँच सौ मीटर दूर एक पुलिया के नाले में पड़ा मिला। प्राप्त विवरण के अनुसार, ग्राम साढूमल निवासी बिट्टू (32) पुत्र सत्तार खान 14 तारीख की शाम से लापता था। रविवार सुबह उसके छोटे भाई शहबाज को सूचना मिली कि बिट्टू को आखिरी बार बेर की पुलिया पर देखा गया था। शहबाज मौके पर पहुंचा और पुलिया के नीचे नाले में बिट्टू का शव पड़ा पाया।

घटना की सूचना तत्काल मड़ावरा पुलिस को दी गई। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला गया। शव अकड़ा हुआ था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया गया कि मृतक बिट्टू दो भाइयों में बड़ा था। उसके एक लड़का और दो लड़कियां हैं। वह मड़ावरा के पुराना बाजार में सिलाई का काम करता था। मड़ावरा के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक शराब का आदी था। आशंका है कि पुलिया पर शराब पीने के दौरान ही वह नीचे गिर गया होगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा, जिससे मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पहले चरण का शुभारंभ दस फरवरी से

**●अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है : सीएमओ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** सीएमओ ने बताया कि आगामी 10 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पहले चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है, ताकि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश 10 फरवरी को दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 13 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मॉप-अप डे के दौरान कवर किया जाएगा। बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से यह सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मिट्टी से फैलने वाले कृमि भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती हैं। कृमि बच्चों के शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते हैं, जिससे एनीमिया), कुपोषण और संज्ञानात्मक विकास में गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस इन समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी उपाय है। अभियान के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए आधी गोली (200 मिलीग्राम) पीसकर साफ पानी के साथ दी जाएगी 2-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक पूरी गोली (400 मिलीग्राम) चबाकर खानी होगी। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। हालांकि, जिन बच्चों के पेट में कृमि का भार अधिक होता है, उनमें हल्के जी मिचलाने या पेट दर्द जैसे लक्षण दिख सकते हैं, जो अस्थायी होते हैं। सभी केंद्रों पर आपातकालीन प्रोटोकॉल और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने बताया कि संक्रमण के चक्र को तोड़ने के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। जनमानस से आग्रह है कि वे स्वच्छ आदतों को अपनाएं, जैसे शौचालय का प्रयोग करना, खाने से पहले और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोना, नाखून छोटे और साफ रखना, साफ पानी पीना और सब्जियों/फलों को धोकर उपयोग करना, जूते या चप्पल पहनना आदि। सीएमओ ने अपने संदेश में जनमानस से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ बचपन ही विकसित भारत की नींव है। आइए, सुनिश्चित करें कि 10 फरवरी को कोई भी पात्र बच्चा एल्बेंडाजोल खुराक से न छूटे।

# विशेष बूथ अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

**● एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म 6 भरवाने के आरओ को दिए निर्देश, मतदाताओं से भी की अपील**

**रविवार को पोलिंग बूथों पर आयोजित हुआ विशेष बूथ अभियान, मतदाताओं को दिखाई गई वोटर लिस्ट और छूटे मतदाताओं के भरवाए गए फार्म**

**एसआईआर को लेकर पत्रकारों और जिला प्रशासन के बीच मैत्री मैच खेलकर दिया जन जागरूकता का संदेश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आज रविवार को मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष बूथ अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे अपनी प्रशासनिक टीम के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचे और यहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरो के द्वारा मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज 18 जनवरी को मतदेय स्थलों पर विशेष बूथ अभियान आयोजित किया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 भरवाए का रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची भी दिखाई जा रही है।

जिलाधिकारी ने समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि एएसडी मतदाताओं में छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग कर उनके फार्म 6 फरवाए जाएं। इसके लिए निरंतर बूथों का निरीक्षण करते रहें और मतदाताओं को जागरूक करते रहें। मौके पर कई राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि SIR में सहयोग करते हुए मिले, उन्होंने हुई वार्ता में उन्होंने जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने निर्वाचन क्षेत्रों में भ्रमण कर एएसडी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देख लें और यदि किसी पात्र मतदाता का नाम छूट गया हो तो वे अपने बूथ पर बीएलओ से संपर्क कर फार्म 6 भरवाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने SIR के तहत प्रशासन और पत्रकारों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला और पत्रकारगणों से अपील की कि वे इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें, छूटे हुए मतदाताओं के फार्म 6 भरवाएं। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दिया नए वर्ष का तोहफा

**●प्रदेश के 2 लाख लाभार्थियों को मिली प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की पहली किस्त, जनपद के 2256 लाभार्थी भी हुए लाभान्वित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा 18 जनवरी 2026 को उत्तर-प्रदेश के 2.00 लाख लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त के रूप में रू 1.00 लाख रू की धनराशि उनके खातों में हस्तांतरित की गयी। जिसमें जनपद ललितपुर के 2256 लाभार्थी सम्मिलित हैं। (नगरपालिका परिषद ललितपुर के 1553 एवं नगर पंचायत तालबेहट के 703 हैं।) लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में 65 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित लाभार्थियों के मो0 नं0 पर उनके खाते में प्रथम किश्त की धनराशि के मैसेज प्राप्त हो गये जिसे देख कर सभी लाभार्थी हर्षित हुये। बताया गया कि योजनान्तर्गत प्रथम किश्त रू 1,00,000.00 , द्वितीय किश्त रू 1,00,000.00 , तृतीय किश्त रू 50,000.00 प्रदान किये जायेंगे। साथ ही जो लाभार्थी प्रथम किश्त अवमुक्त से 6 माह के भीतर आवास का निर्माण पूर्ण कर लेंगे उन्हें रू 10,000.00 प्रोत्साहन राशि के रूप में अवमुक्त किये जायेंगे।

इन लाभार्थियों का चयन सम्बंधित तहसील एवं नगर निकाय के संयुक्त सत्यापन उपरांत स्पेशल फोकस ग्रुप के आधार पर किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने अपने सम्बोधन में योजना की जानकारी लाभार्थियों को दी एवं बताया कि समय से अपने आवासों का निर्माण करायें एवं प्राप्त धनराशि का उपयोग आवास निर्माण में ही करें, अधिक से अधिक लाभार्थी प्रोत्साहन धनराशि का लाभ उठायें। इस अवसर पर कैलाश नारायण निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत ललितपुर, हरिश्चन्द्र रावत जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ललितपुर, नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनाली जैन, चंद्रशेखर पंथ 'चंदू भैया, गौरव गौतम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी, राजेश कुमार श्रीवास्तव अपरजिलाधिकारी 'नमामि गंगे', कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर, दयाशंकर जिला सूचना अधिकारी ललितपुर, दिनेश कुमार विश्वकर्मा परियोजना अधिकारी डूडा ललितपुर, राकेश चन्द्र त्रिपाठी सी0एम0एम0 डूडा ललितपुर, शशी कर्दम सी0एल0टी0सी0 डूडा ललितपुर, डूडा के समस्त कर्मचारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# भगवा रंग में रंगी महरौनी, निकाली गई विशाल बाईक यात्रा

**● हिंदू सम्मेलन के लिए यात्रा निकाल कराया जनजागरण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**महरौनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में शताब्दी वर्ष पर विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, इसके लिए नगर में हिंदू सम्मेलन समिति बनाई गई है, 25 जनवरी को होने वाले हिंदू महासम्मेलन के लिए जन जागरण कराया जा रहा है, जिसके क्रम में रविवार को नगर में विशाल बाइक यात्रा निकाली गई ! जिसमें नगर तथा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में बाइक सवार हाथ में भगवा ध्वज लेकर इस यात्रा में सम्मिलित हुए ! यात्रा से पूर्व 25 जनवरी कोआयोजित हिंदू महासम्मेलन आयोजन स्थल पर भूमि पूजन कार्यक्रम कराया गया ! जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झांसी विभाग प्रचारक मनोज द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन किया गया, तत्पश्चात नराहट रोड स्थित सी वी गुप्ता ग्राउंड से बाइक यात्रा निकाली गई ! इसके पूर्व झांसी विभाग प्रचारक द्वारा युवाओं को संबोधित किया गया, जिसमें उन्होंने युवाओं से राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया, उन्होंने स्वामी विवेकानंद के वचनों को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि मेरे जैसे 100 हिंदू खड़े हो जाएंगे उस दिन हमारा राष्ट्र विश्व गुरु बन जाएगा,

संबोधन के पश्चात बाइक रैली प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए टीकमगढ़ रोड तथा बानपुर रोड एवं ललितपुर रोड से पुनः नाराहट रोड स्थित सीवी गुप्ता मैदान तक पहुंची, जहां बाइक यात्रा में सम्मिलित सभी युवाओं को स्वल्पाहार वितरित किया गया ! इस इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विभाग संपर्क प्रमुख अमर सिंह, जिला संयोजक हिंदू सम्मेलन समिति ब्रजेंद्र सिंह गौर, नगर प्रचारक राघवेंद्र, नगर संयोजक सुरेश सिंह परिहार आदि मौजूद रहे !

**प्रशासन की रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

विशाल बाइक यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा पूर्व में सभी प्रकार की तैयारी कर ली गई थी, जिसमें कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह के निर्देश पर नगर चौकी प्रभारी निखिल मलिक की उपस्थिति में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा, जिसमें उप निरीक्षक आजाद बाबू, अवरार अहमद, हेड कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह , राघवेंद्र राजावत, कांस्टेबल राहुल चौधरी, रामबाबू ,त्रिवेंद्र आदि उपस्थित रहे !

# विश्व शांति के अग्रदूत प्रजापिता ब्रह्मा बाबा : ब्रह्माकुमारीज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन के लिए एक स्मरणीय दिन रहा। जिसमें बाबा के चारों धाम की रूहानी यात्रा (शांति स्तंभ, बाबा का कमरा, हिस्ट्री हॉल, बाबा की कुटिया) का उद्घाटन समारोह एवं ब्रह्माकुमारीज के आदि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दैवीय भ्राता राजेश श्रीवास्तव उनकी धर्मपत्नी अनुराधा श्रीवास्तव ने रिविन काटकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। जिसमें राजयोगिनी चित्ररेखा दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन, उनकी शिक्षाओं और विश्व शांति के संदेश दिए। उन्होंने बताया कि बाबा ने अपना तन-मन-धन सब ईश्वरीय यज्ञ में स्वाहा कर दिया। सदैव ट्रस्टी बनकर रहे और संपूर्णता को प्राप्त किया। उनकी ही स्मृति में यह रूहानी यात्रा के लिए स्थान बनाए गए। जहां बैठकर बच्चे बाबा के साथ रूह-रिहान करके बाबा से शक्ति एवं वरदान प्राप्त कर सके। बीके मायारानी दीदी जी ने बताया कि शांति स्तम्भ बापदादा सतगुरु रूप में शांति का वरदान देते है। हिस्ट्री हाल में परम शिक्षक बाबा ज्ञान से बुद्धि की झोली भरते है। कमरे में परमपिता की पालना सर्व शक्तियों का वरदान देते है। कुटिया में परम सखा स्वरूप से सुख-शांति की वर्षा करते हैं। तत्पश्चात् सभी ने रूहानी यात्रा की एवं ब्रह्माभोजन स्वीकार किया। इस दौरान बीके गीता दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके रुबी दीदी, बीके प्रियंका बहन, बीके निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके विद्यासागर भाई, डा.श्रीराम साहू, एड रामस्वरूप साहू, केशव प्रसाद पांडे, राधेश्याम ताम्रकार, अशोक राठौर, महेश कंचन, गणेश साहू, मनीष दुबे, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, कृपाल सिंह बुंदेला, कैलाश नारायण, खुशीलाल साहू, भगवानदास शर्मा, पंचम निरंजन, मनीष तिवारी, रानू तिवारी, नीलिमा चौबे, किरण साहू, मंजू साहू, लक्ष्मी साहू, सीमा नरवरिया, रेखा सिंधी, मुन्नीराजा बुंदेला, नम्रता श्रीवास्तव, हर्षिता बहन, स्वर्णा कंचन, कमला साहू एवं शहर के अनेक वरिष्ठ भाई-बहन उपस्थित रहे।

# आर्मी में रॉ एजेण्ट बताकर ए.एन.एम. से फेसबुक पर की दोस्ती

**● छह लाख रुपये लेकर फोन उठाना किया बंद, ए.एन.एम. ने दर्ज करायी एफआईआर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर हुयी दोस्ती ने महिला को बड़ी मुश्किल में डाल दिया। दरअसल, खुद को आर्मी में रॉ का एजेण्ट बताने वाले युवक ने ए.एन.एम. पद पर तैनात महिला से दोस्ती कर छह लाख रुपये ऑनलाइन लेकर धोखाधड़ी कर दी। अब ए.एन.एम. ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ साइबर क्राइम थाना में लिखित शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज करायी है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला जालौन अंतर्गत ग्राम पिरौना में रहने वाली ममता वर्मा पत्नी अरविन्द वर्मा ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग के सी.एस.सी. बिरधा के उपरिया उपकेन्द्र में ए.एन.एम. पद पर कार्यरत है। बताया कि करीब 3-4 माह पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती एक व्यक्ति से हुयी, जिसने अपना नाम कैलाश चौधरी बताया।

उक्त व्यक्ति जिसने अपना नाम कैलाश चौधरी बताया था ने खुद को आर्मी में रॉ एजेण्ट अधिकारी बताया। इसके बाद दोनों में वार्ता होने लगी और कुछ दिनों बाद अचानक से कैलाश चौधरी ने उससे कहा कि उसका बैंक खाता किसी कारण से ब्लॉक हो गया है। उसे अर्जेन्ट रुपयों की आवश्यकता है। उसकी बातों में आकर ए.एन.एम. ने हां कर दी और उसकी बातों के झांसे में आकर धोखाधड़ी कर कैलाश चौधरी नाम के युवक ने उससे 6 लाख रुपये ऑनलाइन डलवा लिये। जब उसने कुछ समय बाद अपने रुपये वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने उसकी ड्यूटी जम्मू में होने की बात कहते हुये टाल दिया और अभी रुपये नहीं दे पाने की बात कही। थोड़े समय पश्चात कैलाश चौधरी नाम के युवक ने उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया। इसके बाद ए.एन.एम. को उसके साथ हुये धोखाधड़ी की जानकारी हुयी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ए.एन.एम. की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व सूचना प्रोधौगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66 सी व 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# इंदौर में खुद को न्यूज चैनल का पत्रकार बताकर दहेज में मांगी महंगी कार

**●दहेज में कार न मिलने पर लड़के ने किया शादी करने से इंकार**

**पिता ने दर्ज करायी एफआईआर, कहाँ- पुत्री का भविष्य हो रहा खराब**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला इंदौर में स्वयं को बड़ा पत्रकार बताते हुए पुत्री से शादी करने के एवज में कार की मांग करने और कार्ड वितरण होने के बाद शादी से इंकार कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा तृतीय में रहने वाले हल्के पाल पुत्र स्व.धनसिंह पाल ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री का विवाह मध्य प्रदेश के जिला इंदौर में विजयनगर निवासी सुमित सिंह पुत्र कमल सिंह के साथ 20 नवम्बर 2025 को होना तय हुआ था। उसने एक सोने की अंगूठी, सोने की चैन, कपड़े व सामान, फलफ्रूट करीब 60 हजार रुपये के और 5 लाख रुपये के साथ आगामी 26 फरवरी 2026 को ललितपुर में ही सुमित सिंह, कमल सिंह, शान्ति पत्नी कमल, कृष्णा पुत्र कमल सिंह, प्रगति पत्नी कृष्णा को सचिन, बब्लू, अंकित पुत्रगण हल्के व अपनी पत्नी कमलेश, मोहल्लेवासियों व रिश्तेदारों के सामने दिये और उसने विवाह के कार्ड छपवाकर वितरण कर दिये। बारात घर भी बुक कर लिया, भोजन बनाने के लिए मिठया भी कर लिया और विवाह की सम्पूर्ण तैयारी कर ली। इतना सब होने के बाद सुमित ने कहा कि वह न्यूज चैनल का पत्रकार है, उसे दहेज में कार चाहिए, इससे उनका रुतबा बना रहेगा। पीड़ित व उसकी पुत्री के मोबाइल फोन पर होने वाले समधी कमल ने 15 नवम्बर को फोन करके भुगतान करने की बात कही, जिस पर उन्होंने कहा कि शादी के दौरान ही दहेज में कार देनी पड़ेगी। आरोप है कि सुमित सिंह व कमल सिंह ने कहा कि वह स्टेण्डर्ड लोग हैं, कार न मिलने पर वह शादी नहीं करेंगे और शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने बताया कि शादी से मना करने के बाद उसकी पुत्री का भविष्य खराब हो गया है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# आमजनों को सुगम यातायात और जाम की समस्या के स्थाई समाधान के लिए NHyy पर कैलगुवां ओवरब्रिज हुआ तैयार : डीएम

**●ओवरब्रिज की दोनों लेन का कार्य अंतिम चरण में, जल्द ही आमजन को मिलेगी सुविधा, नहीं लगेगा जाम**

**जिलाधिकारी ने रविवार को मौके पर जाकर देखी प्रगति, 22 जनवरी तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर पुल चालू करने के एनएचएआई को दिए निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा सुगम यातायात के साथ साथ विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश रविवार को ह्या44 पर कैलगुवा मार्ग ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का जायजा लेने मौके पर पहुंचे और एनएचएआई के अधिकारियों को बुलाकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 22 जनवरी तक पुल का बचा हुआ कार्य त्वरित गति से पूर्ण कराकर इसे आम जन के लिए खोला जाए, ताकि शहर में जाम की समस्या का समाधान हो सके। इसमें किसी भी स्तर की कोताही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना और विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए कुछ लक्ष्य तय किए गए हैं, जिनमें कैलगुवा ओवरब्रिज, शहजाद नदी का पुल और शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली स्टेशन से आजाद चौक तक की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण शामिल है। इन योजनाओं के पूर्ण होने से ललितपुर वासियों को महानगर जैसा अनुभव होगा और शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा अभी भी अतिक्रमण किया गया है तो वह स्वयं उसे हटा ले, शहर का सुंदरीकरण केवल जिला प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यहां के लोगों का भी दायित्व है। मौके पर एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ओवरब्रिज का कार्य अपने अंतिम चरण में है। दोनों लेन का कार्य लगभग पूर्ण है, कुछ छोटे छोटे कार्य शेष हैं, जिन्हें आगामी दो दिवसों में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एलपीजीसीएल में हुआ मैराथन दौड़ का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ललितपुर।** बजाज एनर्जी समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में मैराथन 2026 में अधिकारियों एवं उनके परिजनों ने जबरजस्त उत्साह के साथ भाग लिया। स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ शुरू हुई। मैराथन में बच्चे, महिलाओं व पुरुषों ने भागीदारी दी। सीईओ ए.एन.सार ने खेलों के माध्यम से लंबी और निरोगी काया पर प्रकाश डाला। सुबह 7 बजे से बजाज एनर्जी समूह की एलपीजीसीएल परिसर में आयोजित मैराथन 2026 में प्रतिभाग करने के लिए कंपनी अधिकारियों व उनके परिजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा था। कहा कि खेल व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को खेलों में प्रतिभाग करके लंबी और निरोगी काया रखने के मंत्र का पालन करना चाहिए। कहा कि जब तक आप के अंदर छिपा खिलाड़ी सक्रिय रहेगा, बीमारियां आपसे दूर भागती रहेंगी। कंपनी इस वर्ष मैराथन का आयोजन स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ कर रही है। इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत कराई। लोग जमकर भागे और एक दूसरे को पछाड़ने की जद्दोजहद के बीच खेल भावना का परिचय दिया। इस मैराथन के वही सिकंदर बने जिनके शरीर में दम और निरंतर अभ्यास था। मैराथन प्रतियोगिता के ग्रुप ए में प्रथम शिवम राजपूत, द्वितीय कृष्णा मेघवंशी, तृतीय अजय कुशवाहा, ग्रुप बी (महिला वर्ग) में प्रथम विमला यादव, सीमा चौधरी, तृतीय, शांभवी मिश्रा, ग्रुप सी में प्रथम रोहित सिंह द्वितीय अभिमन्यु उपाध्याय, तृतीय अमरनाथ साहा रहे। ग्रुप डी में प्रथम दिव्यांश राणा, द्वितीय दृष्टांत सैनी, तृतीय शिवानी। ग्रुप ई में प्रथम सुजल कुमार, द्वितीय केशव यादव, तृतीय प्रतीक गुप्ता, ग्रुप एफ में प्रथम सूर्यांश पचौरी, द्वितीय, रुद्रप्रताप सिंह, तृतीय नमीष चंद्रा, ग्रुप जी में प्रथम वैष्णवी अवस्थी, द्वितीय अंशिका मिश्रा, तृतीय मौनमई रही। अंत में विजेता प्रतिभागियों सीईओ व उनकी धर्मपत्नी अलका सार पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान वाइस प्रेसिडेंट अखिलेश खुरसवार, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा खेल समिति के अध्यक्ष सनी सप्रू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एक ही रात तीन घरों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक ही रात तीन घरों में चोरी की वारदात में बदमाशों ने नकदी तथा जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के डगरारा गांव में अज्ञात बदमाशों ने शनिवार की रात बाबूलाल तिवारी के घर चोरी की घटना अंजाम दी। पीड़ित के मुताबिक बदमाश दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर घुस गये। बदमाशों ने घर से 25 हजार रूपये नकद तथा महिलाओं के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। गांव में ही चोरों ने उमेश तिवारी के घर भी धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात व घरेलू सामान उड़ा ले गये। वहीं गांव की सीमा से सटे उधरनपुर में भी बदमाशों ने बद्री सरोज के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के मुताबिक बदमाश घरेलू सामान व जेवरात चोरी कर ले गये। बदमाशों ने घटना के बाद एक बॉक्स को सामान निकालकर दरवाजे पर छोड़ दिया। रविवार की सुबह परिजन घर में चोरी की घटना देख आवाक रह गये। घटना को लेकर पीड़ितों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना को लेकर छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है जांचकर घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा।

### घाटमपुर में डंपर ने दारोगा की कार को मारी टक्कर, दारोगा गंभीर रूप से घायल



**घाटमपुर।** कानपुर के घाटमपुर में तेज रफ्तार डंपर ने दारोगा की कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए,, मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने दारोगा को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के रेउना थाने में तैनात 2020बैच के दारोगा अनलेश सिंह थाना क्षेत्र से गुमशुदा की तलाश में घाटमपुर गए थे, कानपुर सागर हाइवे पर घाटमपुर ओवर ब्रिज के पास पहुंचते ही हमीरपुर की ओर से आ रहे तेज़ रफ़्तार डंपर ने उनकी कार में सामने से टक्कर मार दी, हादसे के बाद डंपर चालक ने वाहन छोड़ कर मौके से भाग निकला ,, सूचना पर। पहुंची घाटमपुर पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले कर जांच शुरू कर दी है ,, घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश कुमार बिष्ट ने बताया कि घायल दारोगा को अस्पताल पहुंचा दिया गया है,साथ ही परिजनों को सूचना दे दी गई है, तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाइ की जाएगी ,और डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

### अचानक लापता हो गयी नाबालिग पुत्री

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला युवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह किराए के मकान में किराए से रहता है और मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। 16 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह परिवार के साथ घर में सो रहा था। उसी समय उसने पानी पीने के लिए उठा तो देखा कि उसकी नाबालिग पुत्री घर में नहीं थी। पूरे घर व छत पर जाकर तलाश किया, लेकिन पुत्री नहीं मिली। उसने आस-पड़ोस व रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी की तो पुत्री की जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर ली है।

### मारपीट की घटना में कार्यवाही को लेकर एसपी को दिया शिकायती पत्र

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के अठेहा निवासी विजय सरोज पुत्र सुरेश सरोज ने मारपीट की घटना में कार्यवाही न होने पर अफसरों से इंसाफ की फरियाद की है। पीड़ित ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीते वर्ष 11 दिसम्बर को घर के निर्माण को लेकर विपक्षियों ने मारपीट की घटना अंजाम दी। पीड़ित का कहना है सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल्हाड़ा भी जब्त किया। इसके बावजूद पीड़ित के मुताबिक पुलिस घटना को लेकर कार्यवाही नहीं कर रही। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी अब भी धमकी देते हुए उसके घर के निर्माण में बाधा पहुंचा रहे हैं।

# एसआईआर विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद में बूथ डे आयोजित

**●3770 मतदान केंद्रों पर हुआ मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन**

**जिलाधिकारी ने कल्याणपुर विधानसभा के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ व नागरिकों से किया संवाद**

**अनुपस्थित बीएलओ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर अभियान के अंतर्गत संचालित विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज जनपद में बूथ डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त मतदान केंद्रों पर प्रकाशित मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन कराया गया। बूथ डे के क्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र वीएसएसडी कॉलेज में बूथ संख्या 261 से 269, जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर, दीनदयाल नगर में बूथ संख्या 243 से 251 तथा सीएसए विश्वविद्यालय परिसर में स्थित बूथ संख्या 285 से 292 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों से संवाद किया और मौके पर उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्थित एक बूथ पर बीएलओ उपासना सिंह की अनुपस्थिति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के कुल 3770 मतदान केंद्रों पर बूथ डे का आयोजन किया गया है। विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला प्रत्येक पात्र नागरिक फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या चिन्ताजनक-प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पड़ोसी बांग्लादेश में अलग अलग जिलों में अल्पसंख्यक हिंदुओं की दिलदहला देने वाली हत्या की घटनाओं को गम्भीर एवं चिंताजनक कहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दू होटल व्यवसायी लिटन चन्द्र घोष की पीट पीटकर हत्या कर दी गयी। वहीं उन्होंने एक पेट्रोल पम्प पर कार्यरत हिन्दू कर्मचारी रिजन साहा की वाहन से कुचल कर की गयी हत्या को भयावह करार दिया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यक हिन्दुओं,सिखों व बौद्धों को कट्टरपंथियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद मोदी सरकार की पड़ोसी देश में हिन्दुओं की असुरक्षा को लेकर आवाज खामोश है। श्री तिवारी ने कहा कि बांग्लादेश को इन्दिरा गांधी ने साहसिक व दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए निर्मित कराया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इस विरासत को भी असुरक्षा के वातावरण से निकालने में अक्षम साबित हो रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने महाराष्ट्र में नगर निकाय के चुनाव में मेयर पद पर भाजपा तथा शिवसेना शिंदे के बीच खींचतान को लेकर भी तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के लिए अपने सहयोगियों के साथ भी बेहिचक विश्वासघात किया करती है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पहले शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने के नाम पर भाजपा ने वहां चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जैसे ही भाजपा को बहुमत मिल गया तो शिंदे को उपमुख्यमंत्री बनने को मजबूर किया। उन्होंने कहा कि देश के पूर्वोत्तर के असम व मणिपुर समेत राज्यों में भी भाजपा असुरक्षा के वातावरण को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सत्ता के मद में चूर भाजपा और मोदी सरकार एसआईआर के नाम पर लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि महंगाई तथा विदेश मामलों में अक्षमता को छिपाने के लिए भाजपा एसआईआर और मनरेगा को भी खत्मकर तानाशाही पर उतर आयी है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान रविवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

### तोड़फोड़ व मारपीट की घटना में सिपाही की तहरीर पर आरोपियों पर केस दर्ज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज,मारपीट व तोड़फोड़ की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज थाने में तैनात आरक्षी विशाल यादव व मुकेश चन्द्र गुप्ता 17 जनवरी को गश्त पर निकले थे। सूचना पर पुलिसकर्मी कोतवाली क्षेत्र के गजा का पुरवा पहुंचे। वहां पुरानी रंजिश को लेकर गांव के एक पक्ष के अरूण पटेल पुत्र हरीलाल, गीतादेवी पत्नी हरीलाल, रंजीत पुत्र हरिश्चन्द्र, सुमेरा देवी व कुछ अन्य एवं दूसरे पक्ष के इन्द्रेश पटेल पुत्र रामसजीवन, व चन्द्रेश पटेल, रजत पटेल, सुनीता देवी व कुछ अन्य आपस में गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गये। दोनों पक्षों ने तोड़फोड़ करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आयी। आरक्षी विशाल यादव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो पक्षों ने एक दूसरे को दौड़ाकर पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर के घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएचसी,, में दो पक्षों में जमकर लात घूंसे चलें, एक पक्ष ने जलतीं हुई लकड़ी अलाव से उठा ली, उससे लोगों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा, बचने के लिए लोग अस्पताल के अंदर भागे, यहां दोनों पक्षों में कुर्सियां चल गई, इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई, पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, बीतीं देर रात सोशल मीडिया पर घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक वीडियो सामने आया, वीडियो में दो पक्षों में मारपीट होती नजर आ रही है, वीडियो में कुछ स्थानीय सभासद नजर आ रहे हैं, एक पक्ष ने अलाव से जलतीं लकड़ी उठा कर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया,बचने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे, कुछ लोग अस्पताल के अंदर घुस गए, जहां दोनों पक्षों के बीच कुर्सियां चली, घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश कुमार बिष्ट ने बताया कि वीडियो के आधार पर हंगामा करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है, घटना की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी, एसीपी घाटमपुर कृष्ण कान्त यादव ने बताया कि अब तक इस घटना को लेकर सीएचसी प्रशासन या मारपीट में शामिल किसी पक्ष ने घाटमपुर थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई है, इसके बावजूद सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने स्वतः संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## एसडीएम ने बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ के कार्यों को देख, दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत रविवार को बूथ दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के सभी बूथों पर बीएलओ उपस्थित रहकर कार्य में डटे रहे। बीएलओ अपने गांव बूथ के मतदाताओं को बूथ केन्द्र पर आमंत्रित कर वोटर लिस्ट में परिवार के शामिल मतदाताओं के नाम की जानकारी लेने और छूटे हुये लोगों के मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की जानकारी दी। छुटे हुये पात्र मतदाताओं के फॉर्म 6 भरने का कार्य बीएलओ द्वारा किया गया। बीएलओ ने फॉर्म की फीडिंग निर्धारित एप्प पर भी किया। बूथों पर तैनात बूथ लेवल ऑफीसरों ने विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए से भी संपर्क कर अधिक से अधिक मतदाता बनाने और छुटे हुए पात्र मतदाताओं के फॉर्म को भरवाने के लिए सहयोग करने को कहा। विशेष बूथ दिवस पर बूथों का निरीक्षण उप जिला अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व सुपरवाइजरों ने किया। रविवार को एसडीएम विवेकानंद मिश्र ने तहसील क्षेत्र के बूथ संख्या 267, 268, 269 व 270 पूर्व माध्यमिक विद्यालय शोहरतगढ़ का औचक निरीक्षण करते हुए बूथ पर कार्य कर रहे बीएलओ अमित कुमार चौधरी, राकेश, सुषमा व सकीना से पूछताछ करते हुए फॉर्म 6 के भरे जाने की प्रगति के बारे में पूछताछ किया। फार्म के साथ लिए जाने वाले दस्तावेजों की भी जांच की। साथ ही साथ जिन मतदाताओं के वोटर लिस्ट में अंकित नाम में किसी प्रकार की त्रुटि है तो उन्हें भी आवेदन करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम ने यह भी कहा कि फॉर्म 6 को भरते समय जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर आधार कार्ड मतदाता से लेते हुए आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। यदि कहीं पर दिक्कत आती है तो तहसील के वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर से सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने बूथ संख्या 250 नकथर पर पहुंच कर बीएलओ केशव यादव से कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया। वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर के ऑपरेटर सीपी सिंह, मुख्तार अहमद आदि द्वारा शाम के समय तहसील क्षेत्र के विभिन्न बूथों के बीएलओ द्वारा एकत्रित किए गए फॉर्म 6, 7 व 8 के प्रगति की रिपोर्ट भी लिया गया। क्षेत्र के बूथ संख्या 169 महला पर अनिरुद कुमार, बूथ संख्या 40 ढेबरुआ पर आशुतोष मिश्रा व बूथ संख्या 41 रेकहट पर रामसूरत यादव आदि अन्य बीएलओ अपने अपने बूथों पर बैठकर कार्य करते हुये फार्म 6, 7 व 8 भरकर मतदाता सूची से जुड़े कार्यो को पूरा करने में लगे रहे।

## चांदमारी ने पुलिस लाइंस को 5 विकेट से हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जाखलौन।** सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में चांदमारी ललितपुर की टीम ने पुलिस लाइंस को पांच विकेट से हरा दिया। जिसमें चांदमारी ललितपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और पुलिस लाइंस ललितपुर की टीम को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया पुलिस लाइंस ने 15.4 ओवर में 122 रनों पर ऑल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज रहे विजय जिन्होंने 26 रन का योगदान दिया, और ओपनिंग करने आए अभिषेक सिंह ने 11 गेंद में 23 रनों का योगदान दिया जिसमें चार चौके एक छक्का भी शामिल है। और आदर्श ने भी 17 रनों का योगदान दिया तीन बल्लेबाजों की रनों की बदौलत पुलिस लाइंस की टीम ने 122 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चांदमारी ललितपुर के ओपनिंग बल्लेबाज बिट्टू जिन्होंने 20 गेंद में 40 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 9 चौके भी शामिल हैं। और वीरेंद्र ने भी 30 रनों का योगदान दिया, और क्रीज पर नॉट आउट बने रहे। चांदमारी ललितपुर ने मात्र 11.2 ओवर में पांच विकेट से आसानी से इस मुकाबले में जीत दर्ज कर ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच रहे बिट्टू जिन्होंने 20 गेंदों में बनाए 40 रन जिसमें 9 चौके, और चार शानदार कैच भी लिए मैच में उपस्थित रहे। मु0 आ0 सर्वेश कुमार, दर्शन यादव, राहुल यादव, सेलू राजा, धीरज शर्मा, संदीप राजा,कपिल तिवारी, के साथ अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, दरोगा की तहरीर पर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रोड पर पाइप बिछाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के दरोगा नंदलाल यादव शनिवार को दोपहर फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। चाहिन गांव में रोड पर पाइप बिछाने को लेकर दो पक्षों के आमने सामने होने की पुलिस को जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। पुलिस की मौजूदगी में ही प्रथम पक्ष के राजेश सिंह पुत्र नागेन्द्र पाल सिंह, सत्यम सिंह तथा अशोक सिंह पुत्र सुदेश सिंह व दूसरे पक्ष के कल्लू पुत्र पंचू, लक्ष्यराज पुत्र शंकर को गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पुलिस ने घायलों को सांगीपुर अस्पताल पहुंचाया। दरोगा की तहरीर पर दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## हिन्दू समाज में एकता समय की सबसे बड़ी आवश्यकता-डा. तोगड़िया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के दिग्गज डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने हिन्दू समाज में एकता तथा धार्मिक चेतना की मजबूती को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता कहा है। उन्होंने कहा कि गांवों और शहरों में आध्यात्मिक चेतना को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे समाज में सांस्कृतिक जागरूकता के साथ आपसी समरसता की भावना मजबूत हो सकेगी। रविवार को लालगंज क्षेत्र के मेढ़ावां गांव में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए डा. प्रवीण तोगड़िया ने लव जिहाद के मुद्दे पर तीखे अंदाज में कहा कि इससे हिन्दू समाज की स्थिति अत्यन्त गंभीर हो रही है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद को लेकर सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। वहीं उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून को भी प्रभावी बनाये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दो से अधिक बच्चे वाले परिवारों को सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाना चाहिए। यहां ग्रामीणों ने डा. तोगड़िया का स्वागत एवं सम्मान भी किया। कार्यक्रम का संयोजन शनि सिंह ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, रवीन्द्र तिवारी, प्रवीण तिवारी, हरबहादुर सिंह हर्ष, संजीत तिवारी, लवलेश यदुवंशी, बबलू मिश्रा, संतोष सिंह, नरेन्द्र तिवारी, प्रशांत मिश्र, कान्हा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** बिहार में अवैध रूप से शराब सप्लाई करने वाले तीन तस्करों को कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया है, तीनों संदिग्ध रूप से रेलवे स्टेशन के आसपास घूम रहे थे, और बिहार जानेवाली गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस टीम को इन पर संदेह हुआ, तीनों पर संदेह होने के बाद, आरपीएफ, और जीआरपी,की टीम ने आरोपियों की जांच की, तों उनके बैग से भारी मात्रा में शराब बरामद हुई, जिसके बाद आरोपियों को अवैध रूप से शराब तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, तीनों को कोर्ट में पेश किया जा रहा है, आरपीएफ पोस्ट कमांडर एसएन पाटीदार,ने बताया कि तीनों आरोपियों के पास से डेढ़ लाख रुपए की शराब बरामद हुई हैं, इनके पास से कुल 598 ट्रेटा पैक,,180 मिली,बरामद हुए हैं, जिसमें 529 ,आफीसर च्वाइस व्हिस्की 73 पैक रॉक फोर्ड व्हिस्की पैक बरामद हुए हैं, इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह कानपुर से शराब खरीद कर लाए थे,और इसे लेकर बिहार जा रहे थे, बिहार में वह ऊंचे दामों पर शराब को बेंच कर मुनाफा कमाते थे, बिहार जाने के लिए वह गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, कानपुर में गिरफ्तार किए गए आरोपी मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले हैं, इसमें बिहार के खगड़िया निवासी अनिकेत पुत्र संजय यादव, राकेश पुत्र ब्रह्म देव यादव और बेगूसराय के ज्योतिष कुमार पुत्र देवल यादव को गिरफ्तार किया गया है तीनों के खिलाफ जीआरपी में मुकदमा दर्ज किया गया है इनके पीछे पूरा गैंग हैं,जो रूपए देकर इन्हें भेजता है, और यह लंबे समय से काम कर रहे हैं।

### महरौनी का गौरवः हर्षित मलैया देंगे वैज्ञानिकों संग भाषण

**महरौनी।** नगर के मलैया परिवार का गौरव एवं जैन समाज का चमकता सितारा हर्षित मलैया देशभर में महरौनी का नाम रोशन करने जा रहे हैं। मात्र 17 वर्ष की आयु में हर्षित का चयन उन चुनिंदा प्रतिभाओं में हुआ है, जिन्हें देश-विदेश के शीर्ष वैज्ञानिकों के साथ मंच साझा करने का अवसर मिला है। हर्षित आगामी 29 जनवरी 2026, गुरुवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष संगोष्ठी में वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में नासा और डीआरडीओ के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक भी उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस व्याख्यान को विशेष महत्व देते हुए दर्शकों के लिए टिकट व्यवस्था लागू की है। जैन समाज गर्वित हर्षित मलैया अजितेंद्र मलैया एवं जुली मलैया के बड़े पुत्र हैं। हर्षित अपनी बुद्धिमत्ता, शोधाभिरुचि और प्रतिभा से लगातार नई ऊंचाइयाँ छू रहे हैं। उनकी सफलता से न केवल परिवार, बल्कि पूरा जैन समाज और महरौनी नगर हर्षित एवं गौरवान्वित है।

## सिद्धार्थनगर में एक सप्ताह से लापता था युवक, अब मिला पोखरे में शव, परिजनों में मची चीख पुकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के देईपार गांव में एक लापता युवक का शव आठवें दिन गांव के ही पोखरे में उतराता हुआ मिला । मृतक की पहचान 27 वर्षीय पिन्टू पुरी पुत्र स्वर्गीय शिवपुरी के रूप में हुई है, जो बीते 10 जनवरी की रात से लापता था। सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार देईपार गांव में 10 जनवरी की रात रामलीला कार्यक्रम का समापन हुआ था। पिन्टू पुरी ने कार्यक्रम के बाद वहीं से वह लापता हो गया। अगले दिन सुबह ग्रामीणों को पोखरे के बाहर उसकी शॉल और चप्पल मिली थीं, जिससे उसके पोखरे में डूबने की आशंका जताई गई थी। इसकी सूचना तत्काल भवानीगंज पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से पोखरे में युवक की तलाश शुरू की गई। हालांकि, कई प्रयासों के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। 13 जनवरी को एसडीआरएफ टीम को भी सूचित किया गया, जिसने पोखरे और आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन तब भी शव नहीं मिल पाया था। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने पोखरे में एक शव उतराता हुआ देखा। नजदीक जाकर देखने पर उसकी पहचान पिन्टू पुरी के रूप में हुई। ग्रामीणों ने तत्काल भवानीगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोखरे से बाहर निकलवाया। शव मिलने की खबर सुनकर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई, इस मामले में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राज्यपाल ने कानपुर के राजकीय बाल सुधार गृह का किया निरीक्षण

**●बालिकाओं से संवाद कर शैक्षणिक, मानसिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का लिया फीडबैक**

**राज्यपाल ने शिक्षा, अनुशासन और कौशल विकास पर दिया जोर, आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज कानपुर नगर स्थित राजकीय बाल सुधार गृह (बालिका), स्वरूप नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने बालिका गृह में निवासित बालिकाओं से संवाद कर शैक्षणिक, आवासीय, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्थाओं की स्थिति का फीडबैक प्राप्त किया। राज्यपाल जी ने बालिकाओं को शिक्षा को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि शिक्षित और संस्कारित बेटियाँ समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं। उन्होंने बालिकाओं को नियमित रूप से डायरी लेखन की सलाह देते हुए कहा कि इससे आत्ममूल्यांकन, अनुशासन और लक्ष्यबद्ध जीवन-शैली विकसित होती है। राज्यपाल जी ने बालिकाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने के निर्देश देते हुए कहा कि संस्थागत देखरेख का उद्देश्य केवल संरक्षण नहीं, बल्कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक के रूप में तैयार करना है। संवाद के दौरान राज्यपाल जी ने बालिकाओं से प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर उन्होंने आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ दिया। राज्यपाल जी ने राजभवन से लाई गई पुस्तकें एवं उपयोगी सामग्री बालिकाओं को भेंट की। इस अवसर पर बालिकाओं ने भी सृजनात्मक अभिव्यक्ति के रूप में स्वयं द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स एवं स्मृति-चिह्न राज्यपाल जी को भेंट किए। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल जी ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की छात्राओं से भी संवाद किया, जो बालिका गृह की बालिकाओं की मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग से जुड़ी हैं। राज्यपाल जी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि मानसिक परामर्श बालिकाओं के भावनात्मक संतुलन, आत्मविश्वास और पुनर्वास प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। राज्यपाल ने परिसर में स्थित पुस्तकालय, रसोईघर, भंडारगृह, आवासीय कक्षों सहित अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। राजभवन से आई टीम द्वारा बालिका गृह की व्यवस्थाओं का समग्र मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसके आधार पर आवश्यक सुधारात्मक एवं विकासात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## महरौनी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महरौनी पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने धारा 108 बीएनएस से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो मुस्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। थाना महरौनी में पंजीकृत मुकदमा संख्या 026/2026, धारा 108 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दिनांक 18 जनवरी 2026 को समय 12:35 बजे पठा विजयपुरा बस स्टैंड के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नरेश रजक पुत्र हजरान रजक, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी ग्राम पठा विजयपुरा, थाना महरौनी, जनपद ललितपुर के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को थाना महरौनी लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद अभियुक्त को संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, उपनिरीक्षक महेशचंद्र, विवेचक, उपनिरीक्षक अरविंद सिंह, कांस्टेबल मुकेश कुमार, चालक होमगार्ड सूरज सिंह आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक भी पहुंचे बूथ पर, ड्राफ्ट वोटर सूची का किया अवलोकन

**कोंच(जालौन)-** क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बूथ संख्या 494, 496 का भ्रमण कर मतदाताओं से संपर्क किया। इस दौरान विधायक ने एसआईआर से संबंधित ड्राफ्ट वोटर सूची का अवलोकन किया। विधायक ने कहा कि प्रयास है, मतदाता सूची पूर्णतः त्रुटिहीन और पारदर्शी हो ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**उरई(जालौन)-** कोटरा थाना क्षेत्र के मुहल्ला मंडी बाजार में रहने वाले एक युवक ने बंद कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजबहादुर (28) पुत्र रतन यादव के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार के बाकी सदस्य वर्तमान में नजदीकी ग्राम विनोरापुर में रह रहे थे, जबकि राजबहादुर कोटरा में रहकर पल्लेदारी का काम करता था और समय-समय पर गांव आता-जाता रहता था। पुलिस के अनुसार, आशंका है कि राजबहादुर ने करीब तीन से चार दिन पहले फांसी लगाई थी। जब मकान के अंदर से तेज दुर्गंध आने लगी तब आसपास के लोगों ने सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खुलवाकर शव को नीचे उतरवाया और मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच कर रही है।

### सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस मनाया

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के टेढ़ा गांव में सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस राष्ट्रहित, किसानहित एवं सहकारिता सशक्तिकरण के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण उत्थान और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य वक्ता एफपीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ.मनोज कुमार ने किसान उत्पादक संगठनो की भूमिका, किसानों को बाजार से जोड़ने और सहकारिता को मजबूत बनाने पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सहकार भारती बिना राजनीति के सहकारिता को जनआंदोलन का स्वरूप दे रही है।

कार्यक्रम में सहकार भारती के कार्यो, किसान सशक्तिकरण, महिला स्वावलंबन, प्राकृतिक खेती और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सहप्रमुख सुनील, जिला उपाध्यक्ष राजनरायन गुप्ता, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह गौतम, महिला प्रमुख तनूजा सिंह, सह महिला प्रमुख उर्मिला सिंह, समाजसेवी सौरभ सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### सिमी से सम्पर्क खंगालने में जुटी एजेंसियां

**हमीरपुरः-** बीते दिनों सुमेरपुर में किशोरी के वाइरल वीडियो और उसके बाद के हुए घटनाक्रमों के बाद अब नए एंगल से जांच करने में जुट गई हैं।खुफिया एजेंसिया लव-जिहाद, धर्मातरण के मुख्य आरोपी के पिता का इस्लामिक मूवमेंट (सिमी) से जुड़े होने के सबूत खंगालने लगा है। खुफिया एजेंसियों को आशंका है मौलाना खान सिमी का सदस्य है तभी इसके यहां वर्ष पर्यंत कट्टरपंथी मौलानाओं का आना जाना रहता है। कस्बे के हिंदू समुदाय की नाबालिग युवती को प्रेमजाल में फंसाकर गैंगरेप कर अश्लील वीडियो बनाने तथा बाद में धर्मातरण का दबाव बनाने पर युवती के मुकर जाने से नाराज होकर अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में मुख्य आरोपी अफान खान के पिता मौलाना खान पर प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन का खुफिया तंत्र मौलाना खान को इस्लामिक मूवमेंट (सिमी) का सक्रिय सदस्य मान रहा है और सिमी से इसके जुड़े होने के सबूत एकत्र कर रहा है। रविवार को कस्बे में आए खुफिया एजेंसी के अधिकारी चुपचाप सबूत एकत्र करने में जुटे रहे। सूत्रों के मुताबिक खुफिया एजेंसी को मौलाना खान के खिलाफ अहम सबूत हाथ लगे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार सिमी से जुड़े होने के कारण इसके यहां वर्ष पर्यंत कट्टरपंथी मौलानाओं का आना-जाना लगा रहता है।

## पक्षियों के मौलिक अधिकार पर विभिन्न विभागों का निशाना उनके मौलिक अधिकार पर डाल रहे डाका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
बादल हुसैन



**नई दिल्ली,** आधुनिकीकरण और शहरीकरण की अंधी दौड़ में इंसान जिस तेजी से पेड़ों की कटाई कर रहे हैं जिससे कारण पंक्षी विलुप्त हो रहे हैं, क्योंकि इससे उनके घर आवास नष्ट होते हैं। भोजन और प्रजनन के स्रोत कम होते हैं जिससे उसकी संख्या घट जाती है और कई प्रजातियां खतरे में पड़ जाती है,जैसा कि गौरैया जैसी चिड़िया के साथ हो रहा है,हाल ही में छत्तीसगढ़ में एक पेड़ काटने सौकडों पक्षियों की मौत का मामला भी सामने आया था, पेड़ पौधे पक्षियों के घोंसले बनाने और रहने की जगह होते हैं, कटाई से उनका घर छिन जाता है।कई पंक्षी पेड़ों के फल,बीज या उन पर रहने वाले कीड़े खाते है, पेड़ों के बिना उनका भोजन खत्म हो जाता है।बढता प्रदूषण उसके स्वास्थ्य और जीवन पर असर डालता है। कुछ लोग अभी भी पंक्षियों का अवैध शिकार करते हैं या उन्हें पिंजरो में बेचते हैं , जिससे उनके प्राकृतिक अधिकार का हनन होता है।

जबकि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला है कि पंक्षियों को भी सम्मान के साथ जीने का मौलिक अधिकार है और और उनके व्यापार या पिंजरों में कैद करना उनके अधिकारों का उलंघन है, पंक्षियों को दाना डालना कोई आधिकारिक घटना नहीं है, लेकिन यह एक अच्छा काम है जो पंक्षियों की मदद करता है।

अगर आप निमित्त रुप से पंक्षियों को दाना डालते हैं, तो यह उनके लिए एक अच्छा भोजन स्रोंत बन सकता है, खासकर सर्दियों में जब भोजन की कमी होती है। पेड़ पौधे कटाई, प्रदूषण और इंसानी दखल अंदाजी के कारण उनके आवास छिन रहे हैं । वहीं दिल्ली नगर निगम स्ब्ष्ठ कबूतरों को दाना डालने वाले जगहों पर प्रतिबन्ध लगा रखा है। इस फैसले से दाना बेचने वाले काफी नाराज़ हैं उनका कहना है कि उनके पेशे बंद हो गया है, और घर चलाना मुश्किल हो रहा है,जानकारों का मानना है कि कबूतरों को दाना खिलाने से घर में सुख शांति बनी रहती है, क्योंकि कबूतर शांति का प्रतीक माने जाते हैं। उन्हें भोजन देने से वैवाहिक जीवन में सुखी रहता है और दांपत्य जीवन में आने वाली सभी परेशानियों से भी छुटकारा मिलता है। शास्त्रौं में पक्षियों को दाना और पानी अर्पित करना पुण्य कार्य माना गया है। सिर्फ उन्हें बचाने के लिए सख्त कानूनों और जागरुकता की जरूरत है।

## मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची का हुआ वाचन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को तहसील क्षेत्र के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का वाचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों को मतदाता संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/एसडीएम ज्योति सिंह सहित समस्त एईआरओ उपस्थित रहे, और विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण कर मतदाता सूची वाचन कार्यक्रम की निगरानी एवं समीक्षा की। भ्रमण के दौरान एसडीएम ने समस्त बीएलओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक मतदाता तक सही जानकारी पहुँचे तथा किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे। मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे जिससे मतदाताओं को नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन हेतु मौके पर ही आवेदन करने की सुविधा मिल सके।

कार्यक्रम में आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी उपस्थित रहकर मतदाता सूची का वाचन सुना और आवश्यकतानुसार आवेदन भी प्रस्तुत किए। एसडीएम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मताधिकार को सुदृढ़ करने हेतु मतदाता सूची में अपने नाम, आयु एवं पते की जानकारी अवश्य जांच लें तथा त्रुटि पाए जाने पर समय रहते सुधार कराएं ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराई जा सके।

## गौशाला में गोवंश की मौत के मामले में सचिव निलंबित

**हमीरपुरः-** शनिवार को देर शाम जिला पंचायत राज अधिकारी ने इंगोहटा के पंचायत सचिव को गौआश्रय के रखरखाव में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। शनिवार को इंगोहटा निवासी आशीष सिंह, दिवाकर सिंह परिहार आदि ने तहसील दिवस में शिकायत करके आरोप लगाया था कि इंगोहटा की गौशाला में दो दर्जन से ज्यादा गोवंश मरे हैं जिनको प्रधान पुत्र गुरु प्रताप सिंह ने ट्रैक्टर ट्राली में भरकर नाले किनारे फेंक दिया है। जिलाधिकारी ने जांच टीम बनाकर गांव भेजी थी। जहां टीम को गौशाला के अभिलेखों में 134 गोवंश संरक्षित होने का रिकॉर्ड मिला था। मौके पर 128 गोवंश बंद पाया गया था। 6 गोवंश की स्वाभाविक मौत का ब्योरा रिकॉर्ड में दर्ज था। इसके बाद देर शाम जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश कुमार धुरिया ने पंचायत सचिव अमित कुमार को गौशाला प्रबंधन में लापरवाही, उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना, अपने पद एवं दायित्व का निर्वाहन नहीं करने के आरोप में निलंबित करके जिला पंचायत राज कार्यालय में सम्बद्ध करके एडियो पंचायत सरीला को जांच सौपकर 45 दिनों में रिपोर्ट मांगी है।

## यूथ मेला का हुआ आयोजन, युवाओं ने प्रदर्शित की प्रतिभा

**● ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक चेतना, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हैं- विधायक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** रविवार को हाटा स्थित सद्भाव मण्डपम में समर्पण जन कल्याण समिति के तत्वाधान में यूपी यूथ प्रोग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय यूथ मेले का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में वैचारिक गोष्ठी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रोत्साहन प्रदर्शनी एवं युवाओं को जागरूक करने हेतु शपथ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन द्वारा महात्मा गांधी एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई, तदोपरांत उन्होंने कार्यक्रम में सजाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। यूथ मेले में युवाओं ने सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। सजाए गए स्टालों में 'बंधुत्व वाली चाय' शिवानी महक द्वारा, 'समोसा' निशा व मिनी द्वारा, 'समानता' पोला फुला काजल व कविता द्वारा, 'संप्रभु गोलगप्पा' निहारिका व स्वीटी द्वारा, 'स्वतंत्र पान वाला' सानिया द्वारा तथा 'न्यायिक मिष्ठान भंडार' निखिला द्वारा लगाया गया जिन्हें विधायक सहित अन्य सभी अतिथियों ने खूब सराहा। विधायक ने युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक चेतना, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है, जिसमें समिति ने निश्चित रूप से सफलता हासिल की है। पीएम मोदी और सीएम योगी युवाओं को राष्ट्र निर्माण हेतु चलाए जा रहे विविध कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इससे पूर्व समिति सदस्यों ने विधायक का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव, लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष चौ.बृजेंद्र मयंक सहित समिति के प्रबंधक राधेकृष्ण श्रीवास्तव, शिवानी श्रीवास्तव, अमन सक्सेना, मृदुल दांतरे, हिमानी राठौर, कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, जाहिद भाई, महावीर यादव, विकार अहमद आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कशिश, शिवानी, अभिषेक राना, अनुज यादव सहित बड़ी संख्या में युवा भी मौजूद रहे।

### कटखने बंदरों से लोगों में खौफ, दर्जन भर लोगों को काट चुके हैं ये बन्दर

**हमीरपुरः-** राठ कस्बा के सिकंदरपुरा मोहल्ले में बीते एक पखवाड़े से बंदरों का आतंक है। अब तक 12 से अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर चुके है। मोहल्ले वासियों ने वन विभाग से शिकायत कर बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी लक्ष्मण दास, बृजेंद्र सिंह, सुचेता अमरचंद, इमाम खान, महेंद्र कुशवाहा, जयप्रकाश, हरिश्चंद्र, बिंकू शुक्ला आदि ने बताया कि मोहल्ले में बंदरों के आतंक से परेशान हैं। छत से सामान को ले जाते हैं। भगाने पर हमला कर जख्मी कर रहे हैं। गत 15 दिनों में सोनम शुक्ला, सत्यम कुशवाहा, गोपालजी शुक्ला, अभय कुशवाहा, सोनमवराज राजपूत सहित 12 से अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर चुके है। बंदर पीछे से हमला करते हैं और हाथ पैर तथा चेहरे पर जख्मी करते हैं। एक महिला की नाक पूरी तरह काट दी है। उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल ले जाया गया है। बंदर अधिकांश बच्चों और बुजुर्गो को निशाना बना रहे हैं। शिकायत करने पर भी लापरवाह वन विभाग की टीम ने बंदरों को नहीं पकड़ा। जिससे दहशत का माहौल बना हुआ है। मोहल्ले वासियों ने शिकायत कर बंदरों को पकड़वाये जाने की मांग की है।

### सुनील कुमार चुने गए सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर :-** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रान्तीय संघ (लखनऊ) के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, रविवार के दिन जनपद हमीरपुर के मुस्करा विकास खंड में जिला कार्यकारिणी के पदों के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव में सुनील कुमार भारती ने भारी मतों से विजय प्राप्त कर जिला अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। मुस्करा विकास खंड में आयोजित इस चुनावी प्रक्रिया में जिले भर के सफाई कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा पुलिस बल (महिला व पुरुष दीवान एवं सुरक्षा गार्ड) की तैनाती की गई थी, जिससे पूरी प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हुई।

निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार बौद्ध और सहायक निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह वर्मा की देखरेख में हुई मतगणना के बाद निम्नलिखित परिणाम घोषित किए गए। जिला अध्यक्ष सुनील कुमार को कुल 286 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 105 मतों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की जिला कोषाध्यक्ष मूलचंद्र कुशवाहा को 256 मत मिले। वे 56 मतों से विजयी घोषित किए गए जिला संप्रेक्षक मो. पीर खाँ ने 266 मत प्राप्त किए और 73 मतों के अंतर से जीत हासिल की निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ-साथ कुछ पदों पर आपसी सहमति से महामंत्री आशाराम कुशवाहा (निर्विरोध निर्वाचित) संगठन मंत्री शेर अली (निर्विरोध निर्वाचित) निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि मतगणना का कार्य सभी प्रत्याशियों और उनके एजेंटों के सम्मुख किया गया, जिससे सभी पक्ष संतुष्ट नजर आए। जीत की घोषणा के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार बौद्ध, सहायक निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह वर्मा, सहायक सुरेश कुशवाहा और सहयोगी प्रभाकर कश्यप सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में स्ब्ष्ठ शाखा स्थापित करने के सही जानकारी देने के लिए रामकृष्णनगर शाखा के क्रूको क्षेत्रवासियों की सराहना



**श्रीभूमिः** लंबे 2014 से श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में स्ब्ष्ठ शाखा स्थापित करने की दौड़-भाग के बावजूद दो बार सर्वे होने के बाद भी नहीं हुआ। हालांकि स्थानीय सेवानिवृत्त ष्ठष्ट निलमनि दास ने स्ब्ष्ठ शाखा के लिए रामकृष्णनगर से मुंबई तक शाखा अधिकारियों की जोड़ी के साथ, जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विभाग के निर्देश पर सर्वे के समय सही जानकारी प्रदान की थी वर्तमान रामकृष्णनगर स्ब्ष्ठ शाखा प्रबंधक निलांजन आचार्य ने। जिसे आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना था। इस जानकारी मिलने के बाद, दुल्लभछड़ा में शाखा स्थापित करने की अनुमति पत्र प्राप्त होने के संदर्भ में गत 17 जनवरी को दुल्लभछड़ा निवासियों की ओर से रामकृष्णनगर शाखा के क्रूको बधाई दी गई। इस पर समाचार कर्मियों के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि विभाग के निर्देश पर सर्वे किया गया, इसमें कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। हालाँकि यह पता चला कि शाखा स्थापित करने के लिए उपयुक्त सुविधा मौजूद है। स्थानीय लोगों ने सेवानिवृत्त ष्ठष्ट निलमणि दास की असाधारण मेहनत और कार्यक्षमता के लिए उन्हें भी विशेष रूप से आभार और धन्यवाद दिया।

## गरीबों की सहायता करना सनातनको सुरक्षित रखना हमारा उद्देश्य एवं धर्म है राठौर



**● खिचड़ी भोज दिया गरीबों को वितरित किए कंबल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/रिठौरा।** थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा में झलरा पीपल मंदिर प्रांगण में रविवार को शिवमंगल सिंह राठौर प्रदेश शोध प्रमुख शोध विभाग भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने अपने निजी कोष से कमजोर, बुजुर्ग, विधवा, तलाकशुदा, दिव्यांग जनों को कंबल वितरण एवं खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि मीरगंज विधायक डॉ डीसी वर्मा, विशिष्ट अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, प्रशांत पटेल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा हमारी पार्टी सब का साथ सबका विकास करती है। वहीं पार्टी का एक -एक कार्यकर्ता स्वयं निजी कोष से भी समाजसेवा करने में पीछे नहीं है।माघ मास में कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज हमारी सनातनी परंपरा है। इक्कीस सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उन्हें खिचड़ी भोज करवाया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वेदपाल, लोकेश कुमार गुप्ता ने किया।इस मौके पर एम0एल0सी0 कुवंर महाराज सिंह, मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल,चेयरमैन शकुंतला देवी, जिला पंचायत सदस्य किरन पटेल, सुरेंद्र पटेल, रमेश वर्मा, ओमप्रकाश उर्फ़ ओपी प्रजापति,प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता,गौरव सिंह अरमान, भगवत सरन साहू, राजकिशोर कश्यप, राधेश्याम साहू, राजीव उर्फ लवकुश साहू, ब्रजेश मौर्य, राहुल साहू,राकेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

**● समाज को जोड़े रखने के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन जरूरीः धर्मेन्द्र भारद्वाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मेरठ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण हीरोज़ संगठन (संगठन) द्वारा दुर्गा मंदिर, नौचंदी मैदान मेरठ में ब्राह्मण विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लगभग डेढ़ सौ विवाह योग्य युवक-युवतियों ने भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र भारद्वाज रहे। विशिष्ठ अतिथि विमल शर्मा सभापति, जिला सहकारी बैंक सुनील भराला पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री राजेन्द्र शर्मा पूर्व विधायक विशाल कौशिक अध्यक्ष ई रिक्शा यूनियन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं0 राजेश शर्मा और संचालन राजू शर्मा और त्रिनाथ मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का फूल-माला और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वैवाहिक परिचय पत्रिका का विमोचन भी किया गया।मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र भारद्वाज ने अपने अतिथि उद्बोधन में कहा कि समाज को जोड़े रखने के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित होते रहने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन समाज को जोड़े रखने का काम करते हैं। विशिष्ट अतिथि पं0 सुनील भराला ने ब्राह्मण समाज के गौरवशाली इतिहास से सबको अवगत कराते हुए समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे भगवान परशुराम का जीवन-दर्शन पढ़ें और उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। पं0 राजेन्द्र शर्मा पूर्व विधायक ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदा ही समाज को जोड़ने का काम किया है और ऐसे आयोजनों से समाज को नई दिशा और दशा मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के हित में काम करने वाले आशु शर्मा, सुमित प्रधान महादेव, महेश शर्मा, पुष्पेन्द्र शर्मा, रविदत्त शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा पार्षद, सुमित शर्मा पार्षद, सुमित मिश्रा पार्षद, भरत शर्मा पार्षद पति, अरविन्द शर्मा, विशाल कौशिक, सुभाष शर्मा, हरीशचंद शर्मा, डॉ0 गलेन्द्र शर्मा, अंकित शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, प्रभात शर्मा, दीपक शर्मा, शशि कौशिक, ममता दीक्षित, रेखा शर्मा, राजरानी शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में सुरेशचंद शर्मा, अरविन्द शर्मा, रजनीश शर्मा, विनय शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, विमल शर्मा, ब्रजेश शर्मा, पवन शर्मा, प्राची शर्मा, हिमा गौड़ कौशिक का विशेष योगदान रहा।

## सेई नहर में ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी



**● मकर संक्रांति पर नहाते समय हो गया था लापता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)-** एट थाना क्षेत्र में स्थित सेई नहर से एक ग्रामीण का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लखन बहेलिया (45) पुत्र मलखान निवासी ग्राम ढूढ़ी, थाना एरच जिला झांसी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि लखन चार दिन पहले मकर संक्रांति के दिन नहर में स्नान करने गया था लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटा।

जानकारी के अनुसार 14 जनवरी की सुबह लखन बहेलिया एट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सेई नहर पर नहाने पहुंचा था। स्नान के दौरान वह नहर से बाहर नहीं निकल सका। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कई दिनों तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह घटनास्थल से लगभग ढाई सौ मीटर दूर नहर में एक शव उतराता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची एट थाना पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। पहचान की पुष्टि होते ही परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, नहर में नहाने के समय लखन ने शराब का सेवन किया हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में संतुलन बिगड़ने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एट कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सडक हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**हमीरपुरः-** बीते बारह जनवरी को देर शाम खेत में पानी लगाकर वापस घर लौट रहे किसान को मुंडेरा मार्ग में पचखुरा खुर्द की गौशाला के पास तेज रफ्तार लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इस घटना में किसान गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसका कानपुर में उपचार चल रहा था। शनिवार को देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को शव गांव लाया गया। पचखुरा खुर्द निवासी सुरेश कुमार 46 वर्ष गत 12 जनवरी को देर शाम खेत में पानी लगाकर घर वापस लौट रहा था। मुंडेरा मार्ग में गौशाला के समीप तेज रफ्तार लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी थी और भाग निकला था। इस घटना में सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हुआ था। इसको परिजनों ने गंभीर हालत में इलाज के लिए कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार को देर शाम इसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी मिथलेश कुमारी, पुत्र धीरज, धीरेंद्र, पुत्री रीति को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक के छोटे भाई पप्पू ने बताया कि उसके हिस्से में करीब दो बीघे खेती योग्य जमीन थी। वह खेती-बड़ी करने के साथ मनरेगा योजना में मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

## अहंकार व्यक्ति का समूल नाश कर देता है- कथा व्यास योगेश महाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हमीरपुर :-** सुमेरपुर विकासखण्ड के छानी बुजुर्ग के बड़ी देवी मंदिर परिसर में आयोजित भागवत कथा में ,कथा व्यास योगेश महाराज ने रविवार के दिन जड़ भरत ,भक्त प्रह्लाद और सती विवाह की अत्यंत की मार्मिक कथा सुनाई। भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि प्रह्लाद पिता हिरण्यकश्यप अत्यंत ही महत्वाकांक्षी और नास्तिक थे ,लेकिन इसके विपरीत उसकी माता कयाधु उतनी ही धार्मिक और भगवान की भक्ति के प्रति समर्पित थी ,लेकिन वह अपना पति धर्म पालन करने की वजह से उसके विरुद्ध नहीं जाती थी।कहा कि माता के संस्कारों एवं ऋषि मुछुन्दा के आश्रम में जन्म होने की वजह से प्रह्लाद की भगवान में अटूट श्रद्धा थी।पिता की अनेकों यातनाओं के बाद भी प्रह्लाद की ईश्वर के प्रति श्रद्धा नगीन डिगी और उनके अटूट विश्वास के कारण ही नारायण को नरसिंह के रूप में स्तंभ तोड़कर आना पड़ा।कथा व्यास ने संदेश देते हुए कहा कि अगर भक्त प्रह्लाद की तहर सच्ची ईश्वर भक्ति और सच्चा विश्वास हो तो भगवान अवश्य मिलते हैं और इसी प्रकार अगर हम किसी लक्ष्य को पाने के लिए पूरी लगन से जुट जाएं तो हमें वह लक्ष्य जरूर मिलता है।वहीं यह संदेश भी दिया कि व्यक्ति का अहंकार ही उसका सबसे बड़ा शत्रु होता है ,और यह अहंकार उसका वैसे ही नाश कर देता है जैसे हिरण्यकश्यप का हुआ था।वहीं सती और शिव विवाह की रोचक कथा सुन महिलाएं और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।सती और भगवान शिव के विग्रह में सजी किशोरियों ने विवाह का अभिनय किया और शिव बारात का दृष्टांत सुनकर लोगों ने खूब आनन्द उठाया।